डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 09 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-326, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



अगले 20 वर्ष में मंगल में बसाएंगे शहर...

संसेक्स
81,183.93 ▲ -1,017.23

डॉलर
83.985 ▲ -0.009

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,610
01 किलो 82,620

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# उत्पाद सिपाही दौड़ में मृतक के आश्रितों को नौकरी व एक करोड़ का मुआवजा मिले : वीडी राम

## प्राइवेट बस स्टैंड को बैरिया प्रखंड कार्यालय के निकट शिफ्ट कराने की पहल करेंगे

- आबादगंज व सुदना रेलवे क्रासिंग पर नई तकनीक से बनेगा ओवर ब्रिज, जाम से मिलेगी निजात
- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज
- सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सहित कई योजनाओं की समीक्षा करेंगे सांसद

**पलामू सांसद से विशेष बातचीत**



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम तेज-तर्रार राजनीतिज्ञ हैं। जिनकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में होती है। क्षेत्र के विकास के लिए वे सदैव चिंतित रहते हैं। पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर को राष्ट्रीय फलक पर रखने के लिए वह शहर के सौंदर्यीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, ब्रिज निर्माण, सिंचाई सुविधा समेत कई योजनाओं के लिए संघर्ष करते रहे हैं। संसदीय क्षेत्र में कई रोड का निर्माण और नेशनल हाईवे को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सांसद फिलहाल पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के विकास और सुंदरीकरण के लिए संकल्पित नजर आ रहे हैं। तीसरी बार सांसद बनने के बाद **राष्ट्रीय नवीन मेल** के **स्थानीय संपादक राणा अरुण सिंह** ने उनसे विशेष बातचीत की। इस दौरान सांसद ने पलामू व प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर की समस्याओं और भावी योजनाओं पर खुलकर बातचीत की। प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंशः

**सवाल : उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पर क्या कहेंगे?**

**जवाब :** उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा जल्दी में लिया गया निर्णय है। कभी भी गर्मी के दिनों में दौड़ नही कराई जाती है। कार्य के अनुरूप दक्षता निर्धारित की जानी चाहिए। 10 किलोमीटर की दौड़ कंक्रीट पर करना किसी भी तरह से उचित नहीं है। आनन-फानन में लिया गया निर्णय है। वे दौड़ के दौरान हुई मौत पर भावुक हो जाते हैं। चिंतित होकर बोलते हुए उनकी आंखे नम हो गईं। वे कहते हैं परिजनों को नौकरी और एक करोड़ रुपए मुआवजा मिलनी चाहिए। वे गंभीर होकर कहते हैं, जो लोग दौड़ के दौरान मृत हो गए उनका पोस्टमार्टम तक नहीं हुआ। विसरा रिजर्व नहीं रखा गया। ऐसे में क्या कहा जाए? यह मृत युवकों के परिजनों का अपमान है। इससे झारखंड का नाम बदनाम हुआ है। सरकार दबाव में है।

**सवाल : पलामू नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, यहां से सीआरपीएफ कैंप को हटाया जाना कितना उचित है?**

**जवाब :** गंभीरता से इस सवाल को सुनते हैं, फिर वह इस बिंदु पर स्पष्ट करते हैं कि उन्हें इसका एहसास है। होम सेक्रेटरी से इस बिंदु पर मिल चुके हैं। बात हुई है। होम सेक्रेटरी से बातचीत के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया है कि झारखंड में चुनाव होने वाले हैं। अगर संभव हो तो तब तक सीआरपीएफ को न हटाया जाए। उन्होंने कहा कि पलामू को नक्सल प्रभावित जिला की सूची से बाहर कर दिया गया। इसलिए उसमें ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता है।

**सवाल : मेदिनीनगर में जाम की स्थिति लगातार बनी रहती है। इससे निपटने के लिए क्या प्लान है?**

**जवाब :** शहरी क्षेत्र में दिन में नो एंट्री का पालन सख्ती से हो इसके लिए प्रशासन से बात करेंगे। प्राइवेट बस स्टैंड को बैरिया प्रखंड कार्यालय के निकट शिफ्ट करने के लिए भी वे प्रशासन से बात करेंगे। मुख्यालय के सभी रोड को दुरुस्त कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार के प्रायोजित योजनाओं विशेषकर सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सहित कई योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश देंगे।

**सवाल : प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में आबादगंज और सुदना रेलवे क्रॉसिंग पर सदैव जाम की स्थिति बनी रहती है? आए दिन यहां दुर्घटना होती है! ऐसे में क्या यहां ओवर ब्रिज बनाने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है?**

**जवाब :** यहां के लोगों को परेशानी होती है, इससे सहमत हूं। इस विषय को देख रहा हूं। मगर जगह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सड़क हादसे में दो की मौत व पांच घायल

**हजारीबाग।** हजारीबाग-गया मार्ग पर रविवार को चौपारण की दनुआ घाटी में एक-एक कर पांच गाड़ियों की भीषण भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में छह लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक एक अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो को टक्कर मारी। इसके बाद टेंपो एक खाई में जा गिरी। इसी दौरान ट्रक के पीछे से आ रही एक स्विफ्ट कार भी हादसे की चपेट में आ गई। यह की ट्रक से टकरा गई। तभी पीछे से आ रही एक दूसरे ट्रक ने कार को टक्कर मारा। इसके अलावा एक मिनी ट्रक भी इन वाहनों से टकरा गया। इस तरह एक-एक कार पांच गाड़ियां हादसे की शिकार हुईं। ट्रक की टक्कर के बाद टेंपो 40 फुट गहरी खाई में गिर गया। टेंपो में सवार लोग धर्मसभा में शामिल होने चतरा जिले के तुलबुल करमा से शोभ बाराचट्टी बिहार जा रहे थे। टेंपो पर सवार सात लोगों में से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोगों की हालत गंभीर है। वहीं हादसे की शिकार हुई कार में चार लोग सवार थे। वो हजारीबाग से वापस डोभी बिहार लौट रहे थे। हादसे में कार चालक घायल हो गया। वहीं अन्य तीन को मामूली चोटें आईं हैं। घायलों को अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में तीन लोगों की हालत गंभीर है।

### झारखंड का कोई भी कोना नहीं, जहां शहीदों के नाम सुनने को ना मिले

# शहीदों के आदर्श पर चल झारखंड को दे रहे नई दिशा : मुख्यमंत्री

- गुवा गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, वनाधिकार पट्टे की दी सौगात
- 1253 दावेदारों के बीच कुल 1336.4 एकड़ वनाधिकार पट्टा दिया गया



**पश्चिमी सिंहभूम।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा गोलीकांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास कार्यक्रम में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने 60 समूहों और व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टे का वितरण किया। प्रतीकात्मक रूप से सात सामुदायिक वनाधिकार पट्टे का वितरण किया गया। यह वन पट्टा मंझारी और हाटगाम्हरिया के लोगों के बीच वितरित किया गया। वनाधिकार पट्टा के 1253 दावेदारों के बीच कुल 1336.4 एकड़ वनाधिकार पट्टा दिया गया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड हमेशा से वीरों की धरती रही है। झारखंड का कोई भी ऐसा कोना नहीं है, जहां से वीर शहीदों के नाम आपको सुनने को ना मिले। चाहे अन्याय-शोषण-जुल्म के खिलाफ लड़ाई हो या फिर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जंग। हमारे आदिवासियों-मूलवासियों ने हमेशा संघर्ष किया। उन्होंने किसी के सामने कभी झुकना नहीं सीखा। इन्होंने अपने मान-सम्मान और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। भले ही इसके लिए अपनी कुबार्नी ही क्यों ना देनी पड़े। यही वजह है कि इतिहास के पन्नों में हमारे कई वीर शहीदों के नाम दर्ज है तो कई आज भी गुमनाम है। हमने हमें अपने सभी वीर शहीदों पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी मूल वासियों के रगों में जो खून दौड़ रहा है, वह जब उफान लेता है तो अपने हक और अधिकार के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देता है। जितना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दौड़ के लिए हेमंत ने मौसम भी नहीं देखा और ले ली 16 नौजवानों की जान

# नौजवानों की मौत हादसा नहीं, हत्या : शिवराज

- चुनाव नजदीक देखकर धड़ाधड़ खोखली घोषणाएं कर रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन
- कानून व्यवस्था, अवैध घुसपैठ, बदलते डेमोग्राफी को लेकर यात्रा निकालेगी भाजपा




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दो दिन पहले आशंका जताई थी कि सिपाही भर्ती दौड़ में युवाओं की जान कहीं भाजपा द्वारा जबरन लगाई गई कोरोना वैक्सीन के कारण तो नहीं हुई। रविवार को इसका करारा जवाब देते हुए भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं की हत्या का आरोप लगाया। कहा, जिस गठबंधन सरकार ने पांच साल में कुछ नहीं किया, अब चुनाव सामने देख धड़ाधड़ खोखली घोषणाएं कर रही है। चुनाव के समय नौकरी और भर्ती का भ्रम फैलाने के लिए रोज-रोज घोषणाएं की जा रही है। सिपाही भर्ती में ये भी नहीं देखा कि किस मौसम में दौड़ करा रहे हैं। सीएम की हड़बड़ी के कारण इस दौड़ में 16 नौजवानों की जिंदगियां चली गईं। उन्होंने कहा कि ये हादसा नहीं, हत्या है। ये ऐसा अपराध है जिसके लिए जनता माफ नहीं कर सकती। ये दौड़ कोई नौजवानों को रोजगार देने के लिए नहीं है, बल्कि वोट के लिए कराया जा रहा है। इसलिए ऐसे मौसम में जो युवाओं के लिए जानलेवा साबित हुआ बेरोजगारों को 10-10 किलोमीटर दौड़ा रहे हैं। शिवराज ने कहा कि भर्ती केंद्रों में अव्यवस्थाओं का आलम ये था कि ना पीने का पानी, न छांव का इंतजाम, बीमार हो तो ना इलाज की व्यवस्था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री और गठबंधन के दांव अब नहीं चलने वाले। लोग भयानक भ्रष्टाचार भूले नहीं है। जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है लेकिन भाजपा भी भ्रष्टाचार और बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, माता-बहनों का अपमान, अवैध घुसपैठ, बदल रही डेमोग्राफी के मुद्दों को लेकर यात्रा के रूप में जनता के बीच में जाएगी।

### पीएम आवास के लिए 1,13,195 करोड़ जारी करेंगे

शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 15 तारीख को झारखंड आ रहे हैं। झारखंड बनाया अटल ने, भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में झारखंड के विकास के लिए केंद्र सरकार हर संभव प्रयत्न कर रही है। प्रधानमंत्री वंदे भारत ट्रेन की सौगात के साथ ही देशभर के गरीबों को प्रधानमंत्री आवास की पहली किस्त के रूप में 01 लाख 13 हजार 195 करोड़ रुपये भी उनके खाते में डालेंगे।

## आज | कल

**तीसरी आंख**




# भारत में आया मंकीपॉक्स का पहला संदिग्ध मामला

**नई दिल्ली।** भारत में घातक एवं संक्रामक रोग मंकीपॉक्स का पहला संभावित मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में रविवार को जानकारी दी है। मंत्रालय का कहना है कि जांच जारी है और चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय का कहना है कि हाल ही में विदेश यात्रा से लौटे युवा पुरुष रोगी की पहचान एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) के संदिग्ध मरीज के तौर पर हुई है। रोगी को एक निर्दिष्ट अस्पताल में अलग रखा गया है और वर्तमान में उसकी हालत स्थिर है। वह ऐसे देश की यात्रा करके आया है जहां मंकीपॉक्स के मामले पाए गए हैं। एमपॉक्स की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए रोगी के नमूनों का परीक्षण किया जा रहा है। मामले को स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रबंधित किया जा रहा है और संभावित स्रोतों की पहचान करने और देश के भीतर प्रभाव का आकलन करने के लिए संपर्क ट्रेसिंग जारी है। मंत्रालय के अनुसार इस मामले का विकास एनसीडीसी द्वारा किए गए पहले के जोखिम मूल्यांकन के अनुरूप है और किसी भी अनावश्यक चिंता का कोई कारण नहीं है। देश इस तरह के अलग-अलग यात्रा से संबंधित मामलों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और किसी भी संभावित जोखिम को प्रबंधित करने और कम करने के लिए मजबूत उपाय किए गए हैं।

# पाकिस्तान आतंकवाद प्रायोजित करना बंद करे, तो भारत बातचीत को तैयार : राजनाथ

- पाकिस्तान पीओके के लोगों को विदेशी कहता है, हम उन्हें अपना नागरिक मानते हैं
- कश्मीर में आतंकवाद की चपेट में आने वालों में 85 प्रतिशत लोग मुसलमान थे



**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान सरकार पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लोगों को 'विदेशी' कहती है, जबकि भारत उन्हें अपना नागरिक मानता है। जम्मू संभाग के रामबन जिले में एक चुनावी रैली के दौरान राजनाथ सिंह ने भाजपा-पीडीपी गठबंधन सरकार का जिक्र करते हुए कहा, महबूबा के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान, हमने नाबालिगों और निर्दोष लोगों के खिलाफ मामले वापस ले लिए थे। लेकिन समस्या यह थी कि पीडीपी अलगाववादियों के प्रति सहानुभूति रखती थी। मैं हमेशा उनसे जमीनी हालात को नियंत्रण में लाने के लिए कहता था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सकीं। जम्मू-कश्मीर के लोग भारत के स्वतंत्र नागरिक हैं और उन्हें शांति तथा समृद्धि का अधिकार है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद कर देगा, तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की चपेट में आने वालों में 85 प्रतिशत मुसलमान थे। कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं आम बात थी। क्या आतंकवादी घटनाओं में सिर्फ हिंदू मारे जा रहे थे? मैं गृह मंत्री रह चुका हूं और मुझे पता है कि आतंकवादी घटनाओं में सबसे अधिक मुसलमानों की जान गई। राजनाथ सिंह ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# धार्मिक कट्टरता का टकराव खतरनाक संकेत



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड हो या देश का कोई भी भाग जातीय और धार्मिक वर्चस्व की लड़ाई पर राजनीति के संकेत चिंताजनक हैं। सोशल मीडिया पर बेरोकटोक देखे जा रहे कंटेंट, यूट्यूब और इंस्टाग्राम के लाखों कार्यक्रम जातीय और धार्मिक कट्टरता को और बढ़ा रहे हैं। गृह मंत्रालय ने कुछ वर्षों पूर्व 'भारत में कट्टरता की स्थिति' पर अपनी तरह के पहले शोध अध्ययन को मंजूरी दे दी थी, जिसके माध्यम से कानूनी रूप से 'कट्टरता' को परिभाषित करने का प्रयास किया जाना था ताकि उसी आधार पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 में संशोधन किया जा सके। यह अध्ययन पूर्णतः धर्मनिरपेक्ष होना था और इसमें किसी भी प्रकार के निष्कर्ष तक पहुंचने के लिये तथ्यों और रिपोर्ट को आधार के रूप में प्रयोग किया जाना था। क्योंकि भारत में 'कट्टरता' को कानूनी रूप से परिभाषित किए जाने की आवश्यकता थी, जिस कारण पुलिस और प्रशासन द्वारा इसके दुरुपयोग के आरोप लगते थे। इसके आधार पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम जैसे कानूनों में संशोधन की भूमिका बनी। नए आपराधिक कानून बीएनएस के लागू होने के बाद बहुत कम लोगों ने इसपर आपत्ति की है। 'कट्टरता' के किसी भी रूप से प्रभावित लोगों खासतौर पर युवाओं को कठिन-से-कठिन सजा देकर ही इस समस्या को हल नहीं किया जा सकता है, इस समस्या को हल करने के लिये समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करने तथा लोगों को एक मंच पर लाने की आवश्यकता है। इस कार्य के लिये सर्वप्रथम 'कट्टरता' को परिभाषित करना होगा। वैश्विक स्तर पर 'कट्टरता' की कोई सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत परिभाषा मौजूद नहीं है, जिसके कारण प्रत्येक व्यक्ति द्वारा इसे अलग-अलग संदर्भों में अलग-अलग ढंग से परिभाषित किया जाता है। मोटे तौर हम कट्टरता को ह्यसमाज में अतिवादी ढंग से कट्टरपंथी परिवर्तन लाने के विचार को आगे बढ़ाने और/अथवा उसका समर्थन करने के रूप में परिभाषित कर सकते हैं, जिसके लिये आवश्यकता पड़ने पर अलोकतांत्रिक माध्यमों का प्रयोग किया जाता है और जो किसी देश की लोकतांत्रिक कानून व्यवस्था के लिये खतरा पैदा कर सकता है।भारतीय संदर्भ में 'कट्टरता' एक रूप है, जिसे प्रायः हिंसक माध्यमों से नस्लीय, जातीय या राष्ट्रीय पहचान की रक्षा करने राजनीतिक व्याख्या और हिंसक माध्यमों से धार्मिक पहचान से जुड़ा हुआ है, दूसरा स्वरूप मुख्य रूप से पूंजीवादी विरोधी मांगों पर ध्यान केंद्रित करता है और सामाजिक विषमताओं के लिये उत्तरदायी राजनीतिक प्रणाली में परिवर्तन की बात करता है, और यह अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिये हिंसक साधनों का भी समर्थन करता है। इसमें अराजकतावादी, माओवादी और मार्क्सवादी-लेनिनवादी समूह शामिल हैं जो अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिये हिंसा का उपयोग करते हैं।संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी रिपोर्ट में केरल और कर्नाटक में इस्लामिक स्टेट (आइएस) और अलकायदा जैसे आतंकी संगठनों के सदस्यों की उपस्थिति को लेकर चिंता जाहिर की गई थी।लोकसभा को सौंपी गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में बताया गया था कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने तेलंगाना, केरल, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में इस्लामिक स्टेट की उपस्थिति से संबंधित मामले दर्ज किये गए थे और अब इन मामलों से झारखंड भी वंचित नहीं है।सरकार के निरंतर हस्तक्षेप के बावजूद भारत के कई राज्यों में लेफ्ट विंग अतिवाद की समस्या को अब तक समाप्त नहीं किया जा सका है। इन चुनौतियों से निपटने के लिये भारत को एक व्यापक नीति की आवश्यकता है, जिससे न केवल उन लोगों को बचाया जा सके जो कट्टरता के किसी रूप से प्रभावित हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी इस रास्ते पर जाने से रोका जा सके। इस नीति के तहत व्यक्ति, परिवार, धर्म और मनोविज्ञान जैसे पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए और इसके माध्यम से कट्टरता से प्रभावित किसी व्यक्ति के विश्वास में स्थायी परिवर्तन लाने का प्रयास होना चाहिए। झारखंड कुछ दशकों पूर्व एक शांतिप्रिय राज्य था ये अलग बात है कि सरकारी संरक्षण के अभाव में खनिज, प्राकृतिक संसाधनों के साथ श्रम शक्ति का शोषण बढ़ता ही जा रहा था जिस कारण टकराव बढ़ा और समाधान के नाम पर एक और भयादोहन शुरू हुआ। हाल के वर्षों में जातीय और धार्मिक पहचान के साथ कट्टरता से धार्मिक गोलबंदी खतरनाक स्तर तक बढ़ी है जिसे स्थानीय राजनीति से लेकर विदेशों तक से हवा दी जा रही है। अभी के मामूली टकराव खूनी संघर्ष या गृह युद्ध का रूप ले भारत का विकास अवरुद्ध कर दे उससे पहले इसे रोकना सभी की जिम्मेदारी है। राजधानी रांची से लेकर राज्य में पकड़े गए अतिवादी स्वयं सबूत हैं स्थिति संभालने के लिए धार्मिक और जातीय कट्टरपंथियों पर रोक लगे।



### दिउड़ी मंदिर विवाद मामला

# आज सीएम से मिलेंगे आदिवासी संगठन

- 1932 में आदिवासी जमीन चमरु पंडा के नाम कैसे चढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी संगठन से जुड़े माणिक सिंह सरदार ने रविवार को बताया कि दिउड़ी मंदिर विवाद को लेकर सोमवार को 10 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने का समय मिला है। उन्होंने बताया कि कल भी हमलोग सीएम से मिलने गए थे पर देर होने के कारण उनसे भेंट नहीं हो पाई।

उन्होंने बताया कि दिउड़ी ग्रामसभा के 15-20 लोग ग्राम प्रधान सुमित्रा मुंडा के नेतृत्व में सीएम से मिलकर अपनी बात रखेंगे। माणिक सिंह सरदार ने बताया कि वे खुद दिउड़ी के नहीं हैं पर जल-जंगल -जमीन के आंदोलनकर्ता के रूप में वार्ता में सम्मिलित रहेंगे। उनका कहना है कि ये मामला धार्मिक नहीं बल्कि भूमि विवाद से जुड़ा है। सीएनटी एक्ट 1908 का उल्लंघन कर तमाड़ के राजा ने किसी चमरु पंडा के नाम इस भूमि को हस्तांतरित किया गया था, जो सरासर गलत है। 1932 के खतियान में यही चढ़ा हुआ है जब यह पांचवीं अनुसूची की जमीन है जो किसी भी हालत में हस्तांतरित नहीं हो सकती। मालूम हो कि शनिवार को ही दिउड़ी के स्थानीय निवासी व अधिवक्ता ललित तहतो ने कहा था कि इसे जबरन मुद्दा बनाया जा रहा है और इसमें गांव के बाहर के लोग शामिल हैं। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के विरोध को महज दिखावा बताया था और कहा था कि गांव जो लोग मंदिर की देखरेख करते थे।

## एक नजर

### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले राजीव



**हैदरनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर हैदरनगर प्रखंड के कुकही पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार शर्मा मिले। उन्होंने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना जैसे कल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के प्रति शुभकामना दी। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि अबुआ आवास योजना अनियमितता पर रोक लगाने और पंचायत समिति सदस्य का मानदेय समय पर भुगतान कराने का आग्रह किया है। उन्होंने क्षेत्र की बिजली, सुखाड़ जैसी समस्याओं को रखा। मुख्यमंत्री ने उन्हें अविलंब निदान कराने का आश्वासन दिया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में रविवार को जपला छतरपुर मुख्य सड़क के गम्हर बिगहा मोड़ के समीप सड़क हादसे में बाइक पर सवार दो लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक ने देखने के बाद संतोष रजवार (45) नामक एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के सरगड़ा गांव निवासी संतोष राजवार 45 के रूप में की गई। वही घायल सत्यनारायण रजवार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के संढा गांव का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर संढा से जपला आ रहें थे, इसी क्रम में गम्हरबिगहा गांव के समीप टर्निंग पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में संतोष रजवार को सिर व चेहरे पर गंभीर चोट लगी थी, इस घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बेटियों की शादी कराने में जुटी राधा स्वामी संगठन, सस्ते दर पर उपलब्ध करायेगी ग्रॉसरी व वाहन

**राधा स्वामी संगठन झारखंड के 21 जिलों में विस्तार कर बेटियों को सुकन्या योजना के तहत शादी कराने की रणनीति बनाई है**



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** बिहार की राधा स्वामी संगठन झारखंड के 21 जिलों में विस्तार कर बेटियों को सुकन्या योजना के तहत शादी कराने की रणनीति बनाई है। रविवार को स्थानीय हाईस्कूल के समीप बैठक में हैदरनगर व मोहम्मदगंज के प्रखंड समन्वयक शशिकला कुमारी व कंचन कुमार ने बताया कि इस संगठन में बेटियों के नाम मात्र 201 रुपये से पंजीकरण कराने के बाद अगले नौ साल तक प्रतिवर्ष 21 रुपये प्रीमियम की अदायगी करना है। बच्ची का उम्र 21 होने पर एकमुश्त 51 हजार रुपये के चेक के अलावे डेढ़ लाख रुपये के फर्नीचर आदि सामग्री संगठन की ओर से दी जायेगी। यदि बच्ची की शादी करने में और विलंब हुआ तो यह राशि बढ़ती जायेगी। वहीं 1.51 लाख रुपये एकमुश्त कोई भी लाभुक अदायगी कर अगले तीन वर्ष में 10 लाख की लागत से 600 वर्ग फीट की निर्मित आवास पा सकते हैं। इसके अलावे एफएमसीजी योजना के तहत सस्ते दर पर पंचायत से लेकर वार्ड तक ग्रॉसरी सामग्री की भी बिक्री करने की योजना लाई है। दोपहिया या कोई भी वाहन इस संगठन से लेने पर लाभुक को संगठन की ओर से वाहन के मूल राशि में 30 फीसदी की छूट दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस संगठन को सक्रिय करने के लिये जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर समन्वयक की नियुक्ति की गई है। बैठक में साक्षरता मिशन के प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता, संजय कुमार मेहता, रामजय शर्मा, सुदर्शन यादव, संजय पाल, ललीता देवी, नवनीत पाठक, कृष्णा राम, अमोद सिंह सहित अन्य सदस्यों ने भाग लेकर प्रखंड स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम चलाने का सुझाव दिया है।

### उत्तर कोयल नहर में डूबने से युवक की मौत

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के कनौदा निवासी 19 वर्षीय राहुल चौहान की उत्तर कोयल नहर में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों के सूचना पर हैदरनगर पुलिस ने त्वरित कदम उठाते हुए शव को सिमरसोत गांव के समीप पानी से बाहर निकाला है। शव का शिनाख्त में ललन चौहान का 19 वर्षीय पुत्र राहुल चौहान के रुप में कर लिया गया है। पोस्मोर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## रेल अंडरपास सहित कई मांगों को लेकर दिया एक दिवसीय धरना

# मांग पूरी नहीं होने पर वृहत आंदोलन शुरू किया जायेगा : समिति





नवीन मेल संवाददाता

**उंटारी रोड।** सतबहिनी स्टेशन पर रेलवे उपभोक्ता समिति पलामू के द्वारा सतबहिनी स्टेशन पर ओवर ब्रिज बनाने तथा सासाराम इंटरसीटी ठहराव व पहले का दो गेट को बंद को चालू कराने को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता रेल उपभोक्ता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने की। रेल उपभोक्ता समिति पलामू के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनय चंद्रवंशी, ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि सभी का मांग जायज है। सतबहिनी के लोगों ने वर्षों से यह मांग करते आ रहे हैं। रेल प्रबंधक को अभी तक ओवरब्रिज बना देना चाहिए था। यह दुर्भाग्य है कि सत्ता में बैठे लोग और पदाधिकारी के लिए लापरवाही के कारण अभी तक सतबहिनी और सिगसिगी के दोनों स्टेशन पर ओवर ब्रिज नहीं बन पाया, जिसके कारण दर्जनों घटनाएं हो रही है। इससे लोगों की जान तक भी जा रही है। यहां का 20 वर्षों से जनप्रतिनिधि के रूप में सत्ता में बैठे हैं उनको यहां की जनता से कोई सरोकार नहीं है। वह भारत सरकार व स्थानीय सांसद से इस विषय को लेकर तत्काल सतबहिनी और सिगासिगी दोनों स्टेशनों पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराए की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर एक बड़ा जन आंदोलन होगा। इसका खामियाजा यहां के रेल प्रबंधक को भुगतना पड़ेगा। आने वाले दिनों में रेल चक्का जाम किया जाएगा। मौके पर अमर प्रसाद, अजय कुमार गुप्ता, राजकुमार सिंह, विनय चंद्रवंशी सहित रेल इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर जी भवन की बैठक में मिंटू अध्यक्ष व सचिव बने संतोष



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला महावीर जी भवन के प्रांगण में दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने को लेकर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर जी भवन की बैठक रविंद कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह की अध्यक्षता में हुई। संचालन श्रवण अग्रवाल ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व के आय और व्यय की जानकारी दी गई। तदपश्चात पूर्व की समिति को भंग कर नई दुर्गा पूजा समिती का गठन किया। सर्वसम्मति से सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर जी भवन के अध्यक्ष कुमार मनीष उर्फ मिंटू अग्रवाल को बनाया गया। सचिव संतोष गुप्ता को मनोनीत किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ मानने व पूजा पंडाल की भव्यता को बढ़ाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समिति के संरक्षक रविंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, दिनेश प्रसाद कश्यप, दीनानाथ सोनी, अजित अग्रवाल, श्रवन अग्रवाल, रामेश्वर राम, डॉ. मलय रॉय, अजय गुप्ता, वीरेंद्र सौंडिक, उदयनाथ विश्ववकर्मा, पप्पू सोनी, मंजय चौधरी,प्रकाश लाल अग्रवाल, जय प्रकाश तिवारी, घनश्याम विश्वकर्मा, रजनीश कश्यप को बनाया गया। उपाध्यक्ष कुमार छोटेलाल, संदीप सोनी, सह सचिव पंकज सोनी,गोविंदा सोनी कोषाध्यक्ष मोहन सोनी, सह कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, रौशन चौरसिया, मीडिया प्रभारी अमृत कांस्यकार, व्यवस्था प्रमुख हर्ष कुमार, पीयूष, आकाश, संतोष कांस्यकार, शशी विश्वकर्मा, अभिषेक कांस्यकर, पीयूष कांस्यकार व संतोष गुप्ता को बनाया गया।

## महिलाओं के उत्थान के लिए कार्ययोजना तैयार : विधायक



**संगठन में महिलाओं की भागीदारी अन्य दलों से अधिक**

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महिला प्रकोष्ठ के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत इकाई की बैठक बुद्धि बिगहा गांव में की गई। अध्यक्ष बबिता देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मुख्य रुप से शामिल थे। बैठक में पंचायत स्तरीय कमेटी को गांव-गांव में संगठन की मजबूती के लिए लगने का आह्वान किया। प्रखंड अध्यक्ष बबिता देवी ने कहा कि राकांपा का महिला प्रकोष्ठ इस प्रखंड में काफी मजबूत है। उन्होंने कहा कि पार्टी महिलाओं के उत्थान के लिए कई कार्य किये हैं। पार्टी के संगठन में महिलाओं की भागीदारी अन्य दलों से अधिक है। उन्होंने कहा कि विधायक कोटा से महिलाओं को भी लाभान्वित किया गया है। इससे महिलाओं का आत्म सम्मान बढ़ा है। 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह ने कहा कि संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सम्मान देने का काम किया है। इसे आगे बढ़ाने के लिए एक बार फिर अपने अपने इलाके में मजबूती के साथ काम करने की जरुरत है। मौके पर पश्चिमी पंचायत की सैकड़ों महिलाएं शामिल थी।

### युवा एक्टिविस्ट को जीएम ने दी रेलवे विकास की जानकारी

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक ने पलामू जिले के हैदरनगर निवासी युवा एक्टिविस्ट अंकु सिंह राणा को रेल विकास संबंधित जानकारी मांगे जाने पर जवाब दिया। उन्होंने तीन सितंबर को महाप्रबंधक सहित अन्य रेल अधिकारियों के अलावे रेलमंत्री को ट्वीट कर पूछा था कि बीडी रेल सेक्सन के हैदरनगर स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल है कि नहीं। साथ ही यहां हो रहे विकास कार्यों का गुणवत्ता खराब रहने की जानकारी दी थी। उनके सवालों के आलोक में महाप्रबंधक के निर्देश पर डीडीयू वरीय मंडल अभियंता ने जवाब दिया है कि अमृत भारत योजना के तहत हैदरनगर रेलवे स्टेशन शामिल है। इस स्टेशन पर छह मीटर चौड़ा सकुर्लेटिंग फुट ओवर ब्रिज निर्माण के साथ ही पेयजल, यात्रियों को बैठने के समुचित बेंच निर्माण का कार्य चल रहा है। उन्होंने भरोसा दिया है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि इस स्टेशन पर विकास कार्य रुका नहीं है, बल्कि निरंतर चल रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### असैनिक पदों को उपसमाहर्ता के समकक्ष करने का विरोध जताया

**मोहम्मदगंज।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने असैनिक पदों को उपसमाहर्ता के समकक्ष करने के प्रति विरोध जताया है। संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी की आपातकालीन ऑनलाइन मीटिंग के बाद इसे लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। जिसे स्थानीय स्तर से मीडिया को उपलब्ध कराया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य कैबिनेट में पारित भारतीय प्रशासनिक सेवा (चयन द्वारा नियुक्ति) विनियम 1997 के अंतर्गत गैर राज्य असैनिक सेवा के पदों को उप समाहर्ता के पद की समकक्षता संबंधी अधिघोषणा से राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी आहत हैं। राज्य सरकार के इस निर्णय से संघ के पदाधिकारी में काफी रोष है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद भी झारखंड प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा का दर्जा देते हुए उसका पुनर्गठन कार्मिक विभाग द्वारा अब तक नहीं किया गया है। संघ सेवा का पुनर्गठन बिहार के मॉडल पर हू-ब-हू किए जाने का पुरजोर विरोध करती है। एक तरफ तो राज्य सरकार के द्वारा झारखंड प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा का दर्जा देकर अपग्रेड करने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा गैर राज्य असैनिक के पदों को उपसमाहर्ता पद के समकक्ष कर रही है। खून पसीना बहाकर राज्य सरकार की सेवा करने वाले झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों में सरकार के इस रवैया से काफी आक्रोश है। संघ यथाशीघ्र मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याओं को रखेगी। उनसे तत्काल समाधान का विश्वास रखती है। समस्याओं के तत्काल समाधान नहीं होने की स्थिति में संघ आंदोलनात्मक कार्य योजना तैयार करने को बाध्य हो जाएगी।

### पांकी चौकीदार संघ के अध्यक्ष बने मुमताज अंसारी



**पांकी।** पांकी थाना परिसर में रविवार को चौकीदार संघ की उदय पासवान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुराना संघ को भंग कर नए संगठन का गठन किया गया है। वहां सर्वसम्मति से चौकीदार संघ के अध्यक्ष मुमताज अंसारी को चुना गया। पूर्व संगठन के अध्यक्ष वाहिद मियां को सेवानिर्वित होने के बाद उनके सर्वसहमति से पुनः संघ गठन किया गया। इस दौरान चौकीदार संघ के अध्यक्ष मुमताज अंसारी ने कहा कि संगठन ने हम पर विश्वास जताकर जो जिम्मेवारी सौपी है, उस पर ईमानदारी पूर्वक काम करेंगे। संगठन की हर समस्या का निराकरण किया जाएगा। संगठन के प्रति हर सुख दुःख में शामिल रहेगें। मौके पर एसआई ओम प्रकाश साह, सिया राम राय, गोपाल राय, अनूप टोपनो, एएसआइ भोला राम,मुन्सी सुरेंद्र, चौकीदार मनोज कुमार पासवान, सुरेंद्र पासवान, सिकंदर राम, जनेश्वर मांझी, सरयू मांझी, झरी यादव, राजेश भुंया, बिरजू मांझी, संतु भुंया, विकेश पासवान, दीपनारायण उरांव, मनोज पासवान, सुरेश मांझी, मुकेश कुमार, सुखलाल, पिंटू कुमार,राकेश,श्रवण कुमार, राकेश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### समस्याओं का समाधान होगा : कमलेश सिंह




**हैदरनगर।** टोला गंज मोड़ से राजेंद्र तिवारी का घर होते सरफराज अंसारी के घर तक नाली की सफाई व मरम्मत कार्य का शिलान्यास विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर किया गया। कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह व 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह ने पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर कार्य शुरू कराया। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह एक-एक कर हर गांव और टोलों की मुलभूत समस्याओं का समाधान करने की दिशा में प्रयासरत हैं। इससे लोगों में उनके प्रति विश्वास बढ़ा है। नाली पूरी तरह जर्जर होने से सड़क पर पानी बह रहा था। सफाई के बाद मरम्मत से लोगों को इस समस्या से निजात मिल जायेगा। मौके पर एनसीपी के कार्यकर्ता, लाभुक और ग्रामीण शामिल थे।

### गणेश चतुर्थी पूजा उत्सव में दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

**हुसैनाबाद।** सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा अर्चना हुसैनाबाद शहर में धूमधाम से की गई। गणेश चतुर्थी के मौके पर शहर के हरिहर चौक के समीप स्थानीय युवाओं द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही धूमधाम के साथ पूजा अर्चना की गयी। गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बाजार और घरों में भी चहल-पहल बनी रही। मंदिरों और पंडालों में भी भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गयी। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर उनका दर्शन कर पूजा की। पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश पूजनोत्सव धूम-धाम के साथ मनाया गया। पूजा के दौरान भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, अभिषेक कुमार,सतीश कुमार,अमन कुमार, पेंटल कुमार,बॉबी कुमार, सूरज, बुचनो आदि मौजूद थे।

## मुख्य नहर में देवीधाम सहित अन्य गांवों के पास छठघाट बनाने की मांग

# मोहम्मदगंज और भजनियां को धर्मनगरी के रूप में विकसित करने की जरूरत पर बल

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक भीमचूल्हा के पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास के बाद अब मोहम्मदगंज और भजनियां को धर्मनगरी के रूप में विकसित करने की जरूरत बताया जाने लगा है। लोगों का कहना है कि दोनों ही गांवों में खासकर, शिव मंदिरों की बड़ी संख्या हो गई है। भीमचूल्हा के साथ ही भजनियां में भी भव्य शिव मंदिर है। इसके अलावा सिंचाई कॉलोनी, शिलापर, बीचलाडीह और नहर चौक के शिव मंदिर भी लोगों की आस्था के केंद्र हैं। रेलवे कैंपस की काली मंदिर और शिव चबूतरा भी सदैव भक्तों से गुलजार रहता है। मोहम्मदगंज और भजनियां के देवीधाम में सप्तमातृकाओं और मुख्य पथ पर ठाकुरबाड़ी व नागबाबा के विशाल मंदिरों की अलग पहचान है। स्थानीय देवीधाम में सप्तमातृका के साथ ही शिवलिंग, भगवान राम लक्ष्मण सीताराम, श्रीकृष्ण और संतोषी माता की मूर्तियां स्थापित हैं। अब स्थानीय स्टेशन रोड में पवनसुत हनुमानजी का मंदिर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही धार्मिक दृष्टिकोण से विभिन्न देवी-देवताओं के अन्य मंदिरों की श्रृंखला में एक और आयाम जुड़ जाएगा। जो इस पंचायत क्षेत्र में इकलौता हनुमानजी का मंदिर होगा। पास में ही गत वर्ष महादेव-विश्वकर्मा मंदिर के निर्माण के साथ पूजा-अर्चना होने लगी है। इससे प्राचीन गीता मंदिर के भग्नावशेष को पहचान मिल गई है।



देवीधाम



महादेव- विश्वकर्मा मंदिर

### सांसद व विधायक को पहल करने की जरूरत

देवीधाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नित्यानंद पाठक, कोषाध्यक्ष राघव सोनी के अलावा धर्मप्रेमी गौरीशंकर सिंह, हीरालाल शर्मा, बृजनारायण सिंह, सीडी राम, सच्चिदानंद सिंह, कामेश्वर सिंह, रुपेश कुमार सिंह, रविरंजन सिंह (उपमुखिया), राकेश कुमार सिंह, द्वारिका प्रसाद, शिवलाल, जगत लाल व रामजन्म राम सहित अन्य श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं की मंदिरों की श्रृंखला के मद्देनजर मोहम्मदगंज और भजनियां को धर्मनगरी के रूप में विकसित करने की जरूरत बताया है। उन्होंने धार्मिक न्यास बोर्ड को इस दिशा में पहल करने की बात कही है। इसके अलावा उन्होंने रिमॉडलिंग के साथ ही मुख्य नहर में स्थानीय देवीधाम सहित शिलापर, बीचलाडीह, किशुनडीह, पदारथडीह और इसके किनारे पर स्थित अन्य गांवों के पास छठघाट का विस्तार और निर्माण करने की मांग की है। उन्होंने देवीधाम और बीचलाडीह में नहर किनारे के अभी के छठघाट को व्रतियों की संख्या के अनुपात में संकीर्ण बताया है। उन्होंने इस दिशा सांसद और विधायक को पहल करने की जरूरत बताया है। जिससे मोहम्मदगंज की पर्यटक स्थल के साथ ही धार्मिक नगरी के रूप में पहचान बढेगी। इससे सैलानियों और श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण बढेगा। रोजी-रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# पुलिस को कंटेनर से कुचलने की कोशिश पांच गिरफ्तार, 43 गोवंश बरामद



**सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चेकिंग अभियान में लगी सदर थाना की पुलिस को रविवार को अहले सुबह एक कंटेनर से कुचलने की कोशिश की गई। इस घटना में पुलिस दल बाल-बाल बच गया। इसके बाद पीछा कर की गई कार्रवाई में चियांकी में हेरिटेज स्कूल के पास से पांच तस्करों को गिरफ्तार कर 43 गोवंश बरामद किया गया। सभी को रविवार दोपहर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार तस्करों में मंजूर अंसारी (35), साबिर अंसारी (30) दोनों सदपुर पाटन, अंसारी (42) एवं इम्तियाज अंसारी (30) दोनों बड़की पाल्हे पाटन एवं अब्दुल कादिर (42) गमहैत पाटन पलामू के निवासी हैं। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक क्षमता से अधिक गोवंशीय पशुओं को लोड कर रांची की तरफ तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना पर औरंगाबाद डालटनगंजन मुख्य मार्ग पर चेकिंग लगाई गई। इस दौरान सुबह करीब 4 बजे पड़वा की ओर से एक कंटेनर आते दिखाई दिया। कंटेनर को सशस्त्र बल की मदद से रोकने के लिए इशारा करने पर चालक गाड़ी को तेजी से चलाते हुए पुलिस बल को कुचलने का प्रयास करते हुए मेदिनीनगर की तरफ भागने लगा।

**पशुओं को क्रूरता पूर्वक ले जा रहे थे तस्कर**

सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने इस संबंध में बताया कि वरीय पदाधिकारी को सूचना देकर पीछा किया गया। हेरिटेज स्कूल के पास एक ट्रक को रोड पर तिरछा लगाकर सड़क बाधित करते हुए उस कंटेनर को पकड़ा गया। सर्च अभियान चलाने पर कंटेनर में क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाए जा रहे 47 गोवंशीय पशुओं को बंधे अवस्था में बरामद किया गया। सारे पशुओं को बाहर निकलने पर इनमें से चार की मौत हो गई थी, जबकि 43 जीवित पाए गए। साथ ही तस्करी कार्य में लगे पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मामला दर्ज कर सभी तस्करों को जेल भेज दिया गया है।

**मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल**

मेदिनीनगर नौडीहा बाजार थाना में अज्ञात अपराधियों द्वारा बिहार के औरंगाबाद जिले के टंडवा थाना निवासी स्व. जनेश्वर सिंह के पुत्र धर्मेंद्र सिंह ने मारपीट व और धमकी देने का आरोप लगाते हुए अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया था। अनुसंधान के क्रम में छह आरापियों को के विरूद्ध आरोप पत्र उच्च न्यायलय में समर्पित कर दिया गया था। एक आरोपी अमरजीत यादव फरार चल रहा था। पुलिस ने अमरजीत यादव उर्फ अमरजीत मंडल को भी बांके बाजार जिला गया से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार के बाद उसे न्यायलय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, पुअनि अशीष कुमार, पुअनि उदय प्रसाद यादव,आरक्षी नागेंद्र राम, पंकज कुमार सिंह व शस्त्र बल के जवान साथ थे।

## एक नजर

### गणेश चतुर्थी के अवसर पर कार्यक्रमों में शामिल हुए ज्योति पांडेय



**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता ज्योति पांडेय ने चैनपुर के हिंदू एकता मंच, किसान संघ, सिद्धिविनायक क्लब, के पूजा पंडाल में उपस्थित होकर भगवान गणेश का दर्शन आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ज्योति पाण्डेय जी ने कहा कि चैनपुर में सभी त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाए जाते हैं। यहां के युवा बहुत ही उत्साही और आस्था में विश्वास रखने वाले हैं विगत कई वर्षों से मुझे रामनवमी, दशहरा, छठ पूजा, में आप सभी युवा साथियों के माध्यम से यहां आने का अवसर मिलता रहा है। जिसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं। इस तरह के अवसर पर हम सब मिलते हैं और हमारे संबंध और मजबूत होते हैं सनातन धर्म, संस्कृति, पूजा पाठ, आस्था ही वह जड़े हैं जो हमें मजबूत बनाती है।इसके बदौलत ही हम लोगों की मदद ,अपने जीवन में सदाचार का पालन, और अच्छे कर्म कर पाते हैं।जब हमारी जड़े मजबूत रहेगी तो हमारा जीवन भी संतुलित रहेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि वह सभी के साथ मजबूती से जुड़े हुए हैं और सबके हर सुखझ दुख में आगे भी कदम से कदम मिलाकर चलने को तत्पर हैं।

## नरेश ठाकुर गोलीकांड मामले में न्याय नहीं मिलने के करण 20 को करेंगे आत्मदाह



**नवीन मेल संवाददाता**

**छत्तरपुर।** पिछले साल 24 दिसंबर को जपला रोड में नरेश ठाकुर को गोली मारकर हत्या मामले में 28 दिसंबर को मृतक नरेश की पत्नी मुन्नी देवी के द्वारा नामजद आवेदन देकर थाने में न्याय का गुहार लगाई थी। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि आठ महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस के द्वारा ना तो इस केस का उद्भेदन किया गया और ना ही किसी की गिरफ्तारी हुई। पुलिस के खराब रवैया और कानून के लचर व्यवस्था के कारण मुन्नी सहित उनके पूरा परिवार आत्मदाह करने को मजबूर है। मृतक के भाई उमेश ठाकुर ने बताया कि 20 सितंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पलामू में मृतक नरेश के पूरा परिवारआत्मदाह करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन के माध्यम से सूचना दे दी है।

## परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम मेयर अरुणा शंकर व वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद शंकर ने रेड़मा निवासी रविन्द्र तिवारी के परिजनों से रविवार को मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। शुक्रवार को रविन्द्र तिवारी का पारस अस्पताल में देर शाम निधन हो गया था। शनिवार को पंपूकल स्थित श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। दिवंगत रविन्द्र तिवारी(सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी) सामाजिक तौर पर काफी सक्रिय रहते थे। निगम की प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने रेड़मा स्थित उनके आवास पर पहुंच कर उनकी पत्नी व पुत्रों समेत पूरे परिवार को ढांढस बंधाया। कहा



कि हम सभी उनके दुःख में साथ खड़ा हैं। इस दौरान उक्त रास्ते की खराब स्थिति को देखते हुए अपने निजी कोष से दो हाईवा डस्ट गिराने का आदेश दिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, पंडित मुरारी, तिवारी, ददन तिवारी, आलोक तिवारी, अरविंद गुप्ता, रिंकू दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### समय पर खाद्यान का वितरण नहीं करने वाले डीलर पर कार्रवाई करें: उपायुक्त

**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में रविवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा किया। मुख्य रूप से निर्वाचन, मनरेगा, राजस्व, कृषि, आपूर्ति, अबुआ आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, राजस्व, भू-अर्जन, सड़क निर्माण आदि विभागों पर एक-एक कर प्राप्त रिपोर्ट और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति व आगे के कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्ड निर्माण व राशन वितरण की जानकारी लिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन राशन डीलर ने खाद्यान का वितरण ससमय नहीं किया है, वैसे राशन डीलर के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी वरीय पदाधिकारी विभिन्न प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान का ससमय औचक निरीक्षण करने और किसी भी डीलर के द्वारा राशन व धोती साड़ी लूंगी वितरण में अनियमितता बरते जाने, तय मात्रा में अनाज न देने, अनाज आवंटित होने के बावजूद राशन लाभुकों को वितरण नहीं करने पर संबंधित डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ व बीज वितरण अधिक से अधिक लाभुकों को दिलाने का निर्देश दिया। पीएम कुसुम योजना को लेकर भी उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया। जिससे जिले के किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सकें। अबुआ आवास योजना को लेकर उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जियो टैग करते हुए शत प्रतिशत स्वीकृत करने का निर्देश दिया। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने दाखिल खारिज, आवासीय व जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य की समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में दाखिल खारिज के मामलों को लेकर उपायुक्त ने 30 दिनों के अंदर मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जमीन मापी के लिए प्राप्त आवेदन का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, सदर एसडीओ विजय कुमार आदि सहित सभी बीडीओ, सीओ आदि उपस्थित थे।

### अभाविप के सदस्यों ने थामा झामुमो का दामन

**गढ़वा।** गढ़वा सहित विभिन्न जिलों के कई अभाविप कार्यकर्ताओं ने झामुमो का थामन थाम लिया है। गढ़वा निवासी सह अभाविप के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर गढ़वा, रांची, खूंटी, लातेहार, पलामू, पूर्वी सिंहभूम बोकारो जिले के सैकड़ों युवाओं को झामुमो की सदस्यता दिलाई। मौके पर राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री फागू बेसरा, राज्य सभा में झामुमो सांसद महुआ मांझी, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय और झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की उपस्थिति में उत्साही युवाओं को झामुमो में शामिल कराया गया। झामुमो में शामिल होने वालों में गढ़वा से प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी, पूर्व जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शुभेन्द्र दुबे, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पंकज चौबे, हरि ओम तिवारी, पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य व पूर्व पूर्णकालिक कार्यकर्ता किरण कुमारी, खेलो भारत के जिला संयोजक अंकित शुक्ला, नगर सह मंत्री श्रेया कुमार आदि शामिल हैं।

### कला अकादमी स्थापना की मांग को लेकर गुण शौर्य ने सांसद वीडी राम को मांग पत्र सौंपी

**गढ़वा।** गढ़वा के युवा चित्रकार पूरब शौर्य के नाम पर जिले में कला अकादमी की स्थापना करने की मांग लोगों ने सांसद विष्णुदयाल राम से की है। पूरब की बहन गुण शौर्य के नेतृत्व में रविवार को गढ़वा के युवाओं ने सांसद को मांगपत्र सौपा। वहीं इस पर अमल करने की मांग की। सांसद ने गढ़वा में कला अकादमी खोले जाने की आवश्यकता महसूस करते हुए इस मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया है। सांसद को मांग पत्र सौंपकर युवाओं ने कहा कि चित्रकार पूरब शौर्य उभरते हुए युवा कलाकार थे। इन्होंने अपने हाथों से लगभग पांच सौ लोगों का स्कैच व अन्य पेटिंग बनाया था। वह लोगों की तस्वीर बनाकर उपहार स्वरूप प्रदान करते थे। वह कला के प्रति समर्पित थे। विभिन्न संस्थानों ने पुरस्कृत भी किया गया था। उनका सपना कला शिक्षक बनना, गढ़वा में कला अकादमी की स्थापना करना था। ताकि गढ़वा के युवा अपने शहर में रहकर चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत कला, नृत्य कला समेत अन्य कला का शिक्षा ग्रहण कर सकें।

## बड़े पैमाने पर वाहनों का चलान काटने के बाद लोगों में नहीं हो रहा है सुधार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में लगातार चलाए जा रहे हैं सघन जांच अभियान के बावजूद लोगों में सुधार नहीं हो रहा। लोग धड़ल्ले से बिना हेलमेट पहने, ट्रिपल लोड तथा ट्रैफिक नियमों को तोड़ते नजर आते हैं। साथ ही यात्री वाहन नो पार्किंग जोन में खड़ा कर यात्री बैठाते हैं। पलामू एसपी रिश्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा लगातार वाहनों को ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालान काटते हुए जब्त किया जा रहा है। इस सप्ताह ट्रैफिक नियमों का अनुपालन न करने वाले 69 बाइक, नो एंट्री में आने वाले दो ट्रक तथा अलग-अलग कागजात न होने की वजह से 15 ऑटो को जब्त किया गया है। ट्रैफिक प्रभारी के अनुसार 2 सितंबर को 17100, 3 सितंबर को 45050, चार तथा 5 सितंबर को मिलाकर 56937 रुपए, 6 सितंबर को 37450 रुपए तथा 7 सितंबर को 43150 रुपए चालान के रूप में काटा गया। इस सप्ताह में करीब 2 लाख रुपए राजस्व के रूप में वसूले गए। शहर में आपको आराम से बाइक चलाते 18 वर्ष से काम के छात्र और किशोर दिख जाएंगे। इन पर विशेष तौर से नकेल कसने की आवश्यकता है। हैरत की बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर चालान काटने पर भी हेलमेट का प्रयोग नहीं करना तथा ट्रैफिक नियमों को तोड़ना समझ से बाहर है। पिछले महीने बड़े पैमाने पर लाइसेंस न होने, नो पार्किंग जोन में वहां खड़े करने तथा विभिन्न कागजात न होने के कारण बड़ी संख्या में ऑटो को जब्त किया गया था। अगर ढंग से जांच की जाए तो असंख्य ऑटो चालक के पास लाइसेंस नहीं है। जबकि कई वाहन के परमिट और पॉल्यूशन आदि कागजात भी फेल हो चुके हैं।

**ट्रैफिक नियमों का पालन करें : ट्रैफिक प्रभारी**

ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि फिलहाल ट्रैफिक पुलिस के पास 26 जवान हैं। जो विभिन्न चौक चौराहे पर तैनात हैं। उन्होंने यह माना कि सहायक पुलिस कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में समस्या आई है। हालांकि अब सहायक पुलिस के जवान हड़ताल से सरकार के आश्वासन के बाद लौट आए हैं। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

## दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में हर साल एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल एवं मूर्ति निर्माण कर स्थापित किया जाता है। जिले में सभी संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा रात दिन एक कर मेहनत एवं लगन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम बनाने की तैयारी एक माह पूर्व से ही शुरू हो जाती है। इसी क्रम में आज जय मां शेरावाली संघ भगलपुर के संयोजक दौलत सोनी और संरक्षक संत कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी गणमान्य व्यक्ति एवं संरक्षक सदस्य की उपस्थिति रही। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने को लेकर पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें लगातार आठवीं बार अध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार को मनोनीत किया गया। जबकि उपाध्यक्ष चंदन पासवान, चंदन गुप्ता, महिपाल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, सचिव विशाल गुप्ता, दीपक गुप्ता, राहुल कुशवाहा एवं मुख्य पुजारी को बनाया गया।

## विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रांची में सीपीआई ने भरा हुंकार :रूचिर तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन रांची के अटल टेंडर मार्केट में संपन्न हुआ जिसमें पलामू जिला के सैकड़ो कार्यकताओं ने जिला सचिव सह भावी डाल्टनगंज विस उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी के नेतृत्व में भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के महासचिव डी राजा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार सहित पार्टी के हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके पर भाजपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि झारखंड में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पूरी तरह मजबूती के साथ चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। कम्युनिस्ट पार्टी आम जनता के हितों एवं अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष करते आई है और हमारे संघर्ष ही हमारी पार्टी की पहचान है। और यह संघर्ष जो कार्यकताओं के अंदर भरा है आने वाला विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा पार्टी पूरे झारखंड में 20 से 25 सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। मौके पर गढ़वा के एटक नेता गणेश सिंह ने कहा कि पलामू प्रमंडल में कम्युनिस्ट पार्टी डाल्टनगंज विधानसभा सीट में सबसे मजबूत स्थिति में है। इस सीट के उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी पहले से ही चयनित उम्मीदवार है पार्टी मजबूती से इस सीट पर चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। मौके पर अभय कुमार भूइंया, उमेश सिंह चेरो, करीमन पासवान, फेंकन उरांव ,जीतन उरांव, गनौरी, राजेंद्र बैठा,पुरानचंद साव, लखन राम, विमल कुंवर, त्रिबली चौधरी,रामजी भूइंया, चंद्रशेखर तिवारी मृत्युंजय तिवारी नसीम राइन ,सोनू अहमद ,शाहिद सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## सारथी सामुदायिक पुलिस फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई कॉलोनी मैदान में सोमवार से शुरू सारथी सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट की मुख्य अतिथि एसपी रिष्मा रमेशन होंगी। जबकि विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो और पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल होंगे। इसकी जानकारी थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि पलामू पुलिस की ओर से आयोजित सारथी सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ में पहले दिन पहला मुकाबला मोहम्मदगंज और खरगड़ा (हैदरनगर) के बीच होगा।

## पेयजल संकट को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा चार सूत्री मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने नगर आयुक्त को चार सूत्री मांग पत्र सौंप कर नगर निगम क्षेत्र में पानी आपूर्ति में आ रही बाधा की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा कि नियमित पानी की आपूर्ति नहीं होने से शहरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पंपूकल में 25 अगस्त को एक मोटर जल गया था और एक मोटर पहले से खराब था। एक मोटर से पानी आपूर्ति किया जा रहा है, जिसके कारण प्रेशर से पानी नहीं जा रहा है। जहां भी पानी ढ़लान में है वहां कुछ आपूर्ति हो जा रहा है। सभी जगह टंकी से नहीं आपूर्ति किया जाता है। डायरेक्ट पंपिंग कर सप्लाई



किया जाता है, जिसके कारण लोगों को पानी आपूर्ति प्रेशर से नहीं मिल रहा है। इसे अविलंब मोटर बनवाकर चालू कराने की जरूरत है। 15 दिन से मोटर ठीक नहीं कराया गया है। विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। दोनों मोटर साथ में चलता है तभी प्रेशर बनता है और लोगों को काफी पानी मिल पाता है। अभी एक मोटर चल रहा है। सभी वार्डों में घूम कर देखने के बाद लगा कि पीएचईडी विभाग के द्वारा लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला स्कूल टंकी से पानी आपूर्ति किया जाता है, लेकिन जिला स्कूल का गेट खराब होने के कारण टंकी पर पानी नहीं चढ़ाया जा रहा है। जिला स्कूल का गेट 2 फरवरी को खराब हुआ है, लेकिन आज तक पीएचईडी विभाग के पदाधिकारी द्वारा गेट नहीं लगाया गया है। वहां भी पानी आपूर्ति सीधे किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों को सुबह में पानी नहीं मिलता। कभी 10:00 बजे तो दोपहर 12:00 बजे पानी खोलना जा रहा है। पानी खोलने का कोई टाइम ही नहीं है। जिसके कारण नगर निगम के लोगों को पानी आपूर्ति का इंतजार में रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जिला स्कूल का गेट जब तक नया नहीं आता पुराना गेट को टंकी के पास लगाकर टंकी को भरा जा सकता है। टंकी के पास बाईपास करने का भी व्यवस्था है। बाईपास से ही पानी खोलकर तब तक सप्लाई करने का आदेश करें, ताकि लोगों को सुबह में पानी आपूर्ति जिला स्कूल टंकी से मिल सके। पंपूकल 11000 कंट्रोल के लिए एक पावर ट्रांसफार्मर लगा है। तीन बार खराब हो चुका है। इसके बाद रांची से बन कर आ गया है। बावजूद बेकार में रख दिया गया है। उसमें कनेक्शन नहीं किया गया है। 1 साल होने जा रहा है रिचार्ज करने की आवश्यकता है।

**अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस** / **ज्ञान विज्ञान समिति राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के साथ अभियान शुरू किया**

## देश में 34 करोड़ लोग शब्द के दुनिया से वंचित: शिवशंकर

**एक करोड़ 50 लाख वॉलंटियर लोगों को शब्दों से लैश किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि अभी भी हमारे देश में 34 करोड़ लोग शब्द के दुनिया से वंचित है। 1990 में भारत ज्ञान विज्ञान समिति राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के साथ जुड़कर साक्षरता अभियान शुरू किया। इस अभियान में 15 करोड़ लोग साक्षरता केंद्र में आए। एक करोड़ 50 लाख वॉलंटियर लोगों को



शब्दों से लैश किया। इसमें हमारी संगठन की भूमिका निभाई। आज केंद्रीय सरकार का एजेंडा साक्षरता अभियान नहीं है। हमने संगठन की ओर से सतत शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया है। अब हम साक्षरता अभियान के इतिहास को याद करते है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की जड़ें 1965 में ईरान के तेहरान में आयोजित निरक्षरता उन्मूलन पर शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन से जुड़ी हैं। इस सम्मेलन ने वैश्विक स्तर पर साक्षरता को बढ़ावा देने के विचार को जन्म दिया। इसके बाद, यूनेस्को ने 1966 में अपने 14वें आम सम्मेलन के दौरान आधिकारिक तौर पर 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में घोषित किया। एक साल बाद, 8 सितंबर, 1967 को, दुनिया ने पहली बार इस खास दिन को मनाया, जिसने एक महत्वपूर्ण वैश्विक पालन की शुरूआत की। तब से लेकर अब तक हर साल नीति निर्माताओं, चिकित्सकों और जनता को अधिक साक्षर, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और टिकाऊ समाज बनाने के लिए साक्षरता के महत्व की याद दिलाने के लिए हर साल 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना। आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता' विषय के तहत किया जाएगा। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना: आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता' तय की गई है। उन्होंने कहा कि ज्ञान विज्ञान समिति अपने जन्म काल से ही शिक्षा और साक्षरता को लेकर एक बड़ा अभियान चलाया है और आने वाले दिन में भी इस विषय को लेकर आमजनों को आंदोलन करेंगे और संपूर्ण साक्षरता के लिए ज्ञान विज्ञान समिति के कार्यकर्ता अभियान चलाएंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार लोगों को शिक्षित करेंगे, ताकि लोग न केवल शिक्षित हो बल्कि उनका दृष्टिकोण भी वैज्ञानिक हो।

## पूर्व सांसद घूरन राम की उपस्थिति में सैकड़ों समर्थक भाजपा में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** राजकीय कृत उच्च विद्यालय के पीछे मसिहानी में बने छात्रावास के समीप पूर्व सांसद सह भाजपा नेता घूरन राम के समर्थकों ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित घूरन राम ने अपने सांसद रहते हुए किए गए कार्यों की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि एक सांसद का कार्यकाल 60 महीने का होता है, लेकिन हमें बहुत कम दिनों के लिए ही अपने क्षेत्र का सेवा का मौका मिला। फिर भी इस क्षेत्र के विकास के लिए वह एक-एक दिन को सदुपयोग कर इलाके को बेहतर



बनाने की दिशा में प्रयास किया। अपने लोग सस्ते किराया में रांची आसानी से पहुंच जाए इसलिए मैंने रांची चोपन सुपर फास्ट एक्सप्रेस चालू करवाने का काम किया। अपने कार्यकाल के दौरान बहुत से जनहित के मुद्दों पर ईमानदारी पूर्वक कार्य किया। अगर सांसद होता तो अब तक छतरपुर को रेलवे लाइन से जोड़ देता, जिससे कि लोगों को सुविधा मिलने के साथ-साथ लाखों लोगों को रोजगार भी मिल जाता। सदस्यता ग्रहण समारोह कार्यक्रम के दौरान छतरपुर मुखिया संघ के सचिव राजेश्वर राम, पूर्व मुखिया कमलेश राम, पंकज चंद्रवंशी, धर्मेंद्र कुमार रजक, सुरेंद्र यादव, कामेश्वर ठाकुर, समाजसेवी राजकुमार, पूर्व मुखिया प्रत्याशी अनीता देवी, विद्यासागर पासवान, मीना देवी, ममता देवी सहित बहुत से लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### दो पक्षों के बीच मारपीट में पांच घायल

**भवनाथपुर।** कर्पूरी चौक के समीप दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में कुल पांच लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष से भवनाथपुर विस के बसपा नेता पंकज कुमार चौबे, उनके पिता सुशील चौबे तथा दूसरे पक्ष के राहुल कुमार, मयकु बैठा एवं प्रवीण चंद्रवंशी का नाम शामिल है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने में एक दूसरे के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरे पक्ष के राहुल कुमार के स्विफ्ट डिजायर से पुलिस ने एक देशी कट्टा बरामद किया है। पहले पक्ष के बसपा नेता पंकज चौबे ने दिए आवेदन में जिक्र किया है कि शुक्रवार की रात खाला खुटिया से चुनावी दौरा कर भवनाथपुर वापस आ रहा थे। इस दौरान साथ चलने वाले कुछ वाहन पीछे रह गए। जिनका आने का इंतजार छ मईलवा कड़िया धाम के समीप कर रहा था। रात्रि के करीब 8 बजे एक तेज गति से आ रहे स्विफ्ट डिजायर वाहन उनके पर चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन किसी तरह वह बच गए। गाड़ी में सवार सिंघीताली निवासी राहुल बैठा, प्रवीण चंद्रवंशी तथा दो अज्ञात युवक गाड़ी के खिड़की से हाथ निकालकर पिस्टल दिखाने लगे तथा गाली गलौज किया। कहा कि आज बच गए। अगली बार नहीं बचोगे। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा आवेदन दिया गया है। प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से देशी कट्टा बरामद हुआ है। जांच किया जा रहा है।

## लातादाग गांव में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास

# गढ़वा जिला झारखंड में अव्वल बनेगा: मिथिलेश ठाकुर

**नीलांबर पितांबर विश्व विद्यालय के अन्तर्गत लातदाग गांव में आठवां डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास किया गया है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के लातदाग गांव में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास पेयजल एवं स्वच्छता तथा युवा संस्कृति खेलकूद मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजन कर किया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर मंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत किया। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि लगभग छतीस करोड़ रुपए की लागत से लगभग 37000 वर्ग फीट फ्लोर में बनने वाले चार मंजिला भवन गढ़वा जिला में अनुठा रहेगा। नीलांबर पितांबर विश्व विद्यालय के अन्तर्गत लातदाग गांव में आठवां डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास किया गया है। मंत्री ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से गढ़वा जिला झारखंड में अव्वल बनेगा। तीस साल तक जिस परिवार के लोग गढ़वा का विधायक थे वे सिर्फ जनता को अपना वोट का मशीन बनाया। सिर्फ अपना विकास किया। इतना ही नहीं सरकारी कालेज के बदले अपने परिवार के लोगों के नाम पर निजी कालेजों को खोलकर जनता को लुटने का काम किया है।जो खुद भ्रष्टाचार के आकंठ में डुबा है ओ दुसरों को भ्रष्टाचारी बोलते चल रहा है। इसी तरह दस वर्षों तक झूठ सांच बोल कर जनता को ठगने का काम किया है। जिस कारण गढ़वा विधानसभा क्षेत्र काफी पिछड़ गया था। इस बार वैसे नौटंकी करने वाले को चुनाव में इस बार जमानत जब्त करने का काम आप लोग करेंगे। इसके बाद मंत्री ने गोपाल राम, विजय मिश्र, उमाशंकर तिवारी, लक्ष्मी राम सहित सेवा निवृत्त एवं वर्तमान शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में भवन निर्माण विभाग के कार्य पालक भियंता प्रेमलाल सिंह, सहायक अभियंता जवाहर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में नामधारी कालेज के प्राचार्य विनोद पाठक,अनिल कुमार सिंह, तनवीर आलम, मुन्ना कुमार सिंह, प्रमुख दीपमाला कुमारी,मुखिया बेबी देवी गोस्वामी,प्रतिनिधि सुरेंद्र गोस्वामी, राजेंद्र प्रसाद, प्रेम चंद प्रसाद, मुन्ना राम,विजय सिंह, रविकांत दुबे, परशुराम कुशवाहा, विजय प्रसाद,ललनी यादव, प्रमोद गुप्ता,रीता देवी, मायावती देवी,गौरी देवी, अनिल टोप्पो,पंचम कुमार रजक, जगरनाथ यादव,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में वर्ग कक्ष का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में द्वितीय तल पर बने दो कमरों व शौचालय का उदघाटन नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार से गौरी गणेश, कलश, षोडशमात्रिका, नवग्रह, पंचलोकपाल, दसदिक्पाल आदि आवाहित देवता का पूजन व सत्यनारायण पूजन, व्रत कथा का पाठ किया। यजमान के रूप में विद्यालय के आचार्य अशोक कुमार और प्रदीप कुमार गुप्ता ने सम्पूर्ण विधि विधान से पूजन पूर्ण किया। उदघाटन समारोह में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सह सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, सदस्य अशोक सिंह, संजीव कुमार, सुनील चौबे, जिला संघचालक काशी महतो, पूर्व संघचालक विद्यासागर, अभिभावक दिलेश्वर सिंह, रविरंजन चौबे, मुन्ना कुमार, ध्रुव कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलायं उपस्थित थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पांडेय, नंदलाल पांडेय ,अविनाश कुमार, नीरज सिंह, प्रसून कुमार, सुजीत दुबे, सत्येंद्र प्रजापति, रूपेश कुमार, आरती श्रीवास्तव, प्रियम्बदा, नेहा द्वय, सलोनी,तन्वी जोशी की अहम भूमिका रही।

## बांसडीह कला गांव का डीलर निलंबित

**खबर का असर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड के बांसडीह कला गांव के डीलर रवि राम को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही रवि राम को पीडीएस दुकान से संबद्ध लाभुकों को खाद्यान्न वितरण के लिए अब रामादेवी महिला स्वयं सहायता समूह के साथ संबद्ध कर दिया गया है। जिला आपूर्ति विभाग के आदेश के बाद अब सितंबर माह से राशन परसोडीह गांव के डीलर रामा देवी के जनवितरण प्रणाली के दुकान से वितरण होगा। उल्लेखनीय है की बांसडीह कला गांव के डीलर रवि राम पर ग्रामीणों ने अंगुठा लगाकर राशन नहीं देने का आरोप लगाया था। इस खबर को राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के अनुशंसा पर डीलर रवि राम को निलंबित कर दिया गया है।

## सद्गुरू सदाफल देव की मनायी गयी 137वीं जयंती



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय प्रांगण में रविवार को ब्रह्म विद्या विहंगम योग समिति के द्वारा सद्गुरू सदाफल देव जी महराज की 137वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थागत प्रदेश के अन्न मंत्री उपेंद्रनाथ मिश्रा ने अखंड दीप प्रज्जवलित एवं सतगुरु सदाफल देव महाराज के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर किया। सत्संग कार्यक्रम का संचालन केतार प्रखंड प्रभारी नरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। जन्म जयंती के अवसर पर भजन के रूप में गुरु भाई बहनों ने आध्यात्मिक सोहर गीत भी गाये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्न मंत्री उपेंद्रनाथ मिश्रा ने कहा कि सदगुरू त्रिकालदर्शी होते हैं जो सभी चराचर जगत का स्वामी होते हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि स्वामी जी कहते थे कि ब्रह्म विद्या को पूर्ण रूप से जानता हूं। उन्होंने सतगुरु देव से संबंधित अनेक संस्मरण भी सुनाया। उन्होंने कहा कि आज विश्व के 56 देश में विहंगम योग का प्रचार प्रसार चल रहा है। इस मौके पर सरयू प्रसाद अग्रवाल, जवाहर दुबे, रामकिशोर प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद, संगीता देवी, विजय सिंह,सरोज देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व व वर्तमान विधायक को जनता सबक सिखायेगी: जयराम



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को लोकहित अधिकार पार्टी का प्रखंड स्तरीय बैठक की गई। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने सहित विधानसभा चुनाव की तैयारियां को लेकर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। अशोक पासवान को प्रखंड अध्यक्ष, रविन्द्र पासवान, प्रेमलाल गुप्ता, विष्णुदेव यादव, पुरूषोत्तम रजक, रोहित मेहता को सचिव चुना गया। वहीं बच्चू बैठा को सचिव, अखिलेश उरांव, विकास कुमार, योगेन्द्र बैठा को उप सचिव, बुचुन पासवान को संगठन मंत्री,अरूण गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। मौके पर लोकहित अधिकार पार्टी के नेता जयराम पासवान ने कहा की पूर्व और वर्तमान विधायक ने भवनाथपुर की जानता को ठगने का काम किया है। भवनाथपुर में पावर प्लांट और सीमेंट फैक्ट्री निर्माण का वादा भी फेल हो गया। आज क्षेत्र से मजदूरों का पलायन जारी है। अस्पताल में डॉक्टर नहीं है। उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में क्षेत्र में कोई भी काम नहीं हुआ है। इस बार की विधानसभा चुनाव में दोनों राजकुमारों को जानता सबक सिखाने के लिए तैयार है। मौके पर जिला अध्यक्ष राम भजन गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल पासवान, सचिव संजय वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**झामुमो छोड़कर दो सौ से अधिक लोगों ने थामा भाजपा का दामन**

## सत्ता के नशे में चूर हो चुके हैं मंत्री : सत्येन्द्रनाथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड क्षेत्र के हासनदाग पंचायत अंतर्गत अमवाटोली में दो सौ से अधिक झामुमो कार्यकताओं ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। सभी को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर शामिल कराया। मौके पर पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आतंक से क्षेत्र के लोग काफी परेशान और दहशत में है। मंत्री और उनके द्वारा पोषक सामंती गुर्गे के भय से लोग गलत का विरोध नही कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मेराल के एक चौधरी परिवार के व्यक्ति को मंत्री के गुर्गे के द्वारा बुरी तरह पिटाई कर दोनों हाथ तोड़ दिया गया। लेकिन उस मामलें में मंत्री ने आरोपी को सजा दिलाने के बजाए उसे केस से बचाने के प्रयास में लग गए है। उन्होंने कहा कि आखिर नथन चौधरी का कसूर क्या था। जिसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद जब लोगों ने उसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया, तो मंत्री ने चौधरी समाज और मेराल के व्यवसायियों पर लाठी चलवाने का काम किया था। यह बात किसी से छिपी हुई नही है। मंत्री के इस आतंक से खात्मा के लिए जनता अब चुनाव का इंतजार कर रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र को अपना जागिर समझ लिए है। वह गढ़वा को अपना गुलाम समझ बैठे है। मंत्री सत्ता के नशा में इस तरह से चूर हो गए है कि वह गढ़वा के आस्था का केन्द्र बिंदू मां गढ़देवी मंदिर के तोरण द्वार में भी अपना मां-पिता का नाम अंकित करा दिए। यह गढ़वावासियों के गाल पर करारा तमाजा है। शहर के व्यवसायी और आम लोग डर के कारण इसका खुलकर विरोध नही कर पाए। लोग मंत्री के दहशत के कारण सही को सही और गलत को गलत कहने का हिम्मत नही जुटा पा रहे है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अपने हाथ से सत्ता जाता देख प्रत्येक दिन तरह-तरह का घोषणा कर फिर से सत्ता पर काबिज होना चाहती है। लेकिन जनता इस बार हेमंत सरकार को सत्ता से बेदखल करने का मूड बना चुकी है। उन्होंने कहा कि मंत्री को घमंड हो गया है कि इस बार वे पैसे के बल पर जनता को दिग्भ्रमित कर लेंगे। लेकिन जनता उन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। मौके पर श्याम सुंदर विश्वकर्मा, कृष्णा मेहता, सूर्यदेव चौधरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**इन लागों ने थामा भाजपा का दामन**

भाजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से हासनदाग पंचायत के झामुमो युवा मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष विनय चौधरी, सचिव सकेन्द्र चौधरी दिलीप विश्वकर्मा, अंतू चौधरी, अखिलेश चौधरी, केतारू चौधरी, पूर्व मुखिया रामप्रवेश चंद्रवंशी, उपेन्द्र ठाकुर, कृष्णकांत चौधरी, मथुरा चौधरी, विजय चौधरी, मनोज बैठा, इंद्रदेव चौधरी, कमलेश चौधरी, उपेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, रमेश्वर चौधरी, ब्रहमदेव चौधरी, कामेश्वर चौधरी, महेन्द्र चौधरी, अंबिका चौधरी, वासुदेव चौधरी, सुनील चौधरी, सत्येन्द्र चौधरी, रामदेव चौधरी, रामवृक्ष चौधरी, राजबली चौधरी, पल्टन चौधरी, अर्जुन चौधरी, सुकन चौधरी, भनेश्वर चौधरी, शिवनाथ चौधरी, श्रवण चौधरी, भर्दुल विश्वकर्मा, प्रभा देवी, रजनी देवी सुशीला देवी, रंजु देवी, मानेदव चौधरी, फूल कुमारी देवी, गीता देवी, रतनी देवी, दुर्गावती देवी, पूनम देवी सहित अन्य लोगों का का नाम शामिल है।

**कार्यक्रम**

### सरकार आपके द्वार में प्राप्त 638 आवेदनों में 137 का तत्काल समाधान

# लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों को कार्यवाही के लिए सौंपा

**कार्यक्रम में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के सिसरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया स्वेता देवी, बीपीओ अंकित कुमार, प्रधान सहायक संजय सक्सेना और अंचल निरीक्षक मोजिब खान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकार की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं से अवगत कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना था।



कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन किए। शिविर में कुल 638 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 137 आवेदनों का त्वरित समाधान मौके पर ही किया गया। शेष लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेतर कार्यवाही के लिए सौंपा गया, ताकि उनका समाधान यथाशीघ्र किया जा सके। कार्यक्रम में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। उसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, राशन कार्ड, सावित्री बाईफुले योजना, पेंशन, पीएम आवास, अबुवा आवास, मोटेशन, केसीसी सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं थी। इस तरह के कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की पहुंच आसान होती है और जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से हो पाता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा और उनमें से कई को मौके पर ही निपटाया गया। शिविर में भाग लेने वाले अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय-समय पर ऐसे शिविरों में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान करें। मौके पर जीपीएस उमेश कुमार, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विनोद पासवान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, सचेत कुमार, मुसाफिर साह सहित सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित थे।

### करमा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**गढ़वा।** चिनिया अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के प्रखंड इकाई चिनिया की बैठक रविवार को चिनिया अन्हरीदाह टोला में की गई। बैठक के करमा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार ने की। इस अवसर पर कविता कुमारी, मंजू देवी, मुंद्रिका बैगा, विनोद सिंह, राजाराम सिंह, रामाधार सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, रामेश्वर सिंह, लखपति देवी, हरिमल सिंह, मुकेश सिंह, ?सत्यनारायण सिंह, रामबली सिंह , रामतिवारी सिंह आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों की उमड़ी भीड़

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के ग्राम पंचायत कधवन स्थित मध्य विद्यालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारभ प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, मुखिया फिरदौस अंसारी, प्रखंड कार्यालय प्रधान अनिल कुमार सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कुल 454 आवेदन प्राप्त हुये,जिसमे 75 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया,जब कि 379 आवेदन लंबित रहे। प्राप्त आवेदनों में अबुआ आवास योजना के 327 आवेदन,15वा वित्त का 1,मनरेगा के तहत नये कार्य के लिये 3 आवेदन, नया जॉबकार्ड के लिये 19, नया राशन कार्ड व संशोधन के लिये 25, सर्वजन पेंशन योजना के लिये 29 आवेदन,आधार पंजीकरण के लिये 3,मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिये 3, कल्याण विभाग से संबंधित 1 आवेदन प्राप्त हुये तथा 43 लोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया।कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य फते मोहम्मद, प्रभारी पंचायत सचिव विकास कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी,लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार,लिपिक मनोज कुमार ,वेद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार ने किया।

### आपके द्वार कार्यक्रम में 954 आवेदन मे 191 का निष्पादन

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी परिसर में रविवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप प्रमुख पिंटू टोपनो,मुखिया गायत्री देवी, समाज सेवी अनिल चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सहित 8कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए।शिविर में 954आवेदन मिले एवं 191का निष्पादन किया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना 489,अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना 113,मंईयां सम्मान योजना 70,पशु विकास योजना95,सर्वजन पेशन योजना 62,राशन कार्ड 18,श्रम विभाग33, सहित कई विभाग के आवेदन प्राप्त हुए। उप प्रमुख पिंटू टोपनो, मुखिया गायत्री देवी ने जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाओं को रोजगार के लिए 6लाख 50हजार का चेक एवं विद्यालय के68 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया। इस मौके पर कल्याण पदाधिकारी राजगीर राम, जेई विजय शंकर राय, श्रम मित्र नंदू राम, कौशल कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार,अशोक कुमार,चंदन कुमार, पंकज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मांगे पूरी नहीं होने पर 23 को प्रखंड कार्यालय का घेराव होगा: सुशील चौबे

**भवनाथपुर।** तुलसीदामर डोलोमाइट खादान में कार्यरत मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर इंटक (त्रिपाठी गुट) के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार चौबे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि 23 सितंबर तक उपायुक्त द्वारा मजदूरों की मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो प्रखंड कार्यालय का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उपायुक्त को सौंपे गए पत्र में बताया गया है कि सेल द्वारा खदान की गुणवत्ता को इस्पात उत्पादन के अनुकूल न बताते हुए इसे बंद करने का अनुरोध किया गया है, जिसे भ्रामक और तथ्यहीन बताया गया है। पत्र में खदान बंदी की प्रक्रिया पर रोक लगाने और मजदूरों की रेट्रिचमेंट प्रक्रिया में सुधार कर उन्हें उचित 'फूल एंड फाइनल सेटलमेंट' का लाभ दिलाने की मांग की गई है। इंटक के अध्यक्ष सुशील कुमार चौबे ने कहा कि अगर मजदूरों की मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो 23 सितंबर को प्रखंड कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को ले पुलिस ने जागरूक किया

**केतार।** सरकार के निर्देश पर पुलिस प्रशासन द्वारा बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में 10 सितम्बर को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर केतार के प्रभारी थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा केतार बाजार, पाचाडुमर, कामदरवा, परती, खैरवा सहित अन्य गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं पुलिस ने केतार बाजार सहित विभिन्न चौंक चौराहों और वाहनों पर पोस्टर चिपका कर अधिक से अधिक लोगों का जागरूक कर रही है वहीं ग्रामीणों को नजदीकी के शिकायत केन्द्र में जाकर शिकायत करने को कह रही है, ताकि उसका समाधान किया जा सके इस मौके पर एस आई आदित्य कुमार, वेंकेटेश प्रसाद सहित पुलिस बल थे।

### छात्रों ने मंदिर में चलाया सफाई अभियान



**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगराखाड़ स्थित कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर के नेतृत्व में छात्रों ने टाउनशिप के दुर्गा मंदिर परिसर का सफाई अभियान चलाया। प्राचार्य बृज किशोर ने कहा कि कल्याण गुरुकुल में प्रशिक्षण के आलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भाग छात्र लेते है। इसी के तहत आज दुर्गा मंदिर परिसर का सफाई अभियान चलाया गया। कहा कि हम सभी को मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखने को लेकर जागरूक होना होगा। इस मौके पर दूरदेशी भुइयां, ओम महतो, सिकेंद्र ओरन, दीपक यादव, ब्राह्मदेव सिंह, दशरथ सिंह, सतीश कुमार सिंह, शिव मंगल ओरन, विनय विशाल टोप्पो, राज कुमार ओरन सहित कई लोगो ने सफाई में योगदान दिया।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**भवनाथपुर।** मुख्य पथ के करमु होटल के समीप बाईक से जा रहे एक दंपती का साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में दुर्घटना में गर्भवती पत्नी लक्ष्मी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे घटना स्थल से अपने निजी कार से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक डॉ. एस कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है की मकरी गांव के धनगरडीहा टोला निवासी सुनील सिंह अपने गर्भवती पत्नी के साथ अपने बाईक से घर से बाजार भवनाथपुर निजी कार्य से आ रहा था। मुख्य बाजार के करमु होटल के पास एक साइकिल सवार अचानक सामने आ गया। जिससे बाईक अनियंत्रित होकर पलटने से महिला लक्ष्मी देवी घायल हो गई।

## एक नजर

### जरही व बीएन क्लब पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे सरदार वल्लभ भाई फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे राउंड के मैच में शनिवार की देर शाम दो मैच खेला गया। पहला मैच जरही बनाम लवाकुदर के बीच खेली गई। दोनों टीम निर्धारित समय तक बराबर पर रही। पेनाल्टी शूट में जरही ने 4-2 लवाकुदर को पराजित किया। दूसरा मैच बीएन क्लब गिद्धौर बनाम बंदरचुमा के बीच खेला गया। बीएन क्लब हेट मुहल्ला गिद्धौर की टीम ने बंदरचुमा को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मौके पर टूर्नामेंट प्रबंधक कमलेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### गणपति बप्पा के जयकारा के साथ भगवान श्री गणेश को दी गई विदाई



**चंदवा।** शहर समेत ग्रामीण इलाकों में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना जारी है। कई लोगों ने घरों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की है। स्थानीय पतंजलि आरोग्य केंद्र में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को विधि विधान से रविवार को विसर्जित कर दिया गया। रविवार की सुबह हवन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके पश्चात आरती के बाद गणपति बप्पा की जय जयकारा के साथ देवनद में प्रतिमा विसर्जित कर दी गई। मौके पर शशिकांत मिश्रा, हरिनन्दन दुबे, प्रमोद दुबे, मनोज दुबे, प्रवीण दुबे, पंकज दुबे, गौतम दुबे, अमृता दुबे, नीरा दुबे, सपना दुबे, पूजा दुबे, खुशबू दुबे, प्रिया दुबे, अंजली दुबे, अप्पू दुबे, वीरा दुबे, ओम दुबे, किशु दुबे समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं को सिर्फ छलने का कार्य किया है : हरिकृष्ण सिंह

**▸▸ बूथ स्तर की मजबूती के दम पर लड़े और जीते आगामी विधानसभा का चुनाव : प्रेम सिंह**



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** भाजपा मंडल की कार्यसमिति की बैठक शनिवार को स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मनिका विधानसभा प्रेम सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरिकृष्ण सिंह, जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, मंडल प्रभारी मुकेश पांडे, जिला मंत्री शंभू प्रसाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य भुवनेश्वर सिंह, आनन्द नाथ शाह, दिलीप कुमार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत उपरोक्त अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता एवं दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में महुआडांड़ मंडल महामन्त्री जमुना प्रसाद, सुनील जायसवाल, संजय राय, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ शाह, मोहन यादव, सिम्पल कुमार आदि समेत सभी पंचायत के पंचायत प्रभारी, पंचायत संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में अगामी कार्यक्रमों की चर्चा की गई साथ ही अगामी 8 और 9 सितंबर को बूथ स्तर पर बैठक किया जाएगा। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मनिका विधानसभा प्रेम सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव पार्टी बूथ स्तर के कार्यकर्त्ता के मजबूती और उनके दम पर लड़ेगी। इस लिए सभी कार्यकर्त्ता पदाधिकारी बूथ को मजबूत बनाते हुए चुनाव की तैयारी में जुट जाए। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार ने जिस प्रकार युवाओं को रोजगार के नाम पर छलने का कार्य किया है वो कतई बर्दाशत नहीं किया जाएगा। जिस प्रकार से उत्पाद सिपाही में कुल नियुक्ति का 3 फीसदी युवा की मृत्यु हो जाती है। जिसकी जिम्मेवारी राज्य सरकार की है। ऐसे में हेमंत सोरेन की सरकार को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को महुआडांड मंडल अध्यक्ष एवं कमेटी के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### महिला जूनियर ताइक्वांडो में भाग लेगी ढोढी मंधैनियां की बेटी



**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के ढोढी, मंधैनिया निवासी राजेंद्र प्रसाद वर्मा की पुत्री रुपाली राज वर्मा राष्ट्रीय महिला जुनियर ताइक्वांडो में चयनित की गई है। यह प्रतियोगिता यूपी के आगरा में नेशनल पब्लिक स्कूल में 8 सितंबर से 11 सितंबर तक आयोजित की गई है। जिसमें भाग लेने को लेकर रुपाली वर्मा आगरा पहुंच गई है। जहां झारखंड के तरफ से खेलेगी। इससे पहले रुपाली ने राज्य स्तर पर भी तइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी है। रुपाली वर्मा आरसी मिशन रेसिडेंशियल स्कूल हजारीबाग सातवीं कक्षा की छात्रा है। रुपाली अपनी कडी मेहनत के बदौलत गांव ही नहीं पूरे राज्य को गौरवान्वित करने के साथ अपने विद्यालय का नाम रौशन कर रही है।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 को अनुमंडल स्तरीय सेल का किया गया गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडाड़।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर 10 सितंबर को झारखंड के सभी 24 जिलों में पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महुआडाड़ अनुमंडल में होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए डी एसपी हिमांशु चंद्र मांझी ने मीडिया को बताया कि जनता की समस्या का तत्परता से समाधान करने के लिए 10 सितंबर को महुआडाड़ अनुमंडल के चार थाने जिसमें गारु, नेतरहाट, बारेसाढ़ व महुआडाड़ थानों का अनुमंडल एसडीपीओ कार्यालय स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण के लिए अनुमंडल स्तरीय विशेष सेल का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से शिकायतों का निवारण विभिन्न चरणों में किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में शिकायतकर्ता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, रहेंगे। कार्यक्रम में नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी या पुलिसकर्मी के विरुद्ध शिकायत मिलने पर शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा वरीय पदाधिकारी के माध्यम से उसका निवारण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लोगों को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम, जीरो एफआईआर, ऑनलाइन एफआईआर, डायल 112, डायल 1930 इत्यादि की जानकारी दी जाएगी। साथ ही संपत्ति मूलक अपराध, अपराधियों की सूचना, साइबर अपराध, नॉन बैंकिंग फाइनेंस, मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव के द्वारा अत्याधिक लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर ठगी से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## दुर्गा पूजा समिति का गठन पुष्पा अध्यक्ष, कलावती बनी सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को दुर्गा पूजा समिति निंद्रा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दुर्गा पूजा पंडाल को भव्यता प्रदान करने को लेकर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। साथ ही सर्वसम्मति से समिति का भी गठन किया गया। समिति ने इस वर्ष भी अनोखी पहल यथावत रखते हुए पूजा समिति की पूरी बागडोर मातृशक्ति के हाथों में सौंपी है। दुर्गा पूजा समिति की अध्यक्ष पुष्पा देवी, उपाध्यक्ष सुनीता देवी, सचिव कलावती देवी, उप सचिव रूणा देवी, कोषाध्यक्ष बिना देवी, सोनी देवी, आरती देवी, सरिता देवी को बनाया गया। वहीं महिला संरक्षक मंडली में मुखिया सुनीता खलखो, चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी शामिल की गई है। वहीं विधि व्यवस्था सुदृढ करने को लेकर पुरुष अध्यक्ष रोहित यादव, कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल यादव, मुकेश यादव, लाल किशोर यादव, संजय यादव को बनाया गया है। वहीं पुरुष संरक्षक मंडली में मनोहर यादव लखन मुंडा, शिवा टाना भगत, मंगल टाना भगत, रामचंद्र टाना भगत संतोष गंझू व आनंद गंझू समेत कुल 24 लोगों को शामिल किया गया। बैठक में डुमारो पंचायत अंतर्गत निंद्रा, काली, कुर्मी टोला, बैलगड़ा समेत कई गांवों ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### हेसातू दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने रंजीत



**मनिका।** प्रखंड अंतर्गत हेसातू गांव में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोगों ने दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर कमेटी बनाई गई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष रंजीत कुमार रंजन, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सचिव बिनोद सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार गुप्ता व संतोष कुमार गुप्ता, संरक्षक मुनि साव, युगल प्रसाद, गुप्ता सदस्य के तौर पर सीताराम सिंह, सुनिल सिंह, महावीर, सरयू प्रदेशी, रोहित, कामता, उपेंद्र, नवीन, संजय, जितेंद्र, राहुल व माना सिंह का नाम शामिल है।

### दुर्गा पूजा धूम-धाम से मनाने का निर्णय

**चंदवा।** दुर्गा मंडल रोल महुआमिलान पूजा समिति की बैठक रविवार को शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता लाल प्रतुल नाथ शाहदेव ने किया। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने व भव्यता प्रदान करने को लेकर कई निर्णय लिए गए। सर्वसम्मति से दुर्गा मंडल रोल महुआमिलान स्टेशन कमेटी का पुनर्गठन किया गया। कमेटी का अध्यक्ष पुनः भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लाल प्रतुल नाथ शाहदेव को बनाया गया है। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, सचिव आशीष कुमार सिंह उपाध्यक्ष रमेश साव, सतपाल सिंह, कौलेश्वर यादव, हरिवंश प्रजापति, रोहित शाहदेव, बलकु मुंडा व अशोक प्रजापति, उपसचिव शिवकुमार मुंडा, डब्लू प्रजापति कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष हेमंत चावड़ा व उमाशंकर सिंह को बनाया गया है। इसके अलावे मोहनलाल चावड़ा, सूर्यनाथ सिंह, विजय शंकर सिंह,अजीत शाहदेव, उदय मणि शाहदेव, कैलाश यादव व राजेन्द्र प्रसाद संरक्षक बनाये गए हैं। वहीं जतरा प्रमुख में वृक्ष भगत, संजय गुप्ता, विशुन रजवार कामेश्वर मुंडा, पूजा व्यवस्थापक में लखन प्रजापति व रूपेश प्रजापति, पंडाल व्यवस्था सूर्यनाथ सिंह, प्रसाद वितरण अभ्यास शाहदेव, नारायण प्रजापति को बनाया गया है। इसके अलावे दर्जनों लोगों को कार्यकारी सदस्य भी बनाया गया है।

### दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने रवि



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गाबाड़ी परिसर में रविवार को रामजी सिंह के अध्यक्षता में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक में 11 सालों से पूजा व्यवस्था करती आ रही समिति को ही पुनः इस बार भी मौका दिया है। बैठक में यह निर्णय लिया कि पिछले कई वर्षों से बालूमाथ मुख्य दुर्गा पूजा रवि सिंह के अध्यक्षता में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और हर्षो उल्लास के साथ पूजा संपन्न कराया जा रहा है। जिसको देखते हुए पुनः बालूमाथ मुख्य दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह सहित 50 सदस्यों द्वारा पूजा संपन्न करने का निर्णय दिया गया। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष रवि सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। व्यवस्था को लेकर अगली बैठक पूजा समिति का दुर्गाबाड़ी परिसर में बुधवार को बुलाई गई है। मौके पर रामजी सिंह, रामजतन तिवारी, रवि सिंह, रवि रजक, नीरज गुप्ता, संजय ओझा, भुनेश्वर साव, रंजय सिंह, सोनू सिंह विनोद साव, सुरेंद्र गुप्ता, नामेश्वर गुप्ता, कृष्णा यादव, अशोक साव, सुमित कुमार, रंजीत गुप्ता, अजीत कुमार, भूषण गुप्ता, दिलीप कुमार, विशेष कुमार, अखिलेश गंझु, लालदेव गंझू सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### सहारा इंडिया बैंक में जमा पैसा का भुगतान को लेकर बैठक 22 को



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के समीप रविवार को ईश्वरी पासवान के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सहारा इंडिया में जमा राशि के भुगतान को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। बताते चले कि सर्वोच्च्य न्यायालय द्वारा कार्यवाही की शाखा प्रबंधक चंदन कुमार द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। जिस मामले में अगली बैठक 22 सितंबर को रखा गया है। जिसमें मुख्य प्रबंधक उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में जमाकर्ताओं से कहा गया है कि आपलोग अपना-अपना पासबुक संग्रहकर्ता से मांग करेंगे। इस मौके पर समाज सेवी रामनाथ सिंह, मनोज यादव, लखन लाल, बीरबल प्रजापति, मो. जहूर मिंया, शंकर रवि, जमुना प्रजापति सहित कई लोग शामिल थे।

### रविदास महासभा के प्रखंड स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय



**बारियातू।** प्रखण्ड मुख्यल स्थित खेल स्टेडियम के प्रांगण में रविवार को रविदास महासभा के प्रखंड स्तरीय बैठक अजय कुमार राम की अध्यक्षता में की गई। पूर्व बैठक में गठित की गई प्रखण्ड के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संरक्षक एवं सभी सदस्यों के बीच बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रखण्ड के सभी पंचायतों में कमेटी गठन किया जायेगा। प्रथम बैठक 12 सितम्बर को फूलसु पंचायत में स्थान बिरोहर कलोनी स्कूल के समीप बैठक की जाएगी। अजय राम ने कहा कि हमारे समाज में एकता बिलकुल नहीं है तथा शिक्षा का भी काफी कमी देखने को मिल रहा है। जिसको लेकर हम सभी इस समाज के लोग पंचायत वार बैठक करने का निर्णय लिया है। बैठक कर सभी पिछड़े लोगों को जागरूक करना है। मौके पर अध्यक्ष अजय राम, उपाध्यक्ष भोला राम, सचिव सुनील राम, कोषाध्यक्ष मुकेश राम, मुख्य संरक्षक जितेंद्र कुमार रवि, मंदीप राम, अर्जुन राम, सुनील राम, पिन्टू कुमार रवि आदि उपस्थित थे।

## एकता में ही बल है, कदम सें कदम मिलाकर चलें : सोनू प्रजापति



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत ग्राम जबरा में झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की प्रखंड इकाई की बैठक पंचायत स्तरीय मासिक बैठक संदीप प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन नरेश प्रजापति ने किया। यह बैठक समाज को एक सूत्र में बांधने एवं सामाजिक कुरीतियों और शिक्षा को लेकर किया गया। बैठक में प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति ने कहा कि एकता में ही बल है। हम लोग एक रहेंगे नेक रहेंगे तो बड़ी से बड़ी ताकत भी हमारे आगे सिर झुकाएगा। हम लोगों को कदम से कदम मिलाकर संगठित को चलना है। हम सभी क्षेत्रों में अपने हक और अधिकार को संवैधानिक रूप से प्राप्त कर सकते हैं। प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति ने भी बैठक में बढ़ चढ़कर भाग लेकर समाज को आगे बढ़ाने पर बल दिया। प्रखंड कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति ने प्रजापति समाज का कैसे उत्थान हो उस पर विचार दिया तथा शिक्षा पर जोर दिया। कहा कि अपने-अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें क्योंकि शिक्षा आज के युग में बहुत बड़ा हथियार है। इस बैठक में फुलसू पंचायत अध्यक्ष बिनेश्वर प्रजापति ने भी अपना विचार एवं साथ में अन्य सदस्यों ने भी अपना विचार दिया। मौके पर गोविंद प्रजापति, अयोध्या प्रजापति, राजेश प्रजापति, डाक्टर रणधीर प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, रमेश प्रजापति, बसंत प्रजापति, नरेश प्रजापति, रितेश प्रजापति, धनेश्वर प्रजापति, अनोज प्रजापति, कुलदीप प्रजापति, बीरबल प्रजापति, विकास प्रजापति, प्रभु प्रजापति, छोटू प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, अखिलेश प्रजापति, कोलेश्वर प्रजापति, कोसल, सुबोध, रंजीत, आनंद, तिमान, कन्हाई, दिलीप, सोमर, मंटू, दीपक, चंदन सहित काफी संख्या में प्रजापति समाज के लोग उपस्थित थे।

**त्रिपक्षीय वार्ता के बाद ट्रक मालिकों का आंदोलन खत्म**

## वाहन मालिकों को मिलेगा बोर्ड का निर्धारित भाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** विभिन्न मांगों को लेकर पिछले एक सप्ताह से आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में ट्रक मालिकों का हड़ताल रविवार को हुई त्रिपक्षीय वार्ता के पश्चात समाप्त हो गई। जानकारी देते हुए संघ के पूर्व संयोजक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि आंदोलन पूरी तरह से सफल रहा है। ट्रांसपोर्टर वाहन मालिकों के मांगों को मानने के लिए मजबूर हुए हैं। जीएम अमरेश कुमार सिंह द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाई गई, जिनकी मौजूदगी में ट्रांसपोर्टरों तथा वाहन मालिकों के बीच घंटों मंथन के बाद आखिरकार तय हुआ कि नये डीओ में ट्रांसपोर्टरों द्वारा बोर्ड से निर्धारित भाड़ा दी जायेगी। वहीं वर्तमान में निर्धारित भाड़ा दर से प्रति टन पचास रुपए कम में वाहन मालिक कोयले की ढुलाई करेंगे। आपको बता दें पिछले दिनों सांसद व विधायक ने आंदोलनकारियों को अपना समर्थन दिया था। बताया जाता है कि विभिन्न ट्रांसपोर्टरों द्वारा कोयले की ढुलाई करवाकर भाड़ा हड़पने तथा भारी कटौती कर वाहन मालिकों को देने से आक्रोश की चिंगारी काफी दिनों से अंदर हीं अंदर सुलग रही थी।कई ट्रांसपोर्टर वाहन मालिकों को शोषण कर हीं मालामाल हो चुके हैं। वार्ता में पीओ मो.अकरम, डिस्पैच अधिकारी शशिकांत भारती, प्रकाश यादव, महेश वर्मा, रितेश सिंह , मुकेश यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने किया साड़ी का वितरण

**चंदवा।** करमा पर्व की तैयारी शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में शुरू हो गयी है। माताएं-बहने एक सप्ताह पूर्व से ही करमा पर्व की तैयारियों में जुटी हुई है। इधर प्रखंड अंतर्गत माल्हन पंचायत के मुखिया जतरू कुमार मुंडा व उनकी पत्नी ममता देवी ने देवनदिया ग्राम स्थित अखरा में कर्मा पूजा धूम-धाम से मनाने की तैयारी में जुटे, बच्चे-बच्चियों के बीच लालपाड़ साड़ी व धोती का वितरण किया। जतरू कुमार मुंडा ने कहा कि करमा पूजा आदिवासी बेटियों का मुख्य त्योहार है। यह त्योहार भाई बहन के बीच के अटूट प्रेम की गाथा है। धार्मिक मान्यता के साथ साथ प्रकृति के साथ आदिवासी समाज का परस्पर संबंध के प्रतीक का त्योहार भी है। मौके पर ग्राम प्रधान देवनदिया, कामेश्वर मुंडा, शिवआरती लोहार, पुष्पा कुमारी, अंजली कुमारी, अंजू कुमारी, फूल कुमारी, भूमिका कुमारी, संध्या कुमारी, रतन मुंडा, गोवर्धन मुंडा, छोटू मुंडा समेत कई लोग मौजूद थे।

## बारिश से संग्रामपुर कला से हिंदिया जाने वाला रास्ता टूटा, आवागमन बाधित

**▸▸ ग्रामीणों को हो रही परेशानी, विभागीय लापरवाही से बढ़ रही नाराजगी**

**▸▸ आंदोलन करने को बाध्य होंगे प्रभावित गांवों के कई ग्रामीण**



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र संग्रामपुर कला से हिंदिया गांव तक जाने वाला रास्ता लगातार बारिश होने के कारण पूरी तरह टूट गया है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ज्ञात हो यह क्षेत्र प्रतापपुर प्रखण्ड के बरूरा पंचायत के अंतर्गत आता है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। विभागीय स्तर पर किसी ने भी अभी तक इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया है। जिसके कारण ग्रामीणों में विभाग के प्रति लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। एक महीना पूर्व ग्रामीणों ने श्रमदान कर उक्त सड़क को आवागमन योग्य बनाया था लेकिन इस बार ज्यादा पानी आने के कारण सड़क पूरी तरह नदी में तब्दील हो गया। वहीं ग्रामीणों ने विवश हो कर आगामी विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का मन बना चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे चुनाव में वोट नहीं देंगे। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द रास्ता ठीक करने का मांग किया है। वहीं आगे उन्होंने कहा है कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रखण्ड से लेकर जिला तक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पंचायत समिति प्रतिनिधि राजेश यादव ने बताया कि पुष्पांजलि कंस्ट्रक्शन के द्वारा इस सड़क को बनवाया जा रहा था, लेकिन कोरोना काल से ही सड़क में काम बंद है। वहीं विभाग मुख दर्शक बना हुआ है। जिसमे कई गांव के ग्रामीणों की समस्या ज्यो का त्यों बनी हुई है। मौके पर अखिलेश साव, संजय यादव, प्रमोद कुमार, लालू यादव, प्रदीप कुमार, राजन कुमार, अमरेन्द्र यादव समेत कई ग्रामीणों ने विभाग के प्रति नाराजगी जताई है।

# केरल में भंडरा के मजदूर की मौत

## शव पहुंचते ही गांव में पसरा मातम



**भंडरा ।** थाना क्षेत्र के भैसमुंदो गांव निवासी रामनारायण सिंह का पुत्र पुरुषोत्तम सिंह 28 वर्ष का शव रविवार को केरल से भैसमुंदो लाया गया। इसके बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों व ग्रामीणों ने बताया की विगत 15 दिन पूर्व पुरुषोत्तम सिंह रोजी-रोजगार की तलाश में अपने किस्को प्रखंड के कुछ दोस्तों के साथ केरल गया हुआ था। वहां पुरुषोत्तम अपने दोस्तों के साथ एक किराए के मकान में रहकर पलाई बोर्ड बनाने की एक कंपनी में काम कर रहा था। जिसकी मौत पांच सितंबर को अपने किराए के मकान पर ही रात में हो गई। जिसे केरल गए स्थानीय ग्रामीण की मदद से फ्लाइट के माध्यम से रांची पहुंचाया गया। जहां रविवार को शव गांव पहुंचा। गांव में पुरषोत्तम सिंह का शव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया है। मुखिया परमेश्वर महली ने कहा की पुरषोत्तम सिंह की मौत संदेहास्पद बनी हुई है। केरल के स्थानीय प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# चार वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से स्थिति हुई गंभीर



**गुमला ।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत होलाँग गांव निवासी प्रदीप मुंडा का 4 वर्षीय पुत्र अश्विन मुंडा गांव के तालाब में डूब गया। गंभीर स्थिति में परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए। जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक शनिवार की अपराह्न बच्चे की मां अपने बच्चे को घर में छोड़कर बाजार गई थी वहीं बच्चा गांव के लड़कों के साथ बकरी चराने खेत की ओर चला गया। गांव में स्थित तालाब के पिंड में सभी लड़के खड़े थे। अश्विन भी साथ में खड़ा था। तभी अचानक अश्विन नहाने की बात कह कर दौड़ता हुआ तालाब में घुस गया। इसके बाद बच्चे शोर मचान लगे। तभी उनमें से बड़े-बड़े तीन-चार बच्चे तालाब में कुदकर उसे किसी तरह तालाब से बाहर निकले जहां आसपास मौजूद ग्रामीण भी एकत्रित हुए और उसके पेट से पानी निकाला। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले जाया गया जहां से उसे गुमला रेफर कर दिया गया।

### आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा ने मनाया करम पूर्व समारोह

# पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन का प्रमुख अंग है : एसपी

■ झारखंड की पहचान यहां के आदिवासी हैं : डीडीसी दिलीप प्रताप शेखावत



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रविवार को सदर प्रखंड परिसर स्थित न्यू नगर भवन में आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा द्वारा करम पूर्व संध्या समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, बीडीओ , जिप सदस्य राधा तिर्की, आदिवासी कर्मचारी समिति के सदस्यों के संयुक्त तत्वावधान में कलश पर रखें दीप को प्रज्वलित करके किया। करम पूर्व संध्या समारोह में एसपी हारिश बिन जमां ने कहा कि हमारे संस्कृति में नेचर के प्रति जो लगाव है समर्पण है उसे हम हमेशा चरितार्थ होते देखते हैं। पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन का प्रमुख अंग है जबकि विदेशो में अब यह हो रही है। हमें समाज की स्थिति सुद्दढ़ सुधारने पर चर्चा करने की जरूरत है। शिक्षा हर समाज की जरूरत है। बच्चों की पढ़ाई पर खास ध्यान दें कल की यही जरूरत है। समर्पण भाव से शपथ लें कि हम बच्चों को पढ़ाएं, बच्चो को संस्कार दें,देश के अच्छे नागरिक बने। अपने कर्तव्यों को समझे। विकास में पिछड़े लोगों की मदद करे । उन्होंने ने कहा कि पढ़ाई के लिए पूंजी निवेश करके अपने बच्चों को जरूर पढ़ायें। बच्चियों को पढ़ायेंगे। उन्होंने ने बताया कि आगामी 10 सितम्बर 2024 को लोहरदगा टाउन हॉल में शुरूआत जन शिकायत का कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने ने कहा कि जन शिकायत कार्यक्रम में अपना कोई समस्या है और कोई सुनवाई नहीं हो रहा है तो मामला दर्ज कर सकते हैं। यहां जरूर समस्या का समाधान करने की कोशिश किया जाएगा। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि झारखण्ड की पहचान यहां के आदिवासी हैं, कला संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने जरुरत, आज भी आदिवासी विकास की कई योजना बनी, आदिवासी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि की जिम्मेवारी बनती है समाज को आगे बढाने का, शिक्षा और स्वस्त्य को कभी अनदेखी नाकरें , हमे देश ही नही विदेश तक इस संस्कृति की पहुंचने की जरूरत है। आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा के परिवारों के सदस्यों के छोटे छोटे बच्चों ने करम पर्व पर लोक नृत्य की गयी। इस कार्यक्रम में जिला सभी प्रखंडों के आदिवासी समुदाय जो लगभग 7 खोड़हा ने सांस्कृतिक पराम्परागत रीति-रिवाज वेशभूषा के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर किशोर उरांव, बिनोद कुमार उरांव, बीफई उरांव, धनंजय उरांव, राजेन्द्र उरांव, सीताराम, रेखा, तारामणि, अनुप, जग्गु, चन्द्रकिशोर भगत, सुनील मिंज, सुरेन्द्र उरांव, सुधीर उरांव, अरबिंद उरांव, बसदेव उरांव, बालेश्वर उरांव, विक्रम उरांव, प्रति पल्लबी तिग्गा, सुधीर उरांव, रेखा उरांव, अंजू कुजूर समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

# श्रीनगर गांव में 3 हाथियों के समूह ने सात किसानों के घर को तोड़कर किया क्षतिग्रस्त

## फसल को किया नष्ट, जिप सदस्य किसानों से मिले



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का, जारी थाना क्षेत्र के सीसी करम टोली पंचायत के श्रीनगर गांव में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक चरम पर है।हाथियों के झुंड के गांव में प्रवेश कर जाने से ग्रामीण डरे सहमे हुए है।और जान माल की सुरक्षा को लेकर रात जग्गा करने को मजबूर है।बावजूद वन विभाग द्वारा हाथियों को भगाने की दिशा में कोई ठोस पहल नही किया जा रहा है।प्रखण्ड के जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी दिलीप बड़ाइक ग्रामीणों के दर्द को सुनने व देखने के बाद मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। उनके द्वारा गांव के लोगो को अतिशबाजी का सामग्री दिया गया है। ताकि गांव में हाथियों को तत्काल प्रवेश से रोका जा सके ।बताया जाता है कि बीती रात तीन जंगली हाथियों के झुंड ने गांव में प्रवेश करने के बाद जमकर तांडव मचाते हुए 7 ग्रामीणों के मकान को छतिग्रस्त कर दिया है।हाथियों के मकानों में हमले के दौरान उक्त घरों में रहने वाले लोग जान बचाकर भागने में सफल रहे। नही तो हाथी उन्हें रौंदने में तनिक भी देर नही करती।इसके बाद उक्त घरों के लोग रात भर जाग कर इधर उधर समय व्यतीत करने के बाद मकान टूटने से परेशान है।उनके समक्ष सिर छुपाने के लिए आसियाना नही बचा है।बताया जाता है कि हाथियों के झुंड ने गांव के लोंजनुस टोप्पो, सिकेन्द्र नायक,व्याजुस कुजूर, पंचम टोप्पो, जोवाकीम टोप्पो, रिमिस एक्का और पत्रिक लकड़ा के मकान को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया है।

# वर्ल्ड फिजियोथेरेपी दिवस पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले के खिलाड़ियों को खेल कूद चोट से बचाव व रिकवरी के बारे में समाधान फिजियोथेरेपी गुमला के अनुभवी फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर ऋषिका श्रीवास्तव एवं डॉक्टर विशाल के द्वारा खेल नगरी गुमला के सभी आवासीय एवं डे बोर्डिंग के प्रशिक्षुओं एवं कोच के लिए ₹विश्व फिजियोथेरेपी दिवस₹ के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार की उपस्थिति में इंडोर स्टेडियम गुमला में किया गया. इस आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों के इंजरी से पुनर्वास, गतिशीलता एवं परफॉर्मेंस में सुधार मे फिजियोथेरेपी की भूमिका, एथलीटों के प्रदर्शन और रिकवरी को बढ़ाना,उन्होंने चोटों को रोकने और दीर्घकालिक शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए फिजियोथेरेपी को नियमित स्वास्थ्य प्रथाओं में एकीकृत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। समाधान फिजियोथेरेपी क्लिनिक की डॉ. ऋषिका ने कार्यक्रम में कैसे फिजियोथेरेपी मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है बताया गया। डॉ. विशाल ने एक इंटरैक्टिव सत्र में विभिन्न फिजियोथेरेपी तकनीकों का प्रदर्शन किया।

## प्राचीन दुर्गा पूजा समिति चंद कोपा की हुई बैठक

**लोहरदगा।** प्राचीन दुर्गा पूजा समिति चंद कोपा की बैठक स्थानीय सामुदायिक भवन में रामजतन राम की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में गत वर्ष का आय व्यय का ब्योरा पेश किया गया। साथ ही पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमे अध्यक्ष बृजेश साहू, उपाध्यक्ष - अरविंद साहू, प्रदीप साहू, आनंद साहू, ओमप्रकाश साहू ,प्रवीण साहू, बबलू राम, स्वरूप राम, एवं सिकंदर साहू, सचिव- लोकेश साहू , सह सचिव - नयन कुमार, विकेश कुमार, एवं प्रतीश कुमार, कोषाध्यक्ष - उपेंद्र साहू ,संरक्षक मंडली में- रामजतन राम, पवन कुमार,कपिल साहू एवं रमेश साहू को शामिल किया गया है।

# विहिप व बजरंग दल के लोगों ने विधायक भूषण तिर्की का किया पुतला दहन



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**

शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित फाइनल फुटबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे गुमला विधायक भूषण तिर्की के द्वारा अपने संबोधन में सरना सनातन धर्मियों की चुन्दी (शिखा) पर टिप्पणी करने को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं सरना सनातन धर्मियों के द्वारा नवाडीह चौक में पूतना दहन किया गया। जहां सैंकड़ों की संख्या में जुटे सरना सनातन धर्मी भूषण तिर्की हाय हाय, हेमंत सोरेन हाय हाय, भूषण तिर्की होश में आओ, सरना सनातन से माफी मांगो आदि नारे लगाए। वहीं आक्रोशित भीड़ में उपस्थित अनेकों सरना सनातन से जुड़े स्वजनों ने विधायक की इस टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए माफी मांगने एवं खेल जैसे प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम को राजनीतिक मंच न बनाने की सलाह दी। इस संबंध में विहिप के प्रखंड संरक्षक रामप्रसाद सिंह ने कहा की सनातन धर्मियों के आस्था व संस्कार से जुड़े आपत्ति जनक टिप्पणी करने की मैं घोर निन्दा करता हूं। उनको अपने पद की गरिमा को समझकर कहीं भी किसी के धार्मिक आस्था को आघात नहीं करना चाहिए। वहीं खेतली ग्राम के जवाहर कवर ने कहा की किसी की आस्था को ठेस पहुंचाने वाला बयान विधायक के लिए अशोभनीय है।

# संकल्प पत्र अभियान में अपनी बात रखना सौभाग्य की बात : सचिन कुमार




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निर्देश अनुसार सुझाव पत्र कार्यक्रम गुदरी बाजार स्थित हनुमान मंदिर में संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें झारखंड की संस्कृति के संरचना एवं विकास के साथ आगे बढ़ने का विचार विमर्श किया गया।साथ ही साथ अपना सुझाव भी दिया गया।जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।और नगर में संकल्प पत्र सुझाव अभियान चलाया गया।इस अभियान में भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के द्वारा कहा गया कि आज आप अपना सुझाव पत्र पेटी पर डालकर इस अभियान में जुड़कर अपनी बात को रखें। जिसमें लोहरदगा विधानसभा विस्तारक युधिष्ठिर महतो, उमेश कसकर, सूरज दसोंदी, सत्यम कुमार, हसमुख रंजन, रोशन कुमार, प्रमोद प्रजापति और नगर के सभी लोग शामिल हुए।

# गणपति उत्सव : मंत्रों और भजन से गूंज रहा देवस्थल

## महिलाएं भगवान गणेश की कर रहीं आराधना



**लोहरदगा।** देवस्थल शांति नगर किस्को मोड में गणपति उत्सव के दूसरे दिन श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ती रहे। गणपति के पूजन उत्सव के पश्चात दोपहर में भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त लिए। कल से शुरू हुए में गणपति उत्सव में शाम की संध्या आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बन रही थी। श्रद्धालुओं में महिलाओं की संख्या ज्यादा थे पुरोहित सूरज मिश्रा ने मंत्र उच्चारण से आरती मैं उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तनकार गणपति उत्सव को माहौल को भक्ति में कर दिया जैसा कि मालूम है। प्रत्येक वर्ष देवस्थल में पांच दिवसीय गणपति उत्सव का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक दिन दोपहर में भंडारा का आयोजन और शाम में संध्या आरती का आयोजन किया जाता है। अंतिम दिन शोभा यात्रा निकाल कर झूमते गाते करते हुए गणपति बप्पा को विदाई दी जाती है। गणपति उत्सव के पांच दिवसीय कार्यक्रम को कमिटी के कार्यकर्ता दिन रात एक किए रहते है। ताकि बप्पा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धांलुओं को किसी प्रकार कि कठिनाई का सामना ना करना पड़े। इस वर्ष गणपति उत्सव के मनोनित कमिटी के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने उत्सव के बारे में बतलाते हुए कहा कि गणपति उत्सव के आयोजन का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द बढ़ाना है। समाज के सभी लोगों को एक सूत्र में पिरोना है। पूजन उत्सव को सफल बनाने के लिए गणेश पूजा के समिति के सभी सदस्य कार्यकर्ता और मातृ शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। पूजन के बचे शेष बचे हुए दिनों में संध्या आरती के लिए में जिले के विभिन्न क्षेत्र से जुट रहे हैं श्रद्धालुगण। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी के सदस्यों और मातृ शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है।



## डीएवी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणेशोत्सव

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। श्री गणेश हिन्दू धर्म के प्रथम पूज्य देवता है। किसी भी पूजा-पाठ या अनुष्ठान से पहले श्री गणेश की पूजा का विधान है। मान्यता है कि श्री गणेश की पूजा से हर विघ्न दूर होता है और काम बिना किसी बाधा के संप न्न होते हैं। वहीं, धर्म-ग्रंथों में श्री गणेश के 12 नामों का वर्णन मिलता है जिनके जाप से व्यक्ति को बुद्धि, विद्या, धन, संतान और मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। गणेश चतुर्थी का त्योहार भगवान गणेश के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता के रूप में भगवान गणेश की पूजा की जाती है।

## सेन्हा में धूमधाम से भक्तों ने मनाया गणेश चतुर्थी का त्योहार

**सेन्हा-लोहरदगा।** गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर श्रद्धा भाव से भक्तों ने भगवान श्री गणेश की आराधना पूजन किया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनगर में भक्तों द्वारा धूमधाम से गणेश चतुर्थी का त्यौहार मनाया गया। रामनगर के अलावे सती मंदिर प्रांगण व ठाकुरबाड़ी में भी भक्तों द्वारा श्रद्धा भक्ति भाव से गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय में काफी चहल पहल देखा गया। भक्तों के मन मंदिर में गणेश चतुर्थी को लेकर काफी उत्साह व चहल पहल देखी जा रही है। भगवान श्री गणेश जी का पूजन कर सुख,शांति,ऐश्वर्य तथा वैभव हेतु भक्तों ने कामना किया। साथ ही पर्व को लेकर महिलाओं व युवाओ में उमंग व उत्साह का माहौल देखा गया।

# चैनपुर और जारी में अवैध तरीके से बालू का हो रहा है उठाव

## प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम हो रही बालू की कालाबाजारी



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

ग्रीनट्रिब्यूनल(एनजीटी) के आदेश की अनदेखी कर चैनपुर व जारी में धड़ल्ले से अवैध तरीके से बालू का उठाव हो रहा है। प्रशासन की नाक नीचे खुलेआम बालू की कालाबाजारी हो रही है।ट्रैक्टर, से खुलेआम बालू ढोया जा रहा है।इसके बावजूद न तो प्रशासन इसे रोक रहा है न ही खनन विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है। एनजीटी ने झारखंड में 10 जून से 15 अक्तूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगा रखी है। नदियों का इको सिस्टम बनाये रखने के लिए मॉनसून के दौरान हर साल इस अवधि तक बालू के उठाव पर रोक रहती है। यह रोक देश के अन्य राज्यों में भी है। कुछ राज्य इसका पालन भी कर रहे हैं, लेकिन झारखंड के गुमला जिले के चैनपुर जारी में इस आदेश को ताक पर रख दिया गया है।

हालत यह है कि चैनपुर और जारी के बॉर्डर स्थित संख नदी से बालू निकाला जा रहा है। जहां घाटों की टेंडर तक नहीं हुई है। बताते चले की शंख नदी से रोजाना सैकड़ो ट्रैक्टर बालू निकला जा रहा है। सुबह के 5:00 से शाम के 7:00 बजे तक अवैध रूप से बालू निकालकर अच्छी खासी रुपये पर बेचा जा रहा है।

चैनपुर से जारी तक की सड़क बनाया जा रहा है। उस कार्य मे बालू का भारी मात्रा में उपयोग किया जा रहा है।शंख नदी के समीप सड़क किनारे बालू का भंडारन देखा जा सकता है।अभी बालू माफियाओ के द्वार ठत्रछ्ठ का बहाना लगाकर बालू को दुगने रेट पर बेचा जा रहा है।वही बालू उठाव का कार्य चैनपुर वा जारी के प्रशासन के मिली भगत से फल फूल रहा है। इधर बालू माफिया के द्वारा निधड़क होकर बालू का कारोबार किया जा रहा है। जिससे साफ प्रतीत होता है कि प्रशासन के छत्रछाया में यह सब कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रशासन कई बार नदी पर जाकर ट्रैक्टरों की धर पकड़ किया गया है। इसके बाद बालू माफियाओं से मैनेज कर गाड़ी को छोड़ दिया करते हैं। जिसके बाद बालू माफिया प्रशासन से जाकर बातचीत करते है। बाद में खुले मन से बालू का कार्य कर रहे हैं।और इन लोगों को अब कोई रोकने टोकने वाला भी नहीं है।

# न्यूज बॉक्स

## तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आज से

**लोहरदगा।** भारत स्काउट और गाइड लोहरदगा के द्वारा द्वितीय सोपान प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके सभी स्काउट और गाइड के लिए तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सोमवार से हो रहा है। उर्सलाइन कान्वेंट बालिका उच्च विधालय परिसर में यह प्रशिक्षण आवासीय होगा। रजिस्ट्रेशन के पश्चात भारत स्काउट और गाइड का झंडा फहराने के साथ प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ दिन के 11 बजे से होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी झंडोत्तोलन कर कैंप का शुभारंभ करेंगी। इस प्रशिक्षण सह परीक्षण को पूर्ण करने वाले स्काउट गाइड ही राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ेंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा पत्र जारी कर दिया गया है। 09 से 15 सितंबर तक इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण सह परीक्षण के कैंप प्रभारी एचडब्लूबी प्राप्त जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन और गाइडर पुष्पा बाखला होंगी। कार्यक्रम में पायोनियरिंग, कम्पास, प्राथमिक चिकित्सा, टेंट,आपदा प्रबंधन सहित स्काउटिंग सेलेबस के आधार पर प्रशिक्षण सह परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार सुमन,सह सचिव मुमताज अहमद, गाइडर संध्या सिंह, संध्या कुजूर, दीप्ति एक्का, रेणु तिग्गा अपनी सहभागिता देते हुए कैंप को सफल बनाने का काम करेंगे।

## अवैध बालू का परिवहन करते एक ट्रैक्टर को थाना प्रभारी ने किया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध बालू का खनन एवं परिवहन मामला में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने पुलिस जवानों के साथ बालू घाटों में अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने के लिए कारवाई करते हुए रविवार को चितरी अंबा टोली स्थित मंगल बाजार बगीचा के समीप एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है.बक्सी डीपा डाडू पथ से बालू लाद कर आ रहा ट्रैक्टर को जप्त किया.वही जब्त ट्रैक्टर को सुरक्षित सेन्हा थाना में रखा थाना प्रभारी ने कहा कि अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी और जिला सहायक खनन पदाधिकारी को एक ट्रैक्टर जब्त की सूचना दे दिया गया है। अधिकारी के निर्देश पर जब्त ट्रैक्टर के मालिक और चालक पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। रात्रि में ट्रैक्टर चलने की गुप्त सूचना पर कारवाई किया गया है। लगातार कारवाई के बावजूद बालू माफिया का कारो बार जारी है। जिसे राजस्व को काफी क्षति हो रहा है।

## छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की हुई बैठक



**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज लोहरदगा जिला समिति की बैठक हुई। उपस्थित लोगों ने जिला समिति के गतिविधि पर चर्चा करते हुए पाया कि जिला समिति का कार्य संतोष जनक नहीं होने के कारण वरिष्ठ लोगों ने क्षोभ व्यक्त करते हुए एक कोर कमिटि गठन करने का सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया ।जिसमे पुर्व जिला अध्यक्षों प्रो शिव दयाल साहु , कृष्णा प्रसाद साहु ,कैलाश साहु , पुर्व महासचिव बलराम साहु ,मनोज साहु ,अजय पंकज , लाखपति साहु ,अशोक साहु ,मोहन साहु ,विदेशी साहु ,नन्दकिशोर साहु को सदस्य बनाया गया ।कोर कमिटि का संयोजक प्रो शिव दयाल साहु को मनोनित किया गया जो कोर कमिटि एवं जिला समिति ,युवा और महिला समिति पदाधिकारी के साथ पुर्व के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठगणों को बैठक में बुलाएंगे । अगला बैठक 16 सितंबर को तेली धर्मशाला के सभागार में होगा । बैठक में मनोज साहू, अशोक साहु ,बजरंग साहु ,भागवत साहु ,बलराम साहु ,कैलाश साहु ,विदेशी साहु ,दीपक साहु युवा अध्यक्ष ,मुकेश साहु एवं दीपक साहु उपस्थित हुए।

## कार ने साइकिल सवार व्यक्ति को मारी टक्कर, घायल

**गुमला ।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित करमटोली रोड स्थित नगर भवन के समीप फोर व्हीलर वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। घटना में साइकिल सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया। इसके बाद वाहन में सवार चालक और मिशनरी स्कूल के सिस्टर वाहन से उतरे और घायल को उसी वाहन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां उसका इलाज कराया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सरहुल नगर करमटोली निवासी 44 वर्षीय व्यक्ति सालिक उरांव साइकिल से अपने घर जा रहा था। वह शहर के डेली मार्केट में सब्जी बेचने का काम करता है। शनिवार की रात काम समाप्त कर वह साइकिल से अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया।

## डिवाइन स्पार्क स्कूल में साक्षरता दिवस एवं ऋषि पंचमी का आयोजन




**लोहरदगा।** रविवार को डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल, में साक्षरता दिवस एवम ऋषि पंचमी का आयोजन किया गया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दक्षिण भारत का तापांग कूटर₹ नृत्य ,कन्या भ्रूणहत्या पर नृत्य,नागपुरी नृत्य के अलावा और भी कई नाटक और नृत्य देखने वालो को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मुख्य अतिथि बलबीर देव ने बच्चों को बताया कि अनुशासन और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। आज के दिनों में बच्चों में बूरी संगत ,बुरा विचार और बुरा व्यवहार से बहुत दूर रहने पर सुंदर सुंदर कहानियां सुनाकर मार्गदर्शन किया। दीपक कुमार मुखर्जी ने महिला साक्षरता पर अत्यंत प्रभारी रूप से उदाहरणों के साथ महिला साक्षरता जागरूक पर विशेष जोर दिया। महिला समाज , परिवार और अपने देश का दर्पण है। बच्चों के भविष्य का निर्माण करना।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की हुई बैठक

**लोहरदगा।** कैरो प्रखंड के अंतर्गत राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन सढ़ाबे पंचायत का गठन प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार साहू की अध्यक्षता में की गई। बैठक में लोहरदगा जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार साहू व जिला प्रवक्ता बजरंग साहू उपस्थित थे। बैठक में कमेटी गठन करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गा साहू, सचिव अवध साहू, उपसचिव दीपक साहू, कोषाध्यक्ष बिट्टू साहू, मीडिया प्रभारी पवन साहू, जिला प्रवक्ता बजरंग साहू, कार्यकारिणी सदस्य में रूपेश साहू, पवन साहू ,आनंद साहू, मनीष साहू ,नंदू साहू, राहुल साहू, चंचल साहू, दीपक साहू, संदीप साहू ,संजय साहू को शामिल किया गया है। जिला आदित्य कुमार साहू ने कहा कि हमारा जाति बड़ी संख्या में होने के बावजूद भी हमें आरक्षण से अछूता रखा जाता है जिसके कारण हमारा समाज शिक्षा में पीछे होते जा रहा है। जितने भी विधायक सांसद है वह हमें हमारे जाति को अनदेखी कर रही है। अमित साहू ने बताते हुए कहा की यही स्थिति रहा तो आने वाले समय में हमारा समाज अनदेखा नहीं करेगी। गोल बंद होकर समाज निर्णय लेने में विवश हो जाएगी।

## एक नजर

### टैक्स ऑडिटर को सावधान रहने की जरूरत : मयंक

**धनबाद।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया धनबाद चैप्टर ने अपने सीए सदस्यों के लिए शनिवार को टैक्स ऑडिट पर आधा दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य वक्ता कोलकाता से आए सीए मयंक अग्रवाल ने बताया कि टैक्स ऑडिटर को सावधान रहने का ज्यादा जरूरत है। ऑडिटर को हर छोटी सी छोटी बिंदु का ख्याल रखना चाहिए। कोई भी ट्रांजेक्शन हो रहा है तो शुरूआत कहां से हुई है, अंत कहा तक है, ऑडिटर को इस चीज की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने टैक्स ऑडिट में थ्री सीए, थ्री सीबी एंड थ्री सीडी के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में धनबाद के चार्टर्ड एकाउंटेंट सदस्य,सीपीई अध्यक्ष राजेश सिंघल मौजूद थे।

### डॉक्टर्स क्वार्टर में रह रहे स्वास्थ्यकर्मियों को खाली करने का नोटिस

**धनबाद।** कोर्ट रोड स्थित सदर अस्पताल परिसर में स्थित डॉक्टर्स क्वार्टर में रह रहे स्वास्थ्यकर्मियों को आवास खाली करने का नोटिस जारी किया गया है. सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन ने गत शुक्रवार को नोटिस जारी किया है. नोटिस जारी होने की तिथि से एक माह के अंदर स्वास्थ्यकर्मियों को क्वार्टर खाली करने का निर्देश जारी किया गया है. बता दें कि कोर्ट मोड़ के सदर अस्पताल परिसर में स्थित डॉक्टर्स क्वार्टरों में ज्यादातर डीएमएफटी से बहाल स्वास्थ्यकर्मी रहते हैं. कोरानाकाल में सदर अस्पताल की सेवा सुचारू रखने के लिए तत्कालीन उपायुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य कर्मियों को डॉक्टर्स क्वार्टर में रहने की अनुमति मिली थी. सीएस कार्यालय के कुछ कर्मियों ने इसका फायदा उठाते हुए बाहरी लोगों से पैसे लेकर क्वार्टर निर्गत कर दिया. स्वास्थ्य विभाग के पास इसकी शिकायत मिलने पर आरडीडी डॉ सिद्धार्थ सान्याल इसकी जांच को धनबाद पहुंचे थे.

### एक्टिव लर्निंग विषय पर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**चक्रधरपुर।** आसनतलिया स्थित मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय में रविवार को क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत आंतरिक प्रशिक्षण के अंतर्गत सक्रिय अधिगम (एक्टिव लर्निंग) विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ संसाधन सेवी विकास केराई, अमृता कुमारी प्रधान, प्रशांत तिवारी, प्राचार्य बसंत कुमार महतो, उप प्राचार्य, जगदीश जामुदा, विद्यालय प्रशिक्षण नोडल अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया. प्रशिक्षण के दौरान संसाधन सेवियों ने छात्रों को अधिगम प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सम्मिलित करने के विभिन्न तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी. साथ ही सक्रिय अधिगम की विशेषताओं और उनके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया. सक्रिय अधिगम के महत्व के बारे में भी जानकारी दी. सक्रिय अधिगम के बारे में प्रचलित गलतफहमियों के बारे में भी विस्तार बताया गया।

## गोड्डा में करमा पर्व पर कुड़मी समाज ने किया डहरे करम का आयोजन

# शोभायात्रा में दिखी झारखंड की संस्कृति की झलक : बसंती देवी

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

करमा पर्व के अवसर पर रविवार को गोड्डा में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. जिसमें सैकड़ों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल हुए. दरअसल, कुड़मी समाज की ओर से करमा पर्व के अवसर पर डहरे करम का आयोजन किया गया था. इस दौरान कुड़मी समाज के लोगों ने शहीद चानकु महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए शहीद वीरेंद्र महतो की समाधि स्थल पर पहुंची, यहां फिर समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर वीरेंद्र महतो को नमन किया गया. बता दें कि झारखंड कला संस्कृति मंच की ओर से गोड्डा में पहली बार करमा पर्व के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई है. इस मौके पर जिला परिषद की पूर्व चेयरमैन बसंती देवी ने कहा कि शोभायात्रा में झारखंड की संस्कृति की झलक दिखी है. उन्होंने बताया कि झारखंड में करमा पर्व का विशेष महत्व है. इस पर्व में समाज के सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है. वहीं इस मौके पर कुड़मी विकास मोर्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार ने बताया कि झारखंडी अपनी संस्कृति के महत्व को समझते हैं. जिसका परिणाम है कि गोड्डा में ऐतिहासिक डहरे करम बेड़हा का आयोजन सफल रहा. भविष्य में और भी बेहतर तरीके से कुड़मी समाज करमा पर कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

### कुड़मी जनजाति का महत्वपूर्ण पर्व है करमा

इस संबंध में अखिल भारतीय आदिवासी कुड़मी महासभा के संयोजक संजीव कुमार महतो ने बताया कि करम पर्व कुड़मी जनजाति का महत्वपूर्ण पर्व है. उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से समाज की कुंवारी लड़कियों और नई शादी हुई लड़कियों के द्वारा सामूहिक रूप से पर्व में नृत्य और पूजा की जाती है. उन्होंने कहा कि करमा पर्व पारिवारिक जुड़ाव के साथ ही संस्कृति और हमारे अतीत से भी जुड़ा है. इस पर्व के माध्यम से युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं. आदि काल से मनाया जाने वाला करमा पर्व के सूत्रधार कुड़मी ही हैं।

### प्रकृति से जुड़ा पर्व है करमा

वहीं डहरे करम बेड़हा के संयोजक रवींद्र महतो ने बताया कि करम परब जीने के तौर-तरीके की नई पीढ़ी को सीख देता है और संस्कारवान बनता है. इस पर्व के माध्यम से समाज के लोग झारखंड की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड का करमा पर्व प्रकृति से जुड़ा पर्व है. यह पर्व हमें प्रकृति का आदर करने, उसका संरक्षण और संवर्धन करने की सीख देता है. इसलिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

### ललपनिया और गोमिया में हुई चोरी की घटनाओं में था अंतरराज्यीय गिरोह का हाथ

**बोकारो।** महुआटांड़ विगत 18 अगस्त की रात गोमिया के स्वांग दक्षिणी और 31 अगस्त की रात टीटीपीएस ललपनिया की आवासीय कॉलोनी के क्वार्टरों से हुई चोरी के मामले अंतरराज्यीय गिरोह का हाथ था. गिरोह के पांच सदस्य उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पकड़े गये हैं. ये सभी मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं. ये सभी कार में चलते हैं और विभिन्न राज्यों में चोरी करते थे. यह गिरोह कई राज्यों की पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था. यूपी के सहारनपुर में पांच सितंबर को पुलिस के साथ एनकाउंटर में गिरोह के दो सदस्य घायल हो गये थे. इसके बाद सभी पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया. इनमें मध्य प्रदेश के धार जिला अंतर्गत टांडा थाना क्षेत्र के रहने वाला गुड्डू, पातलिया, गंगू, छोटू तथा जिला अली राजपुर के बोरी थाना क्षेत्र निवासी गणपत शामिल हैं. ये लोग बंद घरों को निशाना बनाते थे. चोरी के समय छोटू पहरा देता था. बाकी के तीन लोग घर में घुस कर चोरी करते थे।

## न्यूज | बॉक्स

### बरवाअड्डा में बालू लदे ट्रक से वसूली करने वालों को ग्रामीणों ने पीटा

**बरवाअड्डा।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के तिलैया चौक के समीप शनिवार की देर रात बालू लदे ट्रक से जबरन वसूली कर रहे कुछ लोगों को ग्रामीणों व चालकों ने जमकर पीटा. बाद में वसूली करने वाले वहां से फरार हो गये. ग्रामीणों व ट्रेक्टर चालकों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त लोगों में एक व्यक्ति एक राजनीतिक पार्टी का पदधारी हैं. डोमनपुर, मनियाडीह रोड स्थित बंगारो गांव पहुंचे. फिर बालू लदे ट्रेक्टर चालकों से 500 रुपये मांगने लगे. चालकों से कहा कि हमलोगों रांची से आये हैं. हर टैक्ट्र मालिक व चालक को 500 रुपये देने होंगे. रुपये नहीं देने पर गाड़ी नहीं आगे जाने देंगे. विरोध करने पर चालकों को एसएसपी को फोन कर गाड़ी पकड़ा देने की धमकी दी. फिर ट्रैक्टर चालकों ने घटना की सूचना गाड़ी मालिक व ग्रामीणों को दी. घटना की सूचना पर ट्रैक्टर मालिक व ग्रामीणों ने तिलैया चौक में मनियाडीह, डोमनपुर सड़क पर बैरियर लगा दिया और कार को रोका. इसके बाद उसमें सवार लोगों को उतारकर जमकर पिटाई की. फिर बंधक बना लिया और छह ट्रैक्टर चालक से वसूली गये पैसे की मांग की. इस दौरान कुछ स्थानीय लोग पहुंचे और मारपीट करने से रोका. इसके बाद वे जान बचाकर राजगंज की ओर भाग गये. दो दिन पूर्व भी जीटी रोड बरवाअड्डा में बालू लदे वाहन से वसूली बात सामने आयी थी. यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ।

### ताला तोड़कर घर में चोरी करने के आरोपी दो युवकों को जेल

**दुमका नगर।** शहर के सराय रोड मोहल्ले के तीन सितंबर की रात एक घर का ताला तोड़कर नकद व महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी करने के आरोप में नगर थाना पुलिस ने दो युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पकड़े गये आरोपियों में जामताड़ा जिला अंतर्गत वृंदा पाथर थाना क्षेत्र के जामदेही गांव के बलराम राणा और रामगढ़ थाना क्षेत्र के डांड़ो गांव के सुभाष पाल शामिल हैं. मामले में व्यवसायी गौरव अग्रवाल के बयान पर नगर थाना में अज्ञात चोरों का खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. उनकी निशानदेही पर चोरी हुए कुछ कागजात बरामद किये गये हैं. जानकारी के मुताबिक 3 सितंबर की रात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था. गृहस्वामी को इसकी सूचना 4 सितंबर की सुबह हुई. सामानों की छानबीन करने पर पाया गया कि करीब 10 हजार रुपये नकद व महत्वपूर्ण कागजात से भरा बैग गायब पाया. गृहस्वामी के द्वारा चोरी की लिखित शिकायत नगर थाना में दी गयी थी. पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.

### जविप्र विक्रेता व स्वयं सहायता समूह का अनिश्चितकालीन हड़ताल कल से

**मेहरमा ( गोड्डा )।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर समस्त प्रदेश के जन वितरण प्रणाली (जविप्र) विक्रेता तथा स्वयं सहायता समूह आगामी 10 सितंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। जिसकी जानकारी विभाग को पहले ही दी जा चुकी है। उक्त आशय की जानकारी संगठन के अध्यक्ष गनोरी प्रसाद राम तथा सचिव ललन प्रसाद राम ने संयुक्त रूप से दी। बताया कि शनिवार को मेहरमा ब्लॉक परिसर स्थित मजदूर भवन में बैठक कर यह निर्णय लिया गया कि मांग पूरी होने तक वह हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान ई पॉश मशीन को भी बंद रखा जाएगा। डीलरों ने बताया कि समय पर कमीशन नहीं मिलने, कोरोना अवधि से लेकर अगस्त 24 तक अनियमित भुगतान होने, 4 जी सिस्टम लागू करने में विलंब से वितरण व्यवस्था ठप होने एवं सरवर की कमी से लाभार्थी और डीलरों को जूझने की परेशानी , डीलरों को अनुकंपा में उम्र सीमा की छूट नहीं देने, कमीशन वितरण के नए नियमों के तहत राज्यांश एवं केन्द्रांश के चक्कर में फंसे रहने, समय पर पारिश्रमिक नहीं देने तथा वादे के अनुसार कमिशन में दोगुनी वृद्धि नहीं किए जाने एवं डीडीएस से खाली बोरे का वजन नहीं मिलने से नाराज दुकानदारों ने सर्वसम्मत फैसला लेते हुए हड़ताल पर जाने का निर्णय किया।

### डाक बंगला परिसर में भाजपा की हुई बैठक



**बानो।** भारतीय जनता पार्टी प्रखण्ड कमिटी बानो की बैठक डाक बंगला परिषर में हुई।बैठक की अध्यक्षता बानो विधानसभा प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने किया।बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ समिति का पुननिरीक्षण, पन्ना प्रमुख ,बूथ का वाट्सएप ग्रुप बनाने, आदि विषयो पर चर्चा की गई।मौके पर मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ,महामंत्री बलराम सिंह एस टी मोर्चा जिला अध्यक्ष अजित तोपनो ,विश्वनाथ बड़ाईक,भूषण साहू ,चंद्रपाल सिंह ,शिवराज बड़ाईक, राबु कंडुलना सहित 10 शक्ति केंद्र अध्यक्ष, सयोजक ,बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सुखराम ने जल संसाधन मंत्री को सौंपा मांगपत्र



**चांडिल।** झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम ने रविवार को जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात की. उन्होंने मंत्री को चांडिल डैम के विस्थापितों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. सुखराम हेम्ब्रम ने जल संसाधन मंत्री को मांग पत्र भी सौंपा. उन्होंने विस्थापितों के बकाया मुआवजा राशि 102 करोड़ रुपये का भुगतान करने की मांग की. उन्होंने कहा कि बगैर मुआवजा भुगतान के ही डैम के पानी से विस्थापितों को डुबाया जा रहा है. जब तक विस्थापितों का मुआवजा भुगतान पूरा नहीं हो जाता है तब तक चांडिल डैम का जलस्तर 179 मीटर से कम रखने की मांग की. मुलाकात के दौरान जल संसाधन मंत्री ने सुखराम हेम्ब्रम को आश्वास्त किया कि जल्द ही विस्थापितों की मांगों को पूरा किया जाएगा. मौके पर सुखराम हेम्ब्रम के साथ माणिक मंडल, गनो कैबर्त, मनोहर कैबर्त, महितोष गोप, मधु गोप आदि शामिल थे।

## पुलिस पदाधिकारी कल लोगों से सुनेंगे जन शिकायत

# होगी त्वरित कार्रवाई : डीआइजी

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

राज्य सरकार जिस तरीके से लोक कल्याणकारी योजनाओं को लेकर खुद जरूरतमंदों तक पहुंच रही है. उसी तर्ज पर अब झारखंड पुलिस ने हर महीने किसी एक दिन संबंधित इलाके में पहुंचकर लोगों से उनकी शिकायतें सुनने व उन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने की पहल शुरू की है. जो लोग पुलिस से संबंधित अपनी शिकायत करने पहुंचेंगे, उन्हें पावती यानि एक्नॉलेजमेंट भी दिया जाएगा. इतना ही नहीं उनकी शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई, यह भी अवगत कराया जाएगा. अगर आवेदन कार्रवाई योग्य नहीं है, तो भी जानकारी संबंधित व्यक्ति को उपलब्ध करायी जाएगी. लोग अपनी शिकायत संबंधित जिला के एसपी आफिस में, जारी किये गये जन शिकायत समाधान के वाट्सएप नंबर पर अथवा जारी किये गये ई-मेल पर भी भेज सकते हैं. कार्यक्रम पूरे संताल परगना में 15 स्थानों पर होगा, जहां वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे. वहां भी आवेदन देकर अपनी शिकायत लिखित रूप से की जा सकेगी. पूरे कार्यक्रम को लेकर पुलिस महकमे द्वारा खूब प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि शिकायतों पर निराकरण हो सके. अब तक जो शिकायतें वाट्सएप नंबर अथवा ई-मेल में प्राप्त हुए हैं, उनपर कार्रवाई भी की जा रही है, ताकि मंगलवार के दिन उक्त कैंप में संबंधित व्यक्ति को उससे अवगत भी कराया जा सके. पुलिस उप-महानिरीक्षक संताल परगना प्रक्षेत्र संजीव कुमार ने बताया कि पूरे राज्य में 10 सितंबर को यह कार्यक्रम हो रहा है. संताल परगना में कुल पंद्रह स्थानों पर पहली जन शिकायत समाधान कार्यक्रम किये जाएंगे. पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बताया उक्त कार्यक्रम का लक्ष्य आम जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों को त्वरित गति से निष्पादन करना है।

# आईआईटी ने हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर की ऊर्जा दक्षता बढ़ाने की खोजी तकनीक



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

आईआईटी आइएसएम के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ताओं की एक टीम ने हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर की ऊर्जा दक्षता को काफी बढ़ाने की नयी तकनीक विकसित की है. यह मशीन खनन, निर्माण और कृषि जैसे उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण है. इस नयी तकनीक से एक्सकेवेटर बूम के संचालन के दौरान खोई हुई ऊर्जा को पुनः प्राप्त कर लेता है और उसका पुनः उपयोग करता है, जिससे कुल ऊर्जा खपत में कमी आती है. शोधकर्ताओं की इस टीम में प्रो निरंजन कुमार, प्रो अजीत कुमार, और प्रो एसके घोषाल के नेतृत्व में किए गए इस शोध पर काम किया गया था. नयी तकनीक एक हाइड्रोलिक ऊर्जा पुनःप्राप्ति प्रणाली पर है, जो एक्सकेवेटर बूम के नीचे जाते समय उत्पन्न गुरुत्वाकर्षण ऊर्जा को पकड़ती है. इस ऊर्जा को हाइड्रोलिक ऊर्जा में बदल कर एक एक्यूम्युलेटर में संग्रहीत किया जाता है, जिसे बाद में बूम को उठाने की प्रक्रिया के दौरान पुनः उपयोग किया जाता है, जिससे मशीन की कुल ऊर्जा खपत में उल्लेखनीय कमी आती है.

### मशीन की दक्षता को बढ़ाती है नई प्रणाली

प्रमुख शोधकर्ता प्रो निरंजन कुमार बताते हैं कि अभी पारंपरिक हाइड्रोलिक सिस्टम, विशेषकर बूम के नीचे जाने के दौरान, काफी ऊर्जा की हानि होती है. जबकि हमारी प्रणाली में एक तीन-कक्ष सिलिंडर, हाइड्रोलिक इंटेंसिफायर, और एक्यूम्युलेटर शामिल हैं, जो खोई हुई ऊर्जा को सीधे पुनः प्राप्त करता है और उसका पुनः उपयोग करता है. यह मशीन की दक्षता को बढ़ाता है।

# 108 एंबुलेंस व टेंपो में हुई टक्कर, टेंपो चालक हुआ घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

बानो प्रखंड मुख्यालय के पबुड़ा मोड़ के पास 108 एम्बुलेंस व टेम्पो में आमने सामने की टक्कर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार टेम्पो चालक मुज्जफर हक लचरागढ़ से बानो आ रहा था तभी पबुड़ा मोड़ के पास बानो की ओर से जा रही एंबुलेंस से टक्कर हो गई । इस दुर्घटना में टेंपो चालक घायल हो गया है। जिसका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वस्थ केंद्र बानो में करने के पश्चात बेहतर इलाज के लिये अन्यत्र रेफर कर दिया गया है।वहीं बानो पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

### मेहरमा में स्कूल का ताला तोड़ कंप्यूटर समेत लाखों का सामान चोरी

**गोड्डा।** मेहरमा प्रखंड के बलबड्डा नया थाना भवन के समीप स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय घोरीकित्ता का ताला तोड़कर चोरों ने कंप्यूटर समेत लोखों रुपए के सामान की चोरी कर ली. घटना बुधवार रात की है. चोरों ने विद्यालय में घुसकर कमरे से सारे सामान समेटा और आराम से चलते बने. शिक्षक ने बताया कि बुधवार को छुट्टी के बाद वह स्कूल में ताला बंद कर घर को चले गए थे. गुरुवार की सुबह जब स्कूल पहुंचे, तो ताला टूटा हुआ था।

### सड़क निर्माण में सरकारी नियमों का हो रहा उल्लंघन : नील जस्टिन बेक

**सिमडेगा।** बीरू से रामरेखा धाम, कोलेबिरा से बानो हाट गामहरिया ,खूंटी टोली से बिलिंग बीरा होते हुए पालकोट रोड तक , टी टांगर से बोलबा होते हुए किनकेल तक, कसडेगा से चडरी मुंडा होते हुए टांगरटोली तक, सड़क निर्माण में बिना मुआवजा के कार्य को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता नील जस्टिन बेक के अध्यक्षता में एक बैठक सिकरियाटाड़ चौक में की गई।ज्ञात हो कि सरकार के उदासीनता के कारण पूर्व की भांति अभी भी बिना जमीन अधिग्रहण किए कार्य करवाया जा रहा है जो नियम के विरुद्ध है।नील जस्टिन बेक ने कहा कि सरकार आम गरीब रैयतों के जमीन का मुआवजा दे, और कार्य करें 'अन्यथा विवश होकर आंदोलन किया जाएगा इसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस बैठक में सत्यनारायण महतो, धन सिंह, कृष्णा नायक, शेख इनामुल हुसैन, सावन ग्वाला, अर्जुन ग्वाला, जातरू लोहार ,रंजीत कुल्लू ,गोविंद, मोड्ड मोइनुद्दीन अहमद इत्यादि उपस्थित थे।

## छोटानागपुर कल्याण निकेतन के तत्वावधान में चौकीदारों की बैठक संपन्न

# बाल तस्करी, बाल मजदूरी, बाल विवाह और इनकी रोकथाम पर की गई चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

छोटानागपुर कल्याण निकेतन के तत्वाधान में सिमडेगा जिले के बांसजोर प्रखंड में चौकीदार बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी मिर्जा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बांसजोर थाना अंतर्गत सभी चौकीदारों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत परिचय सत्र से हुई, जहां सभी प्रतिभागियों ने अपना परिचय दिया। इसके बाद संस्था के मनोज सर ने बाल तस्करी, बाल मजदूरी, बाल विवाह और इनके रोकथाम पर विशेष चर्चा की। सभी चौकीदारों की राय भी ली गई। संस्था के जिला समन्वयक ने भी बाल तश्करी के मुद्दे पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में, मनोज सर ने कहा, बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल यौन शोषण हमारे समाज के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। हमें मिलकर इन्हें खत्म करना होगा।₹इस बैठक का उद्देश्य चौकीदारों को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना था।

# दुर्घटना मामलों में पुलिस समय पर कोर्ट में रिपोर्ट जमा करे : प्रधान जिला जज




**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

साहिबगंज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) व झालसा रांची की ओर से मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण पर जिला स्तरीय कार्यशाला हुई. कोर्ट परिसर में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, डीसी हेमंत सती व एसपी अमित कुमार सिंह ने किया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने वाहन दुर्घटना दावा के बारे में विस्तार से जानकारी दी. एमएसीटी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित व्यक्ति की जान बचाना प्राथमिकता होनी चाहिए. ऐसे मामलों में पुलिस को तय समय सीमा के भीतर जांच रिपोर्ट व अन्य जरूरी दस्तावेज कोर्ट को सौंप देना चाहिए. ताकि पीड़ित को जल्द न्याय व मुआवजा मिल सके. एमएसीटी मुआवजे राशि का सुझाव भी दे सकती है. डीसी हेमंत सती ने बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की. कहा कि स्कूल-कॉलेजों में पुलिस सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को लगातार जागरूक कर रही है. इसके बावजूद दुर्घटनाएं हो रही हैं, जो चिंता का विषय है. ज्यादातर 18 से 35 वर्ष के युवक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि सबंधित पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील होकर दुर्घटना से संबंधित जांच रिपोर्ट कोर्ट में समर्पित करना चाहिए।

### अधिवक्ता परिषद की खूंटी जिला इकाई का पुनर्गठन

**खूंटी।** अधिवक्ता परिषद्, झारखंड की खूंटी जिला इकाई की बैठक लाल रूपेन्द्र नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में खूंटी बार भवन में हुई. बैठक में अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख राजेन्द्र कुमार मिश्र, प्रदेश कोषाध्यक्ष सह जिला प्रभारी पवन कुमार पाठक, संगठन आयाम के प्रान्तीय सदस्य हराधन प्रमाणिक, बुंडू इकाई के अध्यक्ष अनूप कुमार जयसवाल व महामंत्री संजय कुमार मुखर्जी विशेष तौर पर उपस्थित थे. कार्यक्रम के प्रारंभ में निवर्तमान महामंत्री शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख राजेन्द्र कुमार मिश्र ने सत्र 2024-27 के लिए पुनर्गठित समिति की घोषणा की. वहीं बैठक की पूरी जानकारी झारखंड अधिवक्ता परिषद के प्रान्त मीडिया सह प्रमुख एवं प्रान्त आउटरीच आयाम सदस्य रीतेश कुमार बॉबी ने दी. जो इस प्रकार है।

## गिरिडीह के बगोदर में गणेश पूजा की धूम

# मेले में झूले और सेल्फी प्वाइंट बने आकर्षण के केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। बगोदर, गिरिडीह**

बगोदर प्रखंड मुख्यालय में गणपति पूजनोत्सव की धूम मची हुई है. ट्रेनिंग कॉलेज कैंपस में भगवान गणपति की विशाल प्रतिमा स्थापित कर पूजनोत्सव मनाया जा रहा है. समिति 29 सालों से लगातार यह आयोजन कर रही है. गणेश पूजा के मौके पर यहां मेला भी लगा हुआ है. जिसमें छोटे- बड़े झूले और तरह-तरह की दुकानें सजी हुई हैं. पांच दिवसीय इस गणपति महोत्सव के मौके पर चार दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. पहले दिन 7 सितंबर को जूनियर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें बच्चों ने डांस प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया. दूसरे दिन 8 सितंबर को सीनियर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. 9 सितंबर को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा. जबकि 10 सितंबर को भक्ति जागरण का आयोजन होगा और प्रतिमा विसर्जन के साथ 11 सितंबर को गणपति पूजनोत्सव का समापन होगा. भगवान गणपति की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. यहां आने वाले लोग मेले का भी आनंद ले रहे हैं. बगोदर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

संपादकीय

# क्यों खतरनाक हो रहे हैं जंगली जानवर?

इन दिनों उत्तर प्रदेश के बहराइच में भेड़िये का भय आदमखोर शेर से अधिक है। बीते कुछ दिनों में नौ बच्चों सहित दस लोग आदमखोर भेड़िये का शिकार हुए हैं। कुछ गांवों से पलायन शुरू हो गया है। वन विभाग अभी तक चार भेड़ियों को पकड़ चुका है, लेकिन अंधेरा होते ही भय, अफवाह और कोहराम शुरू हो जाता है। चार सितंबर को जब बीते 48 घंटों में छह बार भेड़िये के हमले की सूचना आई, तो राज्य सरकार ने गोली मारने के आदेश दे दिए।वैसे भारतीय भेड़िया (कैनिस ल्यूपस पैलिप्स) भूरे भेड़िये की एक लुप्तप्राय उप-प्रजाति है। चिड़ियाघरों में कोई 58 भेड़िये हैं, जबकि पूरे देश में 55 प्रजाति के तीन हजार से कम भेड़िये ही बचे हैं । उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में शायद इनकी संख्या तीन सौ भी न हो। आदमखोर भेड़ियों को मारना या पकड़ लेना तात्कालिक समाधान तो है, लेकिन गहन जंगल और गन्ने की सघन खेती वाले बहराइच में जानवर का नरभक्षी बन जाना इन्सान-जानवरों के टकराव की ऐसी अनबूझ पहेली है, जिसका हल नहीं खोजा, तो यह समस्या विस्तार ले सकती है। वनों से भरे झारखंड में भी इसे समझना होगा कि कोई भी जानवर या तो वह भोजन के लिए या फिर भय के चलते ही हमलावर होता है। अब कम सघन जंगल में रहने वाले मांसाहारी जानवर बस्ती के पास आ रहे हैं। जब भेड़िये को बस्ती में उसके लायक छोटा जानवर नहीं मिलता, तो वह छोटे बच्चों को उठाता है और एक बार उसे मानव-रक्त का स्वाद लग जाता है, तो वह उसके लिए पागल हो जाता है। भेड़िये एक जटिल सामाजिक संरचना वाले झुंड में रहने वाले जानवर हैं, जो आक्रामक और चंचल दोनों तरह के व्यवहार करते हैं। ये इन्सान को देखकर डरते हैं, पर भागते नहीं। वे आमतौर पर इन्सान से सतर्क रहते हैं।भारतीय भेड़िये झाड़ीदार जंगल, घास के मैदान, अर्ध-शुष्क क्षेत्र और कम घने जंगल में रहना पसंद करते हैं। ऐसे स्थान, जहां एकांत हो और वे मांद बना सकें, उनके पयार्वास की प्राथमिकता होती है। बहराइच का इलाका इसलिए उन्हें पसंद है। लेकिन जिस तरह से जलवायु परिवर्तन का प्रभाव उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों में हुआ है, जिसके अनुकूल होने में जानवरों को दशकों लगेंगे। फिलहाल वे मौसम के अस्वाभाविक परिवर्तन के कारण पैदा हुए पयार्वास और भोजन के हालात से जूझने के लिए पलायन कर रहे हैं।भेड़िए के व्यवहार में आ रहे बदलाव का कारण रैबीज के अलावा कोई रोग भी हो सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न हो रही नई बीमारियां और कीट, भेड़ियों और उनके शिकार को संक्रमित कर सकते हैं। यह भी उनके आक्रामक होने का एक कारण हो सकता है। किसी इलाके में इनकी संख्या वृद्धि या फिर सहवास न कर पाने के चलते भी इनमें आक्रामकता आती है।भेड़िए भी जंगल और प्राकृतिक संतुलन के लिए महत्वपूर्ण हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में गहन जंगलों वाले इलाके कम होने से इन्सान और जानवर में टकराव बढ़ता जा रहा है। आज जरूरत इस बात की है कि किसी जानवर को नरभक्षी बनने से कैसे रोका जाए, इसके लिए उनके लिए पर्याप्त जंगल और उनके स्वाभाविक आहार को संरक्षित करने का काम करना होगा।लगभग यही स्थिति हाथियों के साथ है जब जंगल की अंधाधुंध कटाई के कारण हाथी रांची शहर तक पहुंच गए थे । जान माल की क्षति के समाचारों से समाचार पत्र रंगे रहते हैं और ग्रामीण परेशान ।

**भेड़िए के व्यवहार में आ रहे बदलाव का कारण रैबीज के अलावा कोई रोग भी हो सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न हो रही नई बीमारियां और कीट, भेड़ियों और उनके शिकार को संक्रमित कर सकते हैं।**

# मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ीं आर्थिक मुश्किलें



आज की बात



\- ललित गर्ग

दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर ह्यरेवड़ी कल्चरह्ण पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है।

कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं।

दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है-अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का खतरा है। और इसके साथ निष्क्रियता एवं अकर्मण्यता को बल मिलेगा। हिंदुस्तान में लोगों को बहुत कम में जीवन निर्वहन करने की आदत है ऐसे में जब मुफ्त राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा मिलेगा तो काम क्यों करेंगे।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

आप की बात

## सनातन मानबिंदुओं, प्रतीकों और आराध्यों की अवमानना का कुचक्र कब तक



रमेश शर्मा

स्वाधीनता के 77 वर्ष बाद भी सनातन धर्म के मानबिन्दुओं, परंपराओं, मान्यताओं और आराध्यों की अवमानना का कुचक्र रुकने का नाम नहीं ले रहा। हाल ही में एक वेब सीरीज रिलीज हुई है जिसमें कंधार विमान अपहरण कांड के आतंकवादियों के नाम ₹भोला₹ और ₹शंकर₹ रखे गये हैं। विरोध के बाद निमार्ता ने नाम बदलने की घोषणा कर दी। लेकिन इस सीरीज ने एक बार फिर सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। सनातन धर्म के प्रतीकों और आस्था स्वरूपों को अपमानित करने का अभियान सल्तनतकाल में आरंभ हुआ था। तब न केवल मंदिर और आस्था के प्रतीकों को ध्वस्त किया गया था अपितु हेयतम प्राणियों के नाम सनातन परंपरा के आराध्यों और अवतारों का नाम पर रख कर परिहास करने के विवरण इतिहास के पन्नों में मिलते हैं। सल्तनतकाल बीता, अंग्रेजीकाल आया। अंग्रेजीकाल में मंदिर, मूर्तियों या अन्य आस्था के प्रतीकों का विध्वंस तो रुका लेकिन अवमानना का कुचक्र यथावत रहा। अब यह बौद्धिक स्तर पर आरंभ हुआ। अंग्रेजीकाल में इतिहास और साहित्य रचना कुछ ऐसी शैली में हुई जिससे सनातन परंपराएँ और आदर्श के पात्र परिहास अथवा घृणा का कारण बनें। ऐसी कहानियाँ लिखीं गईं, कविता और एकांकी तैयार हुये, कुछ फिल्मों का निर्माण हुआ। इनमें सोच-समझकर ऐसा कथानक तैयार किया गया जिसमें भारतीय मानबिन्दु विवादास्पद बनें अथवा हास्यास्पद ताकि जन सामान्य उनसे दूर हो। कितनी ऐसी फिल्में बनीं जिनमें आदर्श पौराणिक पात्र नारद जी को विदूषक की भाँति प्रस्तुत किया गया। एक फिल्म में नायक शिवमंदिर जाकर भगवान शिव को खरी-खोटी बातें सुनाता है। कितनी फिल्मों में पुजारियों की प्रस्तुति ऐसी हुई है मानों वे ढोंगी और पैसे ठगने वाले हों, अनेक फिल्मों में ठाकुरों को शराबी और शोषण कर्ता जैसी प्रस्तुति हुई। एक फिल्म में बनारस के गंगा घाट के एक पंडा का चरित्र कुछ ऐसा प्रस्तुत हुआ जो पूजा के बहाने श्रद्धालुओं की लूट और हत्या करता है। इन सबका उद्देश्य सनातन समाज को अपने मूल से दूर करना था। इतिहास और साहित्य में एक ओर सनातन प्रतीकों पर आक्षेपात्मक प्रस्तुतियाँ हुईं। इस सबका उद्देश्य भारत को कमजोर करना था। सल्तनतकाल गया, अंग्रेजीकाल भी गया लेकिन यह कुचक्र न रुक सका। दीपावली आने पर प्रदूषण बचाने की बात हो, होली पर पानी बचाने का अभियान चले या मंदिरों के स्थान पर अस्पताल बनाने का सुझाव आये। आधुनिकता अथवा मानवीय आदर्श के बहाने केवल सनातन परंपराओं, प्रतीकों और आस्था पर ही प्रश्न उपस्थित होते रहे हैं। इतिहास और साहित्य में एक ओर सनातन प्रतीकों पर आक्षेपात्मक प्रस्तुतियाँ हुई और दूसरी ओर क्रूरतम अपराधियों और आतंकवादियों के कारनामों को ढंकने के प्रयास हुए। वर्ष 1921 में मालाबार में हिन्दुओं के सामूहिक नरसंहार को शोषण के विरुद्ध संघर्ष बताकर हत्यारों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताने का प्रयास हो या मुम्बई हमला, मालाबार ब्लास्ट आदि घटनाओं में आतंकवादियों के बजाय निर्दोष नागरिकों को फंसाने का कुचक्र भी निरंतर चल रहा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# देश में बढ़ रही कुतर्क की राजनीति



सुरेश हिन्दुस्तानी

राजनीति में सकारात्मक दिशा के अभाव में देश को जो नुकसान उठाना पड़ता है, वह भले ही प्रत्यक्ष रूप में दिखाई नहीं दे, लेकिन उससे समाज पर प्रभाव अवश्य ही होता है। अगर यह प्रभाव नकारात्मक चिंतन की धारा के प्रवाह को गति देने वाला होगा तो देश को भी अपने अस्तित्व के लिए जूझना पड़ता है। वर्तमान में जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, उसे भटकाव पैदा करने वाली राजनीति कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इतना ही नहीं, जो विषय राजनीति के नहीं होने चाहिए, उनको भी राजनीतिक दल राजनीति के दल दल में ले जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार के किसी भी निर्णय का अपने हिसाब से परिभाषित करना राजनीति का प्रिय विषय बनता जा रहा है। इससे प्रायः मूल विषय बहुत पीछे छूट जाता है और बहस कहीं और चली जाती है। आज के राजनीतिक वातावरण का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि सभी राजनीतिक दलों के अपने अपने एजेंडे हैं। कोई भी किसी दूसरे की बात को ऐसे तर्क देकर उसका प्रक्षालन करते हैं, जैसे केवल उनकी ही बात सही है और बाकी सब गलत बयानी कर रहे हैं। हालांकि यह बात सही है कि कमी सभी जगह होती है, लेकिन कुछ अच्छे काम भी होते हैं, आज इन अच्छे कामों की चर्चा कहीं भी नहीं हो रही है। सब एक दूसरे की गलतियां निकालने में ही राजनीति का मुख्य उद्देश्य बनता जा रहा है। यह राजनीति की सकारात्मक दिशा तो कतई नहीं मानी जा सकती। हाँ्र इसे नकारात्मक राजनीति अवश्य कहा जा सकता है। ऐसी राजनीति आम जनता में भटकाव पैदा करती है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि जो जनता सरकार के विरोध का विचार रखती है, वह विपक्ष की हर बात को सही मानकर ही व्यवहार करेगी और जो विपक्ष की बातों पर भरोसा नहीं करती, उसे सत्ता पक्ष की बात मानने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वास्तव में ऐसी राजनीति के बजाय देश हित की राजनीति करने की ओर सभी दलों को आगे आना चाहिए। लेकिन आज के वातावरण में ऐसा होना संभव नहीं लगता। क्या यह सही नहीं है कि देश में भाजपा के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी है, लेकिन विपक्ष इस बहुमत वाली सरकार को पराजित सरकार कहकर लोकतंत्र का मजाक उड़ा रहा है। हालांकि यह मानने में कोई अतिरेक नहीं है कि विपक्ष पहले से मजबूत हुआ है, लेकिन वह विपक्ष में ही है। इसको भी खुले मन से स्वीकार करने की मानसिकता बनानी होगी, तभी हम कह सकते हैं कि राजनीति देश को सही दिशा में ले जाने की हो रही है। आजकल समाचार के विभिन्न माध्यमों पर सामयिक विषयों पर चर्चा होती है, लेकिन इन चचाओं में सभी तरफ से पूर्वाग्रह से ग्रसित व्यक्तियों को ही शामिल करने का चलन हो गया है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**महान् आमीन या 'ईश्वर का शब्द'। शब्दावली में देखें ओम्। धैर्य एवं एकाग्रित बुद्धि-युक्त चमत्कारिक हैं। जीर्ण मानसिक या शारीरिक रोगों का उपचार करने के लिए प्रतिज्ञापनों की पुनरावृत्ति प्रायः गहराई से एवं निरंतरता से करते रहना चाहिए।**

# प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

तहठी मानसिक या शारीरिक रोगों की अवचेतना में सदा गहरी जड़ होती है। रोग की गुप्त जड़ों को बाहर निकाल कर स्वास्थ्य लाभ किया जा सकता है। इसलिए चेतन मन के सभी प्रतिज्ञापन पर्याप्त रूप से प्रभावशाली होने चाहिए ताकि वे अवचेतना में व्याप्त हो जाएं, जो फिर से चेतन प्रतिज्ञापन मन और शरीर पर अवचेतना के माध्यम से प्रतिक्रिया करते हैं। इससे भी अधिक शक्तिशाली प्रतिज्ञापन केवल अवचेतन मन ही नहीं अपितु अधिचेतन मन में भी पहुंचते हैं- जो चमत्कारिक शक्तियों का जादुई भण्डार है।

महान् आमीन या ''ईश्वर का शब्द'' । शब्दावली में देखें ओम्। धैर्य एवं एकाग्रित बुद्धि-युक्त चमत्कारिक हैं। जीर्ण मानसिक या शारीरिक रोगों का उपचार करने के लिए प्रतिज्ञापनों की पुनरावृत्ति प्रायः गहराई से एवं निरन्तरता से करते रहना चाहिए (यदि कोई अपरिवर्तित या विरोधी स्थितियां हों तो उनकी पूर्णतया उपक्षा करते हुए), जब तक कि वे किसी के गहन अन्तर्ज्ञानात्मक दृढ़ विश्वासों का अंश न बन जाएं। अपने प्रतिज्ञापन को चुनें एवं उसे पूरा दोहराएं। पहले ऊंचे स्वर में, फिर मन्द फुसफुसाहट न बन जाए। फिर धीरे-धीरे से अपनी जिह्वा या होठों को हिलाए बिना दृढ़ता से इसका तब तक केवल मानसिक प्रतिज्ञापन करें। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

Anil Kumar
14h ·




Kailash Sahu and 42 others 11 comments

Like Comment Send Share

X से

Kirk Lubimov @KirkLubimov · 16h
How is Canada doing you ask?

This is how Canada is doing:




1.7K 2.9K 12K 1.2M

अलग बात

# भारतीय शेयर मार्केट आत्मनिरीक्षण की समयाविधि में



शशांक भारद्वाज
वीपी, चॉइस ब्रोकिंग

**निफ्टी** में लगातार 15 दिन तेजी दिखी थी परंतु सप्ताह के अंतिम व्यापारिक सत्र शुक्रवार को एक रहस्यमय सी तथा बड़ी बिकवाली दिखी। शुक्रवार को निफ्टी 52 अंक नीचे झुका ,फिर आरंभिक मिनटों में 72 अंक तेज हो गया था पर फिर तीव्र गिरावट आरंभ हो गई।एक समय निफ्टी 344 अंक लुढ़क गया था। अंत में भी 293 अंकों की बड़ी गिरावट पर बंद हुआ।ये बिकवाली रहस्यमय सी इसलिए कही जा सकती कि मार्केट में कोई ऐसा विशेष कारण नहीं था ,उल्टे अगस्त में 42 लाख नए डीमैट खाते खुले,ये लगातार तीसरा महीना था जब 40 लाख से अधिक डीमैट नए खाते खुले। कुल डीमैट खातों की संख्या 17 करोड़ 10 लाख हो गई। यह एक उत्साहजनक समाचार था क्योंकि डीमैट खाते खुलेंगे तो उनके माध्यम से शेयरों में निवेश आएगा न। गुरुवार को अमेरिकी शेयर मार्केट में मंदी थी 219 अंकों की परंतु भारतीय शेयर मार्केट इन दिनों सामान्यतया इतनी अमेरिकी मंदी को पचा पाने में सफल हो पा रहे थे।

शुक्रवार को ऐसा नहीं हो पाया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भी नकद संभाग में तो 621 करोड़ रूपए की ही बिकवाली की जिसके सामने भारतीय घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2121 करोड़ रूपए का बड़ा क्रय किया। एफआईआई के आंकड़ों को देखें तो शुक्रवार को उन्होंने इंडेक्स फ्यूचर में 3106 करोड़ का विक्रय किया जो अभी के कुछ दिनों में एक बड़ी बिकवाली थी,साथ ही स्टॉक फ्यूचर में भी 7266 करोड़ की बिक्री की।तो एफआईआई की फ्यूचर संभाग में बड़ी बिकवाली थी परंतु चिंतन का विषय यह है कि इसका कारण क्या था तथा यह इस स्तरों पर क्यों आई? हो सकता है उनके मन में कोई बड़ा नकारात्मक कारक बनने का कोई विशेष भाव हो। क्योंकि मूल्यांकन तो कई दिनों से 25000 निफ्टी के स्तर पर चल रहा था।ब्रेंट क्रूड धराशाई हो 71 डॉलर प्रति बैरल के निकट आ गया था जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छा था।क्रूड में तो अब अगले कुछ वर्षों में भी तेजी की संभावना समाप्त मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि आने वाले वर्षों में एआई के कारण अमेरिका में शेल भंडार में बड़ी वृद्धि देखी जा सकती है। अतः क्रूड में बड़ी तेजी का युग समाप्त सा ही लगता है। हां,अमेरिका में मंदी के संकेत पुनः उभरे हैं।वहां अगस्त की पीएमआई का आंकड़ा 47.2 आया परंतु भारत में तो पीएमआई 60.9 है जो आर्थिक गतिविधियों में तेजी बने रहने का संकेत है। इन सभी कारकों के आधार पर अगला सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट के लिए लघु अवधि की चाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण सा हो गया है। यह देखना रुचिकर होगा कि पिछले सप्ताह शुक्रवार की अचानक मंदी के प्रतिकार में कोई अचानक तेजी आती है क्या?

ऐसा हुआ तो मंदड़िए फंस सकते हैं तथा तब फिर एक अच्छी तेजी देखी जा सकती है। विश्व की एक प्रमुख ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली ने भारतीय शेयर मार्केट में थोड़ी मंदी आने की संभावना जतायी है परंतु उसने यह भी कहा है कि दीर्घ अवधि में मार्केट में तेजी का क्रम बना ही रहेगा। उसने अपने इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में भारत का वेट चीन के 21.58 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.57 प्रतिशत कर दिया है।इस वृद्धि से भारतीय शेयरों में 4.5 बिलियन डॉलर का बड़ा निवेश आने की संभावना है। अनेक अच्छे कारकों के पश्चात भी भारतीय शेयर मार्केट जिसमें अनेक क्षेत्र विशेष के शेयरों में कई कई गुणा तेजी देखी गई थी,एक अतिरेक का वातावरण बन गया था, पीई अनुपात 50 से ले कर 100 से भी अधिक हो गए थे,बिक्री तथा मार्केट पूंजीकरण का अनुपात शेयर मूल्यों कोक्यों खतरनाक हो रहे हैं जंगली जानवर?

इन दिनों उत्तर प्रदेश के बहराइच में भेड़िये का भय आदमखोर शेर से अधिक है। बीते कुछ दिनों में नौ बच्चों सहित दस लोग आदमखोर भेड़िये का शिकार हुए हैं। कुछ गांवों से पलायन शुरू हो गया है। वन विभाग अभी तक चार भेड़ियों को पकड़ चुका है, लेकिन अंधेरा होते ही भय, अफवाह और कोहराम शुरू हो जाता है। चार सितंबर को जब बीते 48 घंटों में छह बार भेड़िये के हमले की सूचना आई, तो राज्य सरकार ने गोली मारने के आदेश दे दिए।वैसे भारतीय भेड़िया (कैनिस ल्यूपस पैलिप्स) भूरे भेड़िये की एक लुप्तप्राय उप-प्रजाति है। चिड़ियाघरों में कोई 58 भेड़िये हैं, जबकि पूरे देश में 55 प्रजाति के तीन हजार से कम भेड़िये ही बचे हैं । उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में शायद इनकी संख्या तीन सौ भी न हो। आदमखोर भेड़ियों को मारना या पकड़ लेना तात्कालिक समाधान तो है, लेकिन गहन जंगल और गन्ने की सघन खेती वाले बहराइच में जानवर का नरभक्षी बन जाना इन्सान-जानवरों के टकराव की ऐसी अनबूझ पहेली है, जिसका हल नहीं खोजा, तो यह समस्या विस्तार ले सकती है। वनों से भरे झारखंड में भी इसे समझना होगा कि कोई भी जानवर या तो वह भोजन के लिए या फिर भय के चलते ही हमलावर होता है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# टीएमसी सांसद जवाहर सरकार ने दिया इस्तीफा

**ट्रेनी महिला डॉक्टर के रेप व हत्या मामले में राज्य सरकार की कार्रवाई से हैं नाराज**

एजेंसी। नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को रविवार को जोरदार झटका लगा। पार्टी से राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भेजा। उन्होंने लिखा, आपने मुझे राज्यसभा में पश्चिम बंगाल से सांसद के रूप में चुनकर सम्मानित किया है। हमारे राज्य की विभिन्न समस्याओं को केंद्र सरकार के ध्यान में लाने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। लेकिन काफी सोच-विचार के बाद मैंने सांसद पद से इस्तीफा देने और खुद को राजनीति से पूरी तरह अलग करने का फैसला किया है।
उन्होंने आगे लिखा, तीन साल पहले मुझे देश के उच्चतम स्तर पर राजनीतिक विचार और प्रक्रिया का अवलोकन और विश्लेषण करने का अमूल्य अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जीवन के अंतिम पड़ाव पर 69 से 70 वर्ष की आयु में कोई भी व्यक्ति किसी विशेष पद के लिए उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक क्षेत्र में नहीं उतरता, इसलिए मेरी कभी भी किसी पार्टी पद या किसी अन्य चीज के लिए कोई महत्वाकांक्षा नहीं रही।
अपनी सक्रिय भागीदारी का जिक्र भी उन्होंने किया। लिखा, दलगत राजनीति में प्रत्यक्ष भागीदार हुए बिना, सांसद बनने का मेरा एकमात्र उद्देश्य संसद में मोदी और भाजपा सरकारों की निरंकुश और सांप्रदायिक राजनीति को बेनकाब करने के संघर्ष में शामिल होना था। इस संघर्ष में एक छोटा सिपाही होते हुए भी, मैं संसद में कई बहसों में भाग लेने में सक्षम रहा हूं, जिसका प्रचुर प्रमाण संसद टीवी या यूट्यूब पर मिलता है।
मोदी सरकार की सत्तावादी, विभाजनकारी, भेदभावपूर्ण और अलोकतांत्रिक गतिविधियों और नीतियों की स्पष्ट रूप से और कड़ी आलोचना करने में सक्षम होने से मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है।
उन्होंने पत्र में आगे लिखा, मेरा विश्वास करें कि इस समय हम राज्य की आम जनता में जो स्वतःस्फूर्त आंदोलन और गुस्से का विस्फोट देख रहे हैं, उसका मूल कारण कुछ पसंदीदा नौकरशाहों और भ्रष्ट व्यक्तियों का बाहुबल है। मैंने अपने जीवन के सभी वर्षों में सरकार के प्रति इतना गुस्सा और पूर्ण अविश्वास कभी नहीं देखा। यहां तक ??कि जब सरकार कोई जानकारीपूर्ण या सच्चा बयान लोगों के सामने रख रही होती है तो भी लोग उस पर विश्वास नहीं करते। मैंने पिछले महीने आरजी कर अस्पताल की घृणित घटना के खिलाफ हर किसी की प्रतिक्रिया को धैर्यपूर्वक देखा है। सरकार अब जो दंडात्मक कदम उठा रही है, उसमें देरी हुई है।

## बंगाल में मेडिकल कॉलेजों से रेजिडेंट डॉक्टरों का ब्योरा मांगा

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर राज्य के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों से सभी रेजिडेंट डॉक्टरों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है। राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से मांगी गई जानकारी में पंजीकरण संख्या, आधार और पैन नंबर, मोबाइल नंबर और उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड का विवरण शामिल है। रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर और सीनियर रेजिडेंट के पद ऐसे पद हैं जिन पर तैनात डॉक्टरों को अस्पताल की ड्यूटी के अलावा निजी प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होती है। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक विवरण मांगने के पीछे के कारण का खुलासा नहीं किया है, लेकिन पिछले महीने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर में एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुए भयानक बलात्कार और हत्या के विरोध में जारी प्रदर्शनों के बीच चिकित्सा जगत में हलचल मचा दी है।

## बंगाल सीएम ममता बनर्जी पर हमलावर हुई भाजपा

**कोलकाता।** टीएमसी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार के रविवार को पार्टी से इस्तीफा देते ही भाजपा बंगाल की ममता सरकार पर हमलावर हो गयी है। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने बंगाल सीएम पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले को वह ठीक से संभाल नहीं पायी है। इसलिए उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।
अमित मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट करके ममता बनर्जी पर निशाना साधा और उनसे इस्तीफे की मांग की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'टीएमसी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने टीएमसी द्वारा संचालित पश्चिम बंगाल सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार और आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार और हत्या मामले को ठीक से न संभाल पाने का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया है।

# कन्हैया मित्तल ने कांग्रेस में शामिल होने का किया ऐलान

एजेंसी। चंडीगढ़



जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे भजन गाकर प्रसिद्ध हुए कन्हैया मित्तल ने रविवार को कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया। उन्होंने अपने बयान में कहा, आज सुबह हमारे एक मित्र का फोन आया। मैंने उनसे बात की। मैंने उन्हें बताया कि हो सकता है कि मैं कांग्रेस ज्वाइन करूं, क्योंकि मुझे लगता है कि सनातन की बात करने वाला एक ही दल ना हो। हर दल से सनातन की बात हो। हर किसी की मदद करने के लिए हर दल से बात होनी चाहिए, इसलिए मन में इच्छा हुई कि मैं कांग्रेस ज्वाइन करूं। भाजपा के बारे में उन्होंने कहा, मेरा इस पार्टी से कोई मतभेद नहीं है। कुछ लोग कह रहे हैं कि टिकट नहीं मिला, इसलिए कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं। अगर मुझे टिकट चाहिए होती, तो मैं खुद लोगों से बात करता और मुझे टिकट मिल जाता। कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने कभी भी किसी को नहीं कहा कि भाजपा को वोट दो। हमेशा से यही कहा कि जो राम मंदिर के लिए काम करें, उसका साथ दें, कहीं पर भी बैठकर हम काम कर सकते हैं। आप अपनी तपस्या सड़क पर भी कर सकते हैं और हिमालय में भी, पानी में भी कर सकते हैं, तो अग्नि में भी। ऐसा जरूरी नहीं है कि आप एक ही दल में रहकर अपनी तपस्या करो। हमने यह भजन हमारे महाराज योगी जी (योगी आदित्यनाथ) के लिए गाया था। वो आज भी हैं, कल भी हैं, सदैव रहेंगे। चाहे हम किसी भी दल में जाएं या ना जाएं। मालूम हो कि कन्हैया मित्तल के भजन 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' का उत्तर प्रदेश चुनाव में भाजपा ने इस्तेमाल किया था। खुद कई चुनावी रैलियों में कन्हैया यह भजन गाते दिखे थे।

# प्रयागराज में डबल मर्डर और सुसाइड का सनसनीखेज मामला आया सामने

**प्रयागराज ।** यूपी के प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में डबल मर्डर और सुसाइड की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जहां एक घर के कमरे में दो बेटियों का शव खून से लथपथ पाया गया। इसके अलावा, पिता का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आशंका जताई जा रही है कि मृतक ने पहले अपनी बेटियों की हत्या चाकू से गोदकर की और बाद में खुद फांसी के फंदे पर लटक गया। जांच के लिए फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। इस पूरे मामले में पुलिस सभी पहलुओं को लेकर गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच के अनुसार मृतक ने पहले अपनी बेटियों की हत्या की और फिर खुद फांसी लगा लिया। पुलिस परिजनों से बातचीत करके अधिक जानकारी जुटा रही है। साक्ष्य के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पहचान मनीष के रूप में हुई है, जो पेशे से एक पेंटर है। प्रयागराज के एडिशनल सीपी एन कोलांची ने बताया कि 112 हेल्पलाइन के जरिए हमें जानकारी मिली थी कि धूमनगंज इलाके स्थित एक घर के अंदर एक शख्स का शव फांसी के फंदे पर लटका है और उनकी दो बेटियों (एक की उम्र पांच साल और एक की उम्र तीन साल) का शव भी पड़ा है।

# हादसे में 28 से ज्यादा लोग घायल, आठ मौतों की पुष्टि

एजेंसी। लखनऊ



लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार शाम करीब पांच बजे तीन मंजिला इमारत ढहने की घटना में तीन और लोगों की मौत के साथ इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। हादसे में 28 लोग घायल भी हुए हैं। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने रविवार को बताया कि बचाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने तीन और लोगों-राज किशोर (27), रुद्र यादव (24) और जगरूप सिंह (35) के शव बरामद किए। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की तादाद बढ़कर आठ हो गई। कुमार के मुताबिक, इमारत ढहने की घटना में पंकज तिवारी (40), धीरज गुप्ता (48), अरुण सोनकर (28), राज किशोर (27) और जसमीत सिंह (41) की मौत की पुष्टि शनिवार को ही हो गई थी। दुर्घटना में पांच महिलाओं समेत 28 लोग घायल हुए हैं। कुमार ने बताया कि मलबे के नीचे कोई और न दबा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बचाव अभियान अब भी जारी है। पुलिस के अनुसार, इमारत करीब चार साल पहले बनाई गई थी और वर्तमान में वहां कुछ निर्माण कार्य हो रहा था। शनिवार शाम करीब 4.45 बजे यह हादसा तब हुआ, तब ज्यादातर पीड़ित भूतल पर काम कर रहे थे। घायलों को लोक बंधु अस्पताल समेत जिले के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस इमारत का इस्तेमाल गोदाम के तौर पर किया जा रहा था।

## लखनऊ हादसे पर राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में इमारत ढहने की घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया के जरिए दी।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लखनऊ हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''लखनऊ में बिल्डिंग गिरने की दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

## बक्सर में कपलिंग टूटने से दो हिस्सों में बंटी मगध एक्सप्रेस

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन के पास आज यानी रविवार को इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस की कपलिंग टूट गई, जिससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। घटना के बाद यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि घटना में कोई जान माल के नुकसान की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक, बिहार के डुमरांव और टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन के बीच धरौली हॉल्ट के समीप कपलिंग टूटने से मगध एक्सप्रेस दो टुकड़ों में बंट गई है और तेज झटके के साथ ट्रेन रुक गई। वहीं, इस हादसे के बाद से रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया है। इसके बाद घटना की जानकारी बक्सर रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों को दी गई। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए है। डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया, "कपलिंग के कारण ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई।

### छत्तीसगढ़ में 3 भाइयों की पीट-पीटकर हत्या

# गणेश पंडाल में डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, कई घायल

एजेंसी। दुर्ग



छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शनिवार देर रात गणेश पंडाल में डांस को लेकर दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। 2 सगे भाइयों सहित 3 लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस दौरान हुई चाकूबाजी में कई लोग घायल भी हुए हैं। एक की हालत गंभीर है। मामला नंदनी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नंदनी खुंदनी गांव में पुराना शीतला गणेश उत्सव समिति की ओर से 6 सितंबर को गणेशजी मूर्ति स्थापना उत्सव मनाया जा रहा था। इस युवक डीजे पर डांस कर रहे थे। तभी यादव मोहल्ले के धन्नू, करण, वासु और राजेश अपने दोस्तों के साथ वहां पहुंचे और डांस करने लगे।
**सुबह सुलह, रात में हत्या :** दूसरे मोहल्ले के लोग पहुंचे तो समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मामला शांत होने पर अगले दिन शनिवार सुबह मोहल्ले के बड़े-बुजुर्ग लोगों ने उन्हें बुलाया और आपस में सुलह करवा दी। बताया जा रहा है कि, इसके बाद रात करीब 8 बजे वासु यादव ने आकाश पटेल को फोन कर शीतला मंदिर के पास बुलाया। आरोप है कि जैसे ही आकाश वहां पहुंचा तो धन्नु यादव मारपीट करने लगा। इसी बीच आकाश पटेल के 8-10 साथी वहां पहुंच गए।
दोनों पक्षों में चले लाठी-डंडे, चाकू
उन लोगों ने लाठी-डंडे और लात-घूंसे से धन्नू यादव, करण यादव और वासु यादव की जमकर पिटाई कर दी। दोनों गुट में चाकूबाजी भी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अलीगढ़ में दिव्यांग के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में एक दिव्यांग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। आरोपी लड़की का पड़ोसी है। शख्स ने 5 सितंबर को वारदात को अंजाम दिया। मामले का खुलासा रविवार को हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फिलहाल फरार है। स्थानीय पुलिस अधिकारी रंजन शर्मा ने बताया कि 5 सितंबर को थाना गभाना के अंतर्गत एक दिव्यांग लड़की के साथ उसके ही पड़ोसी ने दुष्कर्म किया था। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अगस्त के आरंभ में एक महिला डॉक्टर से बलात्कार एवं हत्या के बाद देश भर में ऐसी घटनाओं के प्रति लोगों में काफी रोष है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें।

**मिथुन :** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। राजकीय कार्यों से लाभ।

**सिंह :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**तुला :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।

**मकर :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**कुंभ :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। यात्रा का योग है। आय के योग बनेंगे।

**मीन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

# आधार कार्ड के लिए अलग-अलग कानून समझ से परे : नीरज कुमार

एजेंसी। पटना



असम सरकार द्वारा राज्य के कुछ जिलों में आधार कार्ड बनवाने के लिए एनआरसी आवेदन संख्या अनिवार्य करने के आदेश के बाद राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता नीरज कुमार ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि आधार कार्ड के लिए अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग कानून की बात समझ से परे है। राजद नेता ने यहां कहा, मैं जहां तक समझ पाता हूं कि आधार कार्ड राष्ट्रीय स्तर पर बनता है। इसके लिए देश के अंदर एक ही नीति है। एक देश, एक कानून की बात भी होती है। तो ऐसी स्थिति में आधार कार्ड के लिए बिहार में अलग मापदंड, असम में अलग मापदंड, पश्चिम बंगाल में अलग मापदंड हो, यह समझ में नहीं आता है। एनआरसी जैसे गंभीर मुद्दे पर विभिन्न दलों की अलग-अलग राय है। तो ऐसे सवाल पर आपस में सहमति का रास्ता भी तो निकालना चाहिए। यह महत्वपूर्ण विषय है। अब मैं नहीं जानता कि आधार कार्ड बनाने के लिए एनआरसी नंबर का क्या मतलब है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा था कि कुछ जिलों में आधार कार्ड बनवाने के लिए लोगों को एनआरसी नंबर देने होंगे।

## पहलवान बजरंग पूनिया को जान से मारने की धमकी

**सोनीपत।** दो दिन पहले कांग्रेस में शामिल हुए पहलवान बजरंग पुनिया को जान से मारने की धमकी दी गई है। कांग्रेस ने उन्हें ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन नियुक्त किया है। बजरंग पूनिया के मोबाइल नंबर पर धमकी भरा मैसेज आया। व्हाट्सएप पर भेजे गए संदेश में लिखा था कि बजरंग, कांग्रेस छोड़ दो। वरना तेरे और तेरे परिवार के लिए ये अच्छा नहीं होगा। ये हमारा आखिरी संदेश है। चुनाव से पहले हम दिखा देंगे कि हम क्या चीज़ हैं। जहां शिकायत करनी है कर लो, ये हमारी पहली और आखिरी चेतावनी है। कांग्रेस नेता बजरंग पूनिया ने बहालगढ़ थाना में इस धमकी को लेकर शिकायत मिली है।

# एलुमिना प्लांट में हादसा, 7-8 मजदूर दबे, 3 की हुई मौत

एजेंसी। सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सरगुजा में मां कुदरगढ़ी एलुमिना प्लांट में कोयले से लोड हॉपर और करीब 150 फीट बेल्ट गिर जाने से 7-8 मजदूर दब गए। इनमें से 3 की मौत हो गई। 2-3 मजदूर के और दबे होने की आशंका है। बताया जा रहा है भूसा लोड करने वाले हॉपर में कोयला लोड किया जा रहा था।
सिलसिला में संचालित मां कुदरगढ़ी एलुमिना प्लांट में सुबह करीब 11 बजे काम चल रहा था। इसी दौरान कोयला लोड हॉपर नीचे गिर पड़ा। उसके साथ ही हॉपर से बॉयलर तक कोयला ले जाने वाली बेल्ट भी फ्रेम सहित गिर पड़ी। हादसे के दौरान वहां काम कर रहे मजदूर दब गए।
राहत-बचाव कार्य जारी
हादसे के बाद प्लांट में अफरा-तफरी मच गई। वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों ने हाइड्रा और जेसीबी सहित मशीनों की मदद से मलबा हटाकर दबे लोगों को बाहर निकालने का काम शुरू किया। एंबुलेंस से कुछ मजदूर को सरगुजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने 2 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। उनके नाम मनोज और प्रिंस राज बताए जा रहे हैं। वहीं इलाज के दौरान एक और मजदूर ने दम तोड़ दिया।

## ओडिशा में मनाया गया फसल उत्सव 'नुआखाई'

**भुवनेश्वर ।** 'नुआखाई' ओडिशा राज्य का वार्षिक फसल उत्सव है। यह त्यौहार रविवार को पश्चिमी ओडिशा में पारंपरिक धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। यह वार्षिक उत्सव मौसम की नई फसलों की कटाई का प्रतीक है। इसमें लोग अपने इष्टदेवों और पूर्वजों को 'नबन्ना (मौसम की पहली कटी हुई चावल की फसल)' अर्पित करते हैं। देवताओं को यह प्रसाद 'लग्न' और 'तिथि' पर चढ़ाया जाता है। यह राज्य के पश्चिमी भाग का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। परंपरा के अनुसार, रविवार को सुबह 9.12 से 9.27 बजे के बीच संबलपुर की अधिष्ठात्री देवी समलेश्वरी को नवान्न का भोग लगाया गया।

### अखिलेश यादव पर योगी आदित्यनाथ ने कसा तंज

# सत्ता तो विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं मिलती

एजेंसी। अंबेडकरनगर



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि सत्ता तो विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं। योगी ने कहा कि जो लोग सत्ता को अपनी जागीर समझते थे, वे अब सत्ता में वापस आने के लिए अराजकता पैदा करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के शासनकाल में गुंडे और माफिया अपनी ह्यसमानांतरह्ण सरकार चलाते थे, लेकिन 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद से हालात बदल गए और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होने लगी। मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर में 1,231 करोड़ रुपये की लागत वाली 6,778 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार चलाने के लिए जज्बा चाहिए, दिल चाहिए और दिमाग भी चाहिए। सत्ता विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं। उन्होंने कहा, 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के संरक्षण में पलने वाले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। उस समय अंबेडकरनगर में हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष और टांडा निवासी हमारे प्रमुख कार्यकर्ता की हत्या हुई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। तब भी मुझे आंदोलन करने के लिए यहां आना पड़ा था। योगी ने कहा, 2017 से पहले पुलिस भागती थी और गुंडे उन्हें दौड़ाते थे। मगर 2017 के बाद से गुंडे-माफिया भाग रहे और पुलिस उन्हें दौड़ा रही। अगर किसी अपराधी ने कहीं कोई दुस्साहस किया तो सरकार किसी भी हद तक जाकर उसके दुस्साहस का जवाब देगी। मुख्यमंत्री ने सुल्तानपुर में एक सरार्फा व्यवसायी के यहां हुई डेढ़ करोड़ रुपये की लूट मामले के आरोपी मंगेश यादव की पुलिस मुठभेड़ में मौत पर अखिलेश द्वारा सवाल उठाए जाने की तरफ इशारा करते हुए कहा, आप मुझे बताएं कि अगर कोई डकैत पुलिस से मुठभेड़ में मारा जाता है, तो सपा को बुरा क्यों लगता है।

## भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की छठी लिस्ट

**नई दिल्ली ।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को अपनी छठी लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने लिस्ट में 10 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। खास बात ये है कि भाजपा ने 5 मुस्लिम चेहरों को टिकट दिया है। भाजपा ने ऊधमपुर पूर्व से आर एस पठानिया और मढ़ से सुरिंदर भगत को चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा ने करनाह से मो. इदरीस करनाह, हंडवाड़ा से गुलाम मोहम्मद मीर, सोनावारी से अब्दुल रशीद खान, बांदीपोरा से नसीर अहमद लोन, गुरेज से फकीर मोहम्मद खान को टिकट थमाया है। इसके अलावा पार्टी ने ऊधमपुर पूर्व से आर एस पठानिया, कठुआ से डॉ. भरत भूषण, बिश्नाह से राजीव भगत, बाहु से विक्रम रंधावा, मढ़ से सुरिंदर भगत को अपना उम्मीदवार बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी कयिा था। उन्होंने बताया था कि अगर घाटी में हमारी सरकार बनती है।

# नीतीश का जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं : अखिलेश



एजेंसी। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इधर-उधर नहीं जाएंगे वाले बयान पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने रविवार को कहा कि नीतीश जनता के हितों में काम न करके खुद "इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। अब तो एक बात साफ हो चुकी है कि इन्हें जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है।
कांग्रेस नेता ने कहा, नीतीश कुमार बिहार के लोगों का भला करें। यहां कानून-व्यवस्था दुरुस्त करें। यहां के लोगों की बेरोजगारी दूर करें। अशिक्षा को समाप्त करें। प्रदेश में शिक्षा को बढ़ाएं, लोगों की बदहाली खत्म करें। लोगों की व्यक्तिगत आय बढ़ाने की दिशा में कदम उठाएं, लेकिन इन सब बातों पर ध्यान न देते हुए मुख्यमंत्री इधर-उधर जाने पर बयान दे रहे हैं। इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा, नीतीश कुमार बार-बार कहते रहते हैं कि इधर नहीं जाएंगे, उधर नहीं जाएंगे, लेकिन खास बात यह है कि वह बार-बार यही बोल-बोल कर आते-जाते रहते हैं। मंत्री अशोक चौधरी के इस दावे पर कि राष्ट्रीय जनता दल के कई विधायक उनके संपर्क में हैं और टूटने वाले हैं, अखिलेश सिंह ने कहा, अशोक चौधरी अब बड़े नेता हो गए हैं। वह अपनी गद्दी बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उनका कोई ठिकाना नहीं है।



# नई खेल संस्कृति की नींव साबित होगा पेरिस पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक में भारत का अभियान समाप्त हो गया है। भारतीय खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए टोक्यो पैरालंपिक के रिकॉर्ड को भी बहुत पीछे छोड़ दिया है। भारत ने टोक्यो में हुए पैरालंपिक खेलों में 19 मेडल जीते थे। इस बार भारत ने 29 मेडल के साथ अपना अभियान समाप्त किया जो पैरालंपिक शुरू होने से पहले दिए गए 'अबकी बार 25 पार' के नारे के अनुरूप है। इन 29 मेडल में 7 गोल्ड मेडल हैं। इसके अलावा 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज मेडल हैं। भारत इन मेडल के साथ मेडल टैली में 18वें स्थान पर रहा। यह एक ऐसा प्रदर्शन, जो समाज में दिव्यांग व्यक्तियों की आवाज को और बुलंदी से पहुंचाने का काम करेगा। पैरा एथलेटिक्स में तो भारत ने कमाल कर दिया जहां कुल 17 पदक जीते गए। टोक्यो में भारत ने 8 पदक एथलेटिक्स में जीते थे। भारत ने खासकर थ्रोइंग स्पोर्ट्स में बहुत खास प्रदर्शन किया। इसलिए पैरालंपिक के इतिहास में भारत ने पहली बार ट्रैक इवेंट में मेडल जीता। प्रीति पॉल ने 100 मीटर और 200 मीटर की टी35 रेस में दो मेडल जीते। दीप्ति दीवानजी ने 400 मीटर टी20 इवेंट में मेडल जीता। सिमरन ने 200 मीटर टी12 इवेंट में पदक जीता।

**29** मेडल के साथ इस बार भारत ने अपना अभियान किया समाप्त

**7** गोल्ड मेडल

**9** सिल्वर और **13** ब्रॉन्ज मेडल हैं

# आर्यना सबालेंका बनीं यूएस ओपन महिला एकल चैंपियन



**2016** के बाद एक ही सीजन में दोनों हार्ड-कोर्ट मेजर जीतने वाली पहली महिला

### एक घंटे 53 मिनट चले मुकाबले में अमेरिका की जेसिका को 7-5, 7-5 से हराया

**न्यूयॉर्क।** आर्यना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त दिग्गज खिलाड़ी ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 53 मिनट तक चला। दूसरे सेट में 3-0 से आगे चल रही सबालेंका को पेगुला की जोरदार वापसी का सामना करना पड़ा, जिन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर तीसरे सेट पर लगभग कब्जा जमा लिया था। लेकिन सबालेंका ने लगातार चार गेम जीतकर वापसी की और अपनी पहली यूएस ओपन सिंगल्स ट्रॉफी जीती। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका 2016 के बाद से एक ही सीजन में दोनों हार्ड-कोर्ट मेजर जीतने वाली पहली महिला बन गईं। इससे पहले यह रिकॉर्ड जर्मनी की एंजेलिक केर्बर के नाम था, जिन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन दोनों खिताब जीते थे। इस खिताब के साथ, सबालेंका को हार्ड कोर्ट और बड़े इवेंट की 'क्वीन' का ताज भी पहनाया जा सकता है। उनके पिछले दो प्रमुख खिताब ऑस्ट्रेलियन ओपन हार्ड कोर्ट पर जीते गए थे, जो इस साल जनवरी में और 2023 में आयोजित हुए थे। मेजर के अलावा, सबालेंका के 13 में से 11 खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते गए हैं। नंबर 2 सीड ने लगातार 12 मैच हार्ड कोर्ट पर जीते हैं, दो हफ्ते पहले उसने सिनसिनाटी ओपन जीता था। वहां, उन्होंने फाइनल में पेगुला को हराया था। सबालेंका विश्व में दूसरे स्थान पर बनी रहेगी और क्वार्टर फाइनल में हारने के बावजूद इगा स्वीयाटेक अपना नंबर 1 स्थान बरकरार रखेंगी। हालांकि पेगुला ट्रॉफी नहीं जीत पाईं, लेकिन अपने सर्वश्रेष्ठ मेजर इवेंट के बाद वह अपने करियर की नई उच्च डब्ल्यूटीए रैंकिंग हासिल करेंगी। सोमवार को अमेरिकी खिलाड़ी तीन पायदान ऊपर चढ़कर विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगी।



# रांची जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला योगासन खेल संघ के तत्वावधान में रविवार को पांचवा जिला स्तरीय योगासन खेल का आयोजन डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर मधुलिका वर्मा , विशिष्ट अतिथि समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी , सामाजिक कार्यकर्ता जय श्रीवास्तव, शिक्षिका नेहा रानी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में जूनियर और सब जूनियर वर्ग के बालक-बालिका शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव विपिन पांडे और सभी अतिथियों ने बधाई देते उज्जवल भविष्य की कामना की। विभिन्न योगासन खेल वर्ग ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक सिंगल रिदमिक, आर्टिस्टिक पेयार में विभिन्न प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिला सचिव संतोषी कुमारी, कोषाध्यक्ष घोषाल, सचिन आर्य प्रहलाद भगत, तकनीकी सचिव शंकर राणा,संगठन के तकनीकी पदाधिकारी पूजा सिंह, सोनाली सरकार, विकास चैताली मुखर्जी, चंदू कुमार, प्रशांत सिंह, राहुल, पवन कुमार, विजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# भारत और पाकिस्तान के बीच काफी प्यार है : सईद अजमल

**नई दिल्ली।** मंच कोई भी हो लेकिन बात जब भारत बनाम पाकिस्तान की होती है, तो दोनों देशों की सियासत और आम लोगों के बीच एक गजब जोश नजर आता है। एशिया कप को लेकर दोनों देश आमने-सामने है। इस बीच पूर्व ऑफ स्पिनर सईद अजमल ने दोनों देशों के बीच एक प्यारा रिश्ता जोड़ा है। दोनों देशों के बीच काफी प्यार है और उन्हें एक दूसरे के देश में क्रिकेट खेलना चाहिए', ये शब्द पूर्व पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर सईद अजमल के हैं। इसका दोनों मुल्कों के क्रिकेट बोर्ड पर क्या असर पड़ेगा इसका अंदाजा लगाना तो मुश्किल है, लेकिन फैंस के बीच इस बयान ने हलचल तेज कर दी है। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2012/13 में तीन मैचों की टी20 सीरीज और इतने ही वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा किया था। भारत ने आखिरी बार 2008 एशिया कप में पाकिस्तान का दौरा किया था। 2007 के बाद से दोनों टीमों के बीच कोई टेस्ट सीरीज नहीं हुई है।

# एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष बने खेल प्रशासक रणधीर सिंह

**नई दिल्ली।** अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने गए हैं। रविवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित 44वीं ओसीए आम सभा में इसकी घोषणा की गई। वह ओसीए अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय हैं। ओसीए ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पांच बार के ओलंपियन 77 वर्षीय रणधीर सिंह ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया। उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा। आम सभा में अध्यक्ष, पांच क्षेत्रों के लिए पांच उपाध्यक्ष और पांच कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नए कार्यकारी बोर्ड की ओर से रणधीर ने कहा कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और आपने जो प्यार और स्नेह दिखाया है।

## मोईन टीम के लिए खेलने वाले सबसे 'निस्वार्थ' खिलाड़ी थे : एलिस्टेयर कुक

**लंदन।** इंग्लैंड के सर्वकालिक शीर्ष रन स्कोरर और पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने इस ऑलराउंडर की तारीफ में कसीदे पढ़े। बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल पर एलिस्टेयर कुक ने कहा, मोईन शायद इंग्लैंड के लिए खेलने वाले सबसे निस्वार्थ खिलाड़ी थे। वह टीम की जरूरत के हिसाब से कुछ भी कर सकते थे, शायद अपने करियर को दांव पर लगाने के बावजूद, उन्होंने एक से आठ तक बल्लेबाजी की। उन्हें एक बल्लेबाज के रूप में चुना गया था, लेकिन उन्होंने अपनी गेंदबाजी को जिस हद तक विकसित किया वह अद्भुत था। वह लोगों की कल्पना से कहीं ज्यादा मजबूत थे। मुश्किल क्षणों में, वह एक साहसी क्रिकेटर थे।

# ऑलराउंडर मोईन अली का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास




**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर मोईन अली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उनका यह फैसला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर रहने के ठीक बाद आया है। मोईन ने आखिरी बार गयाना में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत से हार के दौरान इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया था। मोईन ने डेली मेल को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मैं 37 साल का हो गया हूं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सफेद गेंद सीरीज के लिए मेरा चयन नहीं हुआ। मैंने इंग्लैंड के लिए काफी क्रिकेट खेला है और अब अगली पीढ़ी का समय है, जैसा मुझे समझाया गया। मुझे लगा यह सही समय है, मैंने अपना योगदान दे दिया है।" उन्होंने कहा, मुझे बहुत गर्व है। जब आप पहली बार इंग्लैंड के लिए खेलते हैं, तो आपको नहीं पता होता कि आपको कितने मैच खेलने हैं। इसलिए लगभग 300 मैच खेलना... मेरे शुरूआती कुछ साल टेस्ट क्रिकेट के इर्द-गिर्द ही बीते। जब इयोन मोर्गन ने वनडे क्रिकेट की कमान संभाली, तो यह और भी मजेदार हो गया। लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट था। 2014 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले मोईन ने इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट, 138 वनडे और 92 टी 20 में बतौर ऑलराउंडर खेला। इंग्लैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय फॉर्मेट में मोईन ने 6678 रन, 8 शतक, 28 अर्धशतक बनाये और 366 विकेट लिए। 37 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल एशेज के बाद दूसरी बार टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके थे। सबसे पहले उन्होंने सितंबर 2021 में भारत के खिलाफ इंग्लैंड की सीरीज के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

## मलेशिया ने आखिरी क्षणों में किए गए गोल से पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका

**मोकी।** हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के शुरूआती दो मैच रोमांचक ड्रॉ पर समाप्त हुए। कोरिया ने दिन के पहले मैच में जापान को 5-5 गोल से बराबरी पर रोका, लेकिन रविवार को मलेशिया ने आखिरी क्षणों के गोल से पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका। नवनियुक्त मुख्य कोच ताहिर जहान के मार्गदर्शन में खेलते हुए पाकिस्तान ने पहले क्वार्टर में आक्रामक खेल दिखाते हुए अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। हालांकि मलेशिया ने अपने डिफेंस को मजबूत रखा और गोल पर सफल शॉट नहीं लगने दिए, लेकिन पहले हूटर के लिए कुछ सेकंड बचे होने पर सर्कल में उल्लंघन के कारण पाकिस्तान को पीसी मिल गया। हालांकि, चार रीटेक के बावजूद, उनके स्टार ड्रैग फ्लिकर अबू महमूद मलेशियाई रशर्स को भेद नहीं पाए। 24वें मिनट में पीसी हासिल करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पीसी से पहले जमान द्वारा महमूद को दिए गए कुछ त्वरित सुझावों ने उन्हें पेनल्टी कॉर्नर अटैक में बदलाव करने के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण सुफयान खान ने गोल किया और पाकिस्तान को 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। 1-0 की बढ़त के साथ, पाकिस्तान ने 10 मिनट के हाफ-टाइम ब्रेक से वापसी की और 32वें मिनट में जिक्रिया हयात द्वारा एक शानदार फील्ड गोल किया। पांच मिनट बाद पाकिस्तान की रक्षात्मक त्रुटि के कारण उन्हें एक पीसी मलेशिया को देना पड़ा। अनुभवी फैजल सारी ने एक बेहतरीन गोल करके गोल अंतर को 1-2 पर ला दिया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत का कपड़ा उद्योग तेज वृद्धि के लिए तैयार

# पीएलआई स्कीम का मिलेगा फायदा : केंद्रीय कपड़ा मंत्री

**2030** तक इस उद्योग का आकार बढ़कर 350 अरब डॉलर का हो सकता है

**2024** में कपड़ा और परिधान क्षेत्र का कुल निर्यात जुलाई में 2,937.56 मिलियन डॉलर रहा

**2023** में जुलाई को 2,805.01 मिलियन डॉलर था



भारत का कपड़ा और परिधान निर्यात जुलाई में बढ़ने की वजह अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में मजबूत मांग का होना था।



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के कपड़ा उद्योग में आने वाले वर्षों में तेज वृद्धि दर देखने को मिल सकती है और इस उद्योग का आकार बढ़कर 2030 तक 350 अरब डॉलर का हो सकता है। इस दौरान करीब 3.5 करोड़ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने नई दिल्ली में एक इवेंट के दौरान कहा कि भारत के कपड़ा उद्योग का आकार 2030 तक बढ़कर 350 अरब डॉलर का हो सकता है और इस दौरान करीब 3.5 करोड़ अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

मंत्री ने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कपड़ा उद्योग की प्रगति के लिए लाई गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम से परिधान उद्योग का प्रोडक्शन बढ़ेगा और उद्योग अपनी ब्रांडिंग करने में सक्षम हो पाएंगे। साथ ही पीएलआई स्कीम की मदद से कपड़ा उद्योग में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय कपड़ा मंत्री के मुताबिक, भारत अपने डेमोग्राफिक डिविडेंड के कारण आने वाले वर्षों में कपड़ा उद्योग की वृद्धि दर के मामले में चीन को आसानी से पीछे छोड़ सकता है। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) की ओर से पिछले महीने जारी किए गए डेटा के मुताबिक, भारत के परिधान निर्यात में जुलाई में 11.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। जुलाई में परिधान का निर्यात बढ़कर 1,277.20 मिलियन डॉलर हो गया, जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 1,141 मिलियन डॉलर था। वहीं, कपड़ों का निर्यात 1,660.36 मिलियन डॉलर हो गया है, जो कि जुलाई में 1,663.06 मिलियन डॉलर था। कपड़ा और परिधान क्षेत्र का कुल निर्यात जुलाई 2024 में 2,937.56 मिलियन डॉलर रहा, जो कि जुलाई 2023 में 2,805.01 मिलियन डॉलर था। बता दें कि भारत का कपड़ा और परिधान निर्यात जुलाई में बढ़ने की वजह अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में मजबूत मांग का होना था।

# टॉप आठ कंपनियों का मार्केट कैप २ लाख करोड़ घटा, रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान

**रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 60,824.68 करोड़ रुपये घटकर 19,82,282.42 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 34,136.66 करोड़ रुपये घटकर 16,12,762.51 करोड़ रुपये रहा।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के साथ देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के मार्केट कैप (टूंस्र) में पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 2,01,699.77 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,181.84 अंक यानी 1.43 प्रतिशत नुकसान में रहा। बाजार पूंजीकरण से आशय कंपनी के शेयर के कुल मूल्य से है। इसे कुल जारी शेयर को मौजूदा बाजार भाव पर गुना कर प्राप्त किया जाता है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 60,824.68 करोड़ रुपये घटकर 19,82,282.42 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 34,136.66 करोड़ रुपये घटकर 16,12,762.51 करोड़ रुपये रहा।

भारतीय स्टेट बैंक का एमकैप 29,495.84 करोड़ रुपये घटकर 6,98,440.13 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 28,379.54 करोड़ रुपये घटकर 8,76,207.58 करोड़ रुपये रहा। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 17,061.44 करोड़ रुपये घटकर 7,89,819.06 करोड़ रुपये और भारतीय जीवन बीमा निगम का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 16,381.74 करोड़ रुपये घटकर 6,57,009.14 करोड़ रुपये पर रहा। आईसीआईसीआई बैंक का एमकैप 15,169.76 करोड़ रुपये घटकर 8,51,204.65 करोड़ रुपये और आईटीसी का एमकैप 250.11 करोड़ रुपये घटकर 6,27,337.65 करोड़ रुपये रहा।

# विभिन्न कारोबार को अलग करने से वेदांता परिसंपत्ति मालिक बनेगी : अनिल अग्रवाल



*वेदांता का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही में 36.5 प्रतिशत बढ़कर 3,606 करोड़ रुपये रहा। बेहतर मार्जिन और लागत में कमी के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 2,640 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।*

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा है कि विभिन्न कारोबार को अलग करने के प्रस्ताव से कंपनी परिसंपत्ति प्रबंधक से परिसंपत्ति मालिक बनेगी। विभिन्न कारोबारों से जुड़ी वेदांता 15 से अधिक जिंसों का प्रतिनिधित्व करती है।

इकाइयों को अलग करने से एल्युमीनियम, तेल एवं गैस, बिजली, स्टील और लौह सामग्री तथा मूल धातु में कारोबार वाली स्वतंत्र कंपनियां अस्तित्व में आएंगी। मौजूदा जस्ता और नये इनक्यूबेटेड कारोबार वेदांता लि. के अंतर्गत बने रहेंगे।

अग्रवाल ने एक नवीनतम रिपोर्ट में कहा, हमारे विस्तार के कदम हमारे कारोबारी मॉडल में बदलाव लाने की योजना के अनुरूप हैं। 15 से अधिक वस्तुओं का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे विविध कारोबारों को अलग करने से हम परिसंपत्ति प्रबंधक से परिसंपत्ति मालिक के रूप में प्रगति करेंगे। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे कंपनी बदलाव के दौर से गुजर रही है, वेदांता अपने परिसंपत्ति आधार को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है ताकि वह अपने प्रत्येक क्षेत्र में विश्व में अगुवा बन सके। प्राकृतिक संसाधन कंपनी वेदांता लि. ने कर्जदाताओं से मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण में कारोबारों को अलग करने की योजना का प्रस्ताव दिया है।

उसे इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए प्रक्रिया चालू वित्त वर्ष के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। वेदांता रिसोर्सेज की अनुषंगी वेदांता लि. को अपने कारोबारों को अलग करने के प्रस्ताव के लिए 75 प्रतिशत सुरक्षित कर्जदाताओं से मंजूरी मिल गई है।

# बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का आज खुलेगा आईपीओ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का आईपीओ सोमवार को सब्सक्राइब करने के लिए खुल जाएगा। कंपनी ने अपने इश्यू के लिए 66-70 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। गैर बैंकिंग फाइनेंस कंपनी बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का क्ढड 9 सितंबर को ओपन हो रहा है। बजाज ग्रुप की ये कंपनी 6560 करोड़ रुपये का फंड जुटाकर अब पब्लिक होना चाहती है। बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कंपनी ने 5 सितंबर को एंकर निवेशकों से 1758 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

**बजाज हाउसिंग आईपीओ डिटेल्स**

बजाज हाउसिंग फाइनेंस अपने आईपीओ के तहत 3560 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू (नए शेयर) जारी करेगी और 3,000 करोड़ रुपये ऑफओएस(ऑफर फॉर सेल) के जरिये जुटाएगी। बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 66 से 70 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इश्यू का लगभग 50% योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए, 15% गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए और बाकी 35% खुदरा निवेशकों १२) के लिए रिजर्व है।

**बजाज हाउसिंग फाइनेंस जीएमपी**

बजाज हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ ग्रे मार्केट में मजबूत लिस्टिंग का संकेत दे रहा है। कंपनी का जीएमपी आठ सितम्बर को 53 रुपये के भाव पर चल रहा है। यह दशार्ता है कि बजाज हाउसिंग फाइनेंस के शेयर मार्केट में 123 रुपये पर लिस्ट हो सकते हैं, जो आईपीओ प्राइस बैंड 70 रुपये के मुकाबले 75.71 प्रतिशत ज्यादा है।

# पीएम विस चुनाव से पहले राज्य को देंगे चार वंदे भारत ट्रेनों की सौगात




**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर आएंगे। वे झारखंड को चार वंदे भारत ट्रेन की सौगात देंगे। वे संताल परगाना से शुरू होने वाली दो वंदे भारत ट्रेनों को जमशेदपुर से हरी झंडी दिखाएंगे। विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री का यह दौरा अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री देवघर से बनारस और गोड्डा से रांची वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। साथ ही एक अन्य ट्रेन, जो कि बिहार के भागलपुर से चलकर पश्चिम बंगाल के हावड़ा जाएगी। यह ट्रेन हंसडीहा और दुमका होते हुए हावड़ा प्रस्थान करेगी। संताल परगना में गुजरने वाली तीन वंदे भारत ट्रेन के शुरू होने से यात्रियों को फायदा होगा। देवघर से बनारस वंदे भारत ट्रेन के परिचालन शुरू होने से लोगों में उत्साह है। बैद्यनाथ धाम से काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के बीच सीधी ट्रेन शुरू हो जाने से श्रद्धालुओं में खुशी है। अब लोग कम समय में बनारस जा सकेंगे। यह ट्रेन देवघर स्टेशन से दोपहर 3:15 बजे खुलेगी और गया के रास्ते बनारस रात 10:20 बजे पहुंचेगी। बनारस से यह ट्रेन सुबह 6:20 बजे खुलेगी और दोपहर 1:30 बजे देवघर पहुंचेगी। गोड्डा के लोगों को पहली वंदे भारत का तोहफा मिलने जा रहा है। इससे पहले गोड्डा से रांची जाने के लिए दो ट्रेनें थीं लेकिन अब वंदे भारत ट्रेन के शुरू होने से यात्रा का समय ठोड़ा कम हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक गोड्डा स्टेशन से दोपहर 3:10 बजे वंदे भारत रांची के लिए खुलेगी, जो कि हसडीहा में 3:48 बजे, दुमका 4:33 बजे, बासुकिनाथ 4:48 बजे, देवघर 5:12 बजे, जसीडीह 5:33 बजे खुलेगी। यह ट्रेन मधुपुर और महेशमुंडा के रास्ते रांची पहुंचेगी। रांची से यह ट्रेन सुबह पांच बजे खुलेगी और दोपहर 2:10 बजे पहुंचेगी। भागलपुर से खुलकर कोलकाता को जाने वाली वंदे भारत ट्रेन दुमका होकर गुजरेगी। यह ट्रेन भागलपुर से दोपहर 3:20 मिनट में खुलेगी और हंसडीहा होते हुए दुमका से शाम 5:20 मिनट में खुलेगी। फिर रामपुरहाट होते हुए रात के 9:20 मिनट में हावड़ा पहुंचेगी। इस ट्रेन से दुमका से कोलकाता का सफर मात्र चार घंटे का रह जाएगा।



## न्यूज बॉक्स

### भाजपा समर्थक कांग्रेस में हुए शामिल



**रांची।** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने महागामा के खिरौंदी स्थित अपने आवास पर बड़ी संख्या में बीजेपी के कई कार्यकर्ताओं और समर्थकों को कांग्रेस में शामिल कराया। सभी को पार्टी सिंबल देकर स्वागत किया और मुंह मीठा कराया। मौके पर मंत्री ने कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि कांग्रेस आप सभी के दुख दर्द में हमेशा साथ खड़ रहेगा और कांग्रेस में आपको पूरा सम्मान मिलेगा।

### आप सबका विश्वास मेरी सबसे बड़ी शक्ति : दीपिका



**रांची।** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह अपने आवास पर एएनएम महिला कर्मियों से मिलकर उनको समान काम का वेतन की मांग, नियमितकरण और बकाए वेतन का जल्द से जल्द भुगतान जैसी अन्य समस्याओं को सुना और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं मंत्री क्षेत्र की जनता के इस प्रेम और विश्वास के लिए सभी को तहे दिल से आभार जताया।

### जदयू के झारखंड प्रभारी ने की चादरपोशी

**रांची।** जदयू के झारखंड प्रभारी और बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ अशोक चौधरी ने रांची के डोरंडा स्थित कुतुबुल अक्ताब झारखंड हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में चादरपोशी की । उन्होंने झारखंड राज्य की खुशहाली की दुआ की। इस दौरान बेलहर के विधायक और जदयू के सह प्रभारी मनोज यादव, जदयू नेता मधुकर सिंह, सागर कुमार, अखिलेश राय एवं महेश्वर चौधरी भी उपस्थित थे। मंत्री और अन्य नेताओं का दरगाह कमेटी के सदर और सेक्रेटरी के जरिये पगड़ी बांध कर इस्तकबाल किया गया।

# आपको किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़े : सीएम हेमंत

## देश के नीति निर्धारकों ने झारखंड पर नहीं दिया कोई ध्यान

- यहां के लोगों को मजदूरी करने के लिए छोड़ दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता। पश्चिमी सिंहभूम**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को गुवा गोलीकांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों में आज भी एक बड़ी आबादी गरीबी की जिंदगी जीने को मजबूर है। यहां वे बिचौलियों-दलालों के चंगुल में फंसे रहते हैं। खाने-पीने के समान से लेकर अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए दलालों से पैसे लेना पड़ जाता है। ऐसे में बिचौलियागिरी खत्म करना हमारा संकल्प है। यही वजह है कि हमारी सरकार ग्रामीण व्यवस्था को मजबूत करने के मकसद से कई योजनाएं लेकर आई है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में हर घर में एक लाख रुपये हर वर्ष पहुंचानेने का काम हमारी सरकार करेगी ताकि आपको किसी से कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-दुनिया में झारखंड की पहचान सोने के चिड़िया के रूप में है। यहां खनिज-संसाधनों की प्रचुरता है लेकिन यहां के आदिवासी-मूलवासी आज तक पिछड़े हैं। इसकी साफ वजह है कि देश के नीति-निर्धारकों की नजर में झारखंड की कभी अहमियत नहीं रही। यहां के लोगों को मजदूरी करने के लिए छोड़ दिया गया। वे रोजी-रोटी की खातिर हमेशा पलायन करने को मजबूर रहे। झारखंड को किस कदर दरकिनार किया गया। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी इस राज्य का एक लाख 36 हजार करोड रुपये केंद्र पर बकाया है। यदि यह पैसा हमें मिल जाए तो झारखंड की दशा और दिशा पूरी तरह बदल देंगे।

**बेटी हमारी बोझ नहीं मजबूत सम्पति बनेंगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां हमारी बोझ नहीं मजबूत संपत्ति बनेंगी। अपनी बहन-बेटियों के सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपनी बेटियों को जरूर पढ़ाएं। पढ़ाई पर होने वाले खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार बच्चियों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपनी बहन-बेटियों की तकलीफ और दुःख-दर्द से भलीभांति वाकिफ हैं। ऐसे में उन्हें कैसे आगे बढ़ाएं, इस पर सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से आधी आबादी को सशक्त बना रहे हैं।

**77 योजनाओं की रखी गई आधारशिला, 19 का उद्घाटन**

मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में 201 करोड़ 83 लाख 6 हजार 547 रुपये की लागत से 96 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 153 करोड़ 33 लाख 3 हजार 847 रुपये की 77 योजनाओं की नींव रखी गयी, वहीं 48 करोड़ 50 लाख 2 हजार 650 रुपये की 19 योजनाओं का उद्घाटन हुआ।

# राज्य सरकार की उदासीनता से बिजली समस्या : मंत्री

> देश की जीडीपी में कोल इंडिया की 10 प्रतिशत की सहभागिता है



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे एक दिवसीय दौरे पर रविवार को धनबाद पहुंचे। अपने दौरे के दौरान वो सबसे पहले कोयला नगर स्थित बीसीसीएल मुख्यालय के समीप बने शहीद स्मारक पर पहुंच उन्होंने शहीदों को नमन किया। इसके बाद उन्हें बीसीसीएल की तरफ से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री बीसीसीएल के कोयला खदानों को देखने निकल गए। वो बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र के अग्निप्रभावित क्षेत्र बाँसजोड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता सहित बीसीसीएल के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। अग्निप्रभावित क्षेत्र बाँसजोड़ा के निरीक्षण के बाद केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री का काफिला बीसीसीएल के अत्याधुनिक खदान मुनीडीह पहंचा। यहां अंडरग्राउंड माइंस के निरीक्षण से पूर्व कोयला मंत्री ने सुरक्षा के मद्देनजर ड्रेसअप किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश की जीडीपी में कोल इंडिया की 10 प्रतिशत की सहभागिता है। कोल इंडिया दिन प्रतिदिन विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि कोल इंडिया के कोयला से पूरा देश रौशन है, लेकिन झारखंड में बिजली की समस्या यथावत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार बिजली खरीद ही नहीं पाती, जिस पावर सेक्टर से बिजली खरीदना है, उसे झारखंड सरकार समय पर पेमेंट ही नहीं कर पाती है। ऐसे में बिजली का आना-जाना, बिजली कटना जैसी समस्याएं लगी रहती हैं। केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री ने कहा कि कोल इंडिया के पास इस प्रदेश के विकास के लिए भी राशि है।

## अफसर, एमएलए व मंत्री की जांच का मामला

# जांच से पहले केंद्रीय एजेंसियों को लेनी होगी राज्य सरकार से अनुमति

- कैबिनेट सेक्रेटरी वंदना दादेल ने जारी किया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गृह विभाग की जगह अब मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग केंद्रीय जांच एजेंसियों से जुड़े मामलों को देखेगा। डीएसपीई एक्ट की धारा 5 और धारा 6 के मामलों को छोड़ कर केंद्रीय जांच एजेंसियों से जुड़े सभी मामले देखने की जिम्मेदारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को दे दी गई है।

कैबिनेट सेक्रेटरी वंदना दादेल ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक, सीबीआई, इनकम टैक्स सहित अन्य जांच एजेंसियों से जुड़े मामलों के लिए मंत्रिमंडल विभाग को नोडल डिपार्टमेंट बनाया गया है। कैबिनेट की बैठक में राज्य की कार्यपालिका नियमावली 2000 में संशोधन की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। इसके तहत अब ईडी, सीबीआई समेत अन्य जांच एजेंसियों को झारखंड के किसी भी अफसर, एमएलए या मंत्री के खिलाफ जांच करने से पहले राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। झारखंड सरकार ने नियमावली में संशोधन कर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को शक्ति प्रदान करते हुए उसे कानूनी रूप दे दिया है। ज्ञात हो कि सीबीआई डीएसपीई एक्ट 1946 से नियंत्रित होती है। इस कानून की धारा पांच के अनुसार राज्य सरकार से संबंधित किसी मामले में जांच करने के लिए सीबीआई को राज्य सरकार की अनुमति प्राप्त करनी होगी। ईडी पीएमएलए एक्ट से नियंत्रित होती है। अब तक कई राज्यों ने सीबीआई की एंट्री पर प्रतिबंध लगा रखा है।

# झारखंड में वकीलों की पेंशन योजना से असंतुष्ट हैं अधिवक्ता और विपक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन ने वकीलों को मिलने वाली पेंशन राशि में बढ़ोतरी की है। वकीलों को पहले सात हजार रुपये मिलता था, जिसे अब 14 हजार रुपये कर दिया है। वहीं राज्य सरकार ने बताया कि झारखंड ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने कहा कि एडवोकेट वेल्फेयर फंड में मुवक्किल का पैसा होता है। कोर्ट टिकट की खरीद पर पहले मुवक्किल से 2.5 रुपये, फिर 5 रुपए उसके बाद 15 रुपए हुए और अब 30 रुपए हो गया है। इसी पैसे से वकीलों को पेंशन मिलता है। सरकार का इसमें कुछ भी अंशदान नहीं रहता है। ऐसे में सरकार कुछ अलग से भी घोषणा करे। उन्होंने कहा कि सरकार ने 14 हजार रुपये पेंशन देने की घोषणा की है लेकिन किसको मिलेगा यह स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि अब राज्य में हालात यह हो गया है कि कोर्ट टिकट भी नहीं मिल रहा है। दूसरे राज्यों से टिकट मंगाना पड़ रहा है। ऐसे में उक्त रेवेन्यू वहां की सरकार को जा रहा है। सरकार को यह बताना चाहिए कि पिछले 5 सालों में कितने टिकट बिके हैं।

**वहीं,**

भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जी वकीलों को ठगने के लिए लॉलीपॉप दिखाया गया है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की वकीलों के लिए कुल राशि राज्य सरकार द्वारा 9 करोड़ का स्वीकृति दे दी गयी। इसमें 6000 रुपया प्रति अधिवक्ता बतौर अनुदान झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति को सरकार देगी। अब सवाल यह उठता है की झारखंड के कुल वकील 33000 से अधिक हैं और उक्त 9 करोड़ को 6000 प्रति अधिवक्ता के हिसाब से 15000 वकीलों मे ही समाप्त हो जायेगा। इसका अर्थ यह हुआ की आधा वकील राज्य सरकार का लाभ ले पाएंगे और आधा वकील इंतजार करेंगे। सरकार वकीलों को दो फाड़ में बांटकर फुट डालो और शासन करो की नियत से उक्त घोषणा की है। जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि झारखंड के वकीलों के संगठनों ने इस योजना पर खुशी जाहिर की है। पहले झारखंड के वकीलों को एडवोकेट वेल्फेयर फंड से 7000 मिलता था। अब 14000 रुपए मिलेगा। इससे झारखंड के 32000 वकीलों को लाभ मिलेगा। ये लाभ उन वकीलों को मिलेगा जिनका उम्र अधिक हो गया हो या किसी कारण वश अपना लाइसेंस जमा कर दिए हों।

# रिम्स में जूनियर रेजीडेंट से छेड़छाड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स में रविवार को जूनियर रेजीडेंट नॉन एकेडमिक के साथ लिफ्ट में छेड़खानी की घटना सामने आई है। आरोपी को तत्काल पकड़कर रिम्स के कंट्रोल रूम को सौंप दिया गया है। वहीं कंट्रोल रूम से बरियातू थाना भेज दिया गया है। इस बीच नॉन एकेडमिक जूनियर डॉक्टरों ने पेन डाउन स्ट्राइक कर दिया है। जिससे एक बार फिर से मरीजों के सामने समस्या खड़ी हो सकती है।

**क्या है पूरा मामला**

एक जूनियर रेजीडेंट ऑन्कोलॉजी विभाग को लिफ्ट में परेशान किया गया जब वह ड्यूटी पर रिपोर्ट करने जा रही थी। छेड़छाड़ करने वाले

**पेनडाउन स्ट्राइक**



अपराधी को समय रहते पकड़ने के बाद उसे इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम में भेज दिया गया। जहां से उसे बरियातू थाना भेजा गया। वहीं रिम्स की ओर से इंस्टीट्यूशनल एफआईआर प्रक्रिया की जा रही है। वहीं एचओडी डॉ अजीत का पत्र एएमएस को भेजा गया है।

**ये कर रहे मांग**

- सभी लिफ्टों में लिफ्टमैन की उपस्थिति।
- एक मरीज एक अटेंडेंट की नीति जिस पर पहले ही चर्चा की गई थी और अभी भी सभी विभागों में लागू नहीं हुई है।
- गार्डों की संख्या में वृद्धि की जाए क्योंकि वर्तमान संख्या अपर्याप्त है। कम से कम 4 गार्ड, प्रत्येक वार्ड में 2 (वर्तमान में 1 गार्ड ग्राउंड में, 1 ओपीडी में और 1 तीसरी मंजिल-ऑन्कोलॉजी वार्ड में तैनात है)।

## पृष्ठ एक का शेष

**उत्पाद सिपाही दौड़ में...**

कम रहने के कारण बात नहीं बन पा रही है। किंतु इसके विपरीत हाईटेक टेक्नोलॉजी से इन दो स्थानों पर ब्रिज बनाने की प्रक्रिया पर जल्द बात शुरू करूंगा।

**सवाल : विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष में भाजपा से सबसे सशक्त उम्मीदवार के बारे में आपकी क्या राय है?**

जवाबः देखिए, यह ऐसा विषय जिस पर कुछ भी नहीं बोला जा सकता है। पार्टी अपना सर्वे करवा रही है। जिसे सशक्त उम्मीदवार मानेगी, उसे टिकट मिलेगा। यहां किसी की नहीं चलती। किसी का भी टिकट कट सकती है। एक कार्यकर्ता को भी मौका मिल सकता है।

**शहीदों के आदर्श...**

आदिवासी का खून जमीन पर गिरता है, उतने ही आदिवासी वीर पैदा लेते हैं। आदिवासी संघर्षों से बिखरता नहीं है बल्कि और मजबूत होकर सामने आता है । मैं इस बात को दावे के साथ कर सकता हूं कि जिस तरह लंबी लड़ाई के बाद झारखंड अलग राज्य लिया, उसी तरह इस राज्य को और मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं।

**सरकार गठन के साथ चुनौतियां आती रहीं, फिर भी विकास को दिया रफ्तार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में हमारी सरकार के गठन के साथी बड़ी-बड़ी चुनौतियां हमारे सामने आती रहीं। एक तरफ कोरोना की वजह से झारखंड समेत पूरी पूरी वैश्विक व्यवस्था ठप हो गई थी। ऐसे समय में भी हमारी सरकार ने जीवन-आजीविका को बचाने का कार्य किया। इसके बाद भी चुनौतियां कम नहीं हुई। पिछले दो वर्षों में सुखाड़ हमारे हमारे लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय बना रहा लेकिन इन विपरीत परिस्थितियों के बीच भी राज्य सरकार की योजनाएं शानदार तरीके से धरातल पर उतर रही हैं और विकास का नया आयाम गढ़ा जा रहा है।

**पाकिस्तान आतंकवाद प्रायोजित करना...**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की इस बयान के लिए कड़ी आलोचना की कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या वह चाहते थे कि अफजल गुरु को माला पहनाई जाए? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह पहली बार रामबन आए हैं, लेकिन लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है। 10 साल बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। पूरा देश इस चुनाव के नतीजों पर नजर रख रहा है। मैं हाल ही में अमेरिका गया था और वहां प्रवासी भारतीयों ने मुझसे पूछा कि इन चुनावों में क्या होगा।

### चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट का न्यास बोर्ड से निबंधन

**रांची।** चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट च्चंद्रवंशी भवन में नंदकिशोर राम की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। बैठक में नंद किशोर राम ने कहा कि चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट का निबंधन झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड से करवा दिया गया है। झारखंड राज्य हिंदू न्यास बोर्ड द्वारा 11 सदस्यीय कमेटी बनाई गई। इसमें नंदकिशोर राम अध्यक्ष, सुरेश वर्मा व राम कुमार वर्मा उपाध्यक्ष, दीपक कुमार वर्मा सचिव, रामकृष्णा राम कोषाध्यक्ष और आत्माराम वर्मा अंकेक्षक बनाए गए।

## असम के मुख्यमंत्री से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

# झारखंड से असम गए आदिवासियों से सरकार सौतेला व्यवहार ना करे : ललित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू (बृहत झारखंड) के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विस्वा सरमा से मुलाकात करेंगे। वहीं असम में रह रहे झारखंड के आदिवासियों को असम सरकार पूर्ण रूप से आदिवासी (अनुसूचित जन जाति) का दर्जा देने की मांग रखेंगे।



ज्ञात हो कि देश का किसी भी राज्य का निवासी देश का किसी भी राज्य में जाता है तो उसका जाति और धर्म वही रहता है। हां राज्य सरकार के अधीनस्थ ये अधिकार है कि वह (राज्य सरकार) किस जाति को किस श्रेणी में रखे। झारखंड से असम गए आदिवासियों पर असम सरकार सौतेला व्यवहार ना करे उसे टी ट्राइब (चाय बागान में काम करने वाले आदिवासी) ना कहे अब ट्राइब (अनुसूचित जन जाति) कहलाएं। इसी प्रस्ताव/मांग को लेकर मिलेंगे।

ज्ञात हो कि असम और झारखंड का रिश्ता बहुत पुराना है । और ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) के तर्ज पर ही ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) बनाया गया था। और सदियों से असम और झारखंड के लोग सगे संबंधी भी रहे हैं और रिश्ता आज भी बरकरार है। और ये संबंध बना रहे।

# आहार पत्रिका में एक पैसे की गड़बड़ी भी प्रमाणित करें बन्ना : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/जमशेदपुर**



विधायक सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता को चुनौती दी कि वे आहार पत्रिका प्रकाशन के मामले में एक पैसे की भी गड़बड़ी प्रमाणित कर दें। उल्टे उन्होंने एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ चल रहे मानहानि केस में उनसे गवाही देने के लिए जाने की चुनौती दी। वे रविवार को बन्ना गुप्ता के प्रेस कांफ्रेंस के दो घंटे बाद अपने बिष्टूपुर स्थित कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिलसिलेवार ढंग से बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत आहार पत्रिका का प्रकाशन होना था। उन्होंने तत्कालीन खाद्य आपूर्ति मंत्री के रूप में सूचना जनसंपर्क से उसकी दर ली और पत्रिका प्रकाशन का आदेश दिया। इसके लिए एक योग्य संपादक रखने की बात थी। उसे 70 हजार से एक लाख रुपए दिए जाने थे। परंतु उनके निजी सचिव आनंद कुमार पूर्व संपादक थे, इसलिए उन्हें ही कार्यकारी संपादक का दायित्व सौंपा, ताकि बिना अतिरिक्त खर्च के काम हो सके। तीन महीने यह काम चला। इसके बाद विभाग में डॉ. अमिताभ कौशल सचिव बने और उन्होंने पूर्व के अंकों सहित आगे के लिए यह काम टेंडर से कराने का सुझाव दिया, जिसे उन्होंने मान लिया।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस राज्य के सभी जिलों में 10 से 13 सितंबर तक जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आम जनता की समस्या सुनी जायेगी और उनकी मदद की जायेगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय से कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 21 जिलों में आईजी और डीआईजी रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्त किया है। इनमें आईजी मनोज कौशिक को रांची, आईजी प्रभात कुमार को खूंटी, आईजी असीम विक्रांत मिंज को सिमडेगा, आईजी अखिलेश झा को गुमला, आईजी पंकज कंबोज को हजारीबाग, आईजी माइकल राज एस को बोकारो, आईजी नरेंद्र सिंह को पलामू ,आईजी राजकुमार लकड़ा को लातेहार, आईजी एवी होमकर को रामगढ़, आईजी ए विजयालक्ष्मी को देवघर, आईजी क्रांति गड़देशी को साहिबगंज, डीआईजी सुनील भास्कर को गिरिडीह, डीआईजी सुरेंद्र झा को धनबाद, डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल को कोडरमा, डीआईजी अनूप बिरथरे को लोहरदगा, डीआईजी कार्तिक एस को चतरा, डीआईजी वाई एस रमेश को गढ़वा, डीआईजी इंद्रजीत महथा को दुमका, डीआईजी शैलेंद्र वर्नवाल को गोड्डा, डीआईजी संजीव कुमार को पाकुड, आईजी शैलेंद्र सिन्हा को जामताड़ा जिला शामिल है। प्रतिनियुक्त अधिकारी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश का सही से अनुपालन कर रहे या नहीं इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। डीआईजी अनूप बिरथरे ने रविवार को बताया कि डीजीपी की पहल पर झारखंड पुलिस की ओर से यह बेहद अनूठी पहल की जा रही है। इसमें 10 सितंबर से राज्य के 24 जिलों में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हर जिले में एक मोबाइल नंबर, एक व्हाट्सएप नंबर और एक ईमेल आईडी जारी किया गया है। डीआईजी ने बताया कि हर जगह पर इलाके से या पुलिस मुख्यालय से एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हर जिला मुख्यालय जाएंगे। लोगों की शिकायतें ऑफलाइन भी जमा होंगी और इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि आप जो भी शिकायत करेंगे, आपको उसकी पावती रसीद दी जाएगी। इसके साथ एक नंबर भी दिया जाएगा, जिसके जरिए आम जनता यह पता लगा सकेगी कि उनकी शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई है।

> मॉनीटरिंग के लिए आईजी-डीआईजी प्रतिनियुक्त

### बिजली कर्मियों को छह फीसद ऊर्जा भत्ता देने की मांग

**रांची।** झारखंड विद्युत डिप्लोमा अभियंता संघ ने रविवार को कोकर में महामंत्री अजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक कर सभी बिजलीकर्मियों को 6% ऊर्जा भत्ता देने और कनीय विद्युत अभियंता सामान्य से सहायक विद्युत अभियंता व सहायक विद्युत अभियंता से विद्युत कार्यपालक अभियंता में पदोन्नति की मांग की। निर्णय हुआ कि सरकार व विभागीय स्तर पर डिप्लोमा अभियंताओं की मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## दिल्ली पहुंचे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस, आज पीएम से मिलेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर रविवार को नई दिल्ली पहुंच गए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हवाई अड्डे पर अतिथियों का स्वागत किया। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के रूप में जायद अल नाहयान की यह पहली भारत यात्रा है। इस यात्रा में उनके साथ संयुक्त अरब अमीरात सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे। क्राउन प्रिंस सोमवार को एक व्यापारिक फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के उद्योग जगत की शीर्ष हस्तियां शामिल होंगी। विदेश मंत्रालय ने पहले कहा था, ''भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हाल के वर्षों में भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी राजनीतिक, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में गहरी हुई है। क्राउन प्रिंस की यात्रा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी तथा नए उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के रास्ते खोलेगी।'' जनवरी में, यूएई के राष्ट्रपति और सुल्तान मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भारत का दौरा किया था और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी चर्चाओं के दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों की खोज की। उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण में भी भाग लिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, वर्ष 2022 में भारत-यूएई व्यापार बढ़कर 85 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जिससे वित्त वर्ष 2022-23 में यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बन गया। वहीं, यूएई के लिए भारत दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।



## एनईपी को नहीं अपनाने वाले राज्य करें पुनर्विचार : धनखड़

**नई दिल्ली ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को सभी लोगों से कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने उन राज्यों से अपील की जिन्होंने अभी तक नई शिक्षा नीति (एनईपी) को नहीं अपनाया है। उन्होंने कहा कि वे अपने रुख पर पुनर्विचार करें। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि नई शिक्षा नीति देश के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कहा, यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे युवाओं को उनकी प्रतिभा और ऊर्जा का पूरा दोहन करने का अधिकार देती है, जिसमें सभी भाषाओं को उचित महत्व दिया गया है। देश के संस्थानों को कलंकित और अपमानित करने वाले लोगों के प्रति आगाह करते हुए धनखड़ ने उन गुमराह लोगों को रास्ता दिखाने का आग्रह किया जो भारत के प्रभावशाली विकास को स्वीकार करने में सक्षम नहीं हैं।

# अगले 20 वर्ष में मंगल में बसाएंगे शहर : एलन मस्क

एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने रविवार को कहा कि मंगल ग्रह पर पहला अनक्रूड स्टारशिप मिशन दो साल में लॉन्च किया जाएगा। स्टारशिप दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इसका उपयोग इंसानों को चंद्रमा और फिर अंत में मंगल ग्रह पर भेजने के लिए किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में टेक अरबपति ने कहा, मंगल ग्रह पर पहला स्टारशिप दो साल में लॉन्च होगा। मंगल ग्रह पर लैंडिंग की विश्वसनीयता का परीक्षण करने के लिए इन्हें शामिल किया जाएगा। अगर लैंडिंग अच्छी रही, तो मंगल ग्रह पर पहले क्रू की उड़ान उड़ान चार साल में होगी।



> *लगभग 20 वर्षों में एक शहर बनाने का लक्ष्य है, जो खुद की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। आने वाले वर्षों में किसी ना किसी ग्रह पर मानव जीवन को शुरू करने की तैयारी भी होगी।*

### 02 साल में मंगल ग्रह पर पहला स्टारशिप मिशन लॉन्च करने का लक्ष्य

उन्होंने आगे कहा, लगभग 20 वर्षों में एक शहर बनाने का लक्ष्य है, जो खुद की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। आने वाले वर्षों में किसी ना किसी ग्रह पर मानव जीवन को शुरू करने की तैयारी भी होगी। मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने पहली पूरी तरह से रियूज होने वाली रॉकेट का निर्माण किया है। इससे स्पेश मिशन पर आने वाले खर्चों में काफी कमी आएगी। मस्क ने आगे बताया, मंगल ग्रह पर चुनौतीपूर्ण माहौल है। मानव के लिए स्थितियां उचित नहीं है। इसके बावजूद हम आने वाले सालों में ऐसा करने में सक्षम हो सकते हैं, इसके लिए हमें मौजूदा तकनीक को 10 हजार गुना बेहतर करने की जरूरत होगी।

# कुकी उग्रवादियों से समझौता रद्द कर आर-पार की कार्रवाई करे केंद्र

एजेंसी



मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह

- राज्यपाल से मुलाकात कर अभियान को सशक्त बनाने के लिए यूनिफाइड कमांड गठित करने की मांग
- अनुच्छेद 355 का प्रयोग कर केंद्र सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह अपने हाथ में लेकर नियंत्रित करे

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर राज्य की कानून व्यवस्थ की स्थिति से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कुकी उग्रवादी समूहों के साथ किए गए युद्धविराम समझौता (एसओओ) को निरस्त कर आर-पार की कार्रवाई शुरू करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कूकी उग्रवादी अत्याधुनिक हथियारों, रॉकेट मिसाइलों तथा ड्रोन जैसे शस्त्रों का प्रयोग कर सामान्य नागरिकों तथा सुरक्षा बलों पर हमला कर रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार चाहे तो संविधान के अनुच्छेद 355 का प्रयोग कर केंद्र सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह अपने हाथ में लेकर नियंत्रित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में यूनिफाइड कमांड गठित करने की आवश्यकता है, ताकि अभियान को कारगर तरीके से चलाया जा सके। दरअसल, कूकी उग्रवादी समूहों के साथ वर्ष 2008 में यह त्रि-पक्षीय समझौता किया गया था। हालांकि, इस समझौते की मियाद चालू वर्ष के फरवरी माह में समाप्त हो चुकी है। सरकार ने इसका फिर से नवीकरण नहीं किया है। बीरेन सिंह ने कहा कि अभियान को और अधिक कारगर बनाने के लिए एकल नेतृत्व की आवश्यकता है। समेकित रूप से सुरक्षा बलों के अभियान चलाने के बाद ही स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है।

उल्लेखनीय के मणिपुर में लगातार जारी हिंसा के बीच शनिवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने सहयोगी दलों तथा पार्टी विधायकों एवं नेताओं को बुलाकर अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपने की घोषणा की थी। बाद में केंद्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने से रोका। मुख्यमंत्री कल से लेकर आज तक कई दौर की बैठकें कर चुके हैं। इन बैठकों में मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस सप्ताह रूस जायेंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस सप्ताह रूस की यात्रा करेंगे। भारत रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। इसी संदर्भ में डोभाल रूस जायेंगे। सूत्रों ने विदेश से जुड़े नए घटनाक्रम की पुष्टि की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में यूक्रेन की यात्रा की थी। उन्होंने संघर्ष समाप्ति में भारत की भूमिका को लेकर सकारात्मक पहल का वादा किया था। इससे पहले वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर रूस गए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यूक्रेन यात्रा के बाद राष्ट्रपति पुतिन से बातचीत की थी।



## विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर तीन देशों की छह दिनों की यात्रा पर हुए रवाना

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को सऊदी अरब, जर्मनी और स्विट्जरलैंड की छह दिनों की यात्रा पर रवाना हो गए। यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय व वैश्विक चुनौतियों पर विचार साझा करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, डॉ. जयशंकर सबसे पहले भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए दो दिन रियाद में रहेंगे। जीसीसी प्रभावशाली समूह है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर और कुवैत शामिल हैं। इसके बाद विदेश मंत्री 10 से 11 सितंबर तक दो दिनों की यात्रा पर बर्लिन जाएंगे। तीसरे व अंतिम चरण में वे 12 से 13 सितंबर तक जिनेवा का दौरा करेंगे, जहां वे वैश्विक संगठनों के प्रमुखों व प्रतिनिधियों से मिलेंगे।

## लोग देर तक गलत तरीके से बैठ अपनी डिस्क कोलेप्स कर रहे

आरपी सिंह

> **40** साल के लोगों में 50%, 50 साल में 60%,60 साल में 84% लोगों को डिस्क कोलेप्स की समस्या
>
> **40** साल की उम्र में 68%, 60 साल में 88% , 80 साल में 96%लोगों को डिस्क डिजनरेशन

**नई दिल्ली।** यदि आपके रीढ़ या कमर व बांह आदि में लंबे समय से दर्द है, तो लापरवाही नहीं करें। लापरवाही करने पर यह दिव्यांगता का कारण भी बन सकता है। इस संबंध में विश्व के बड़े संस्थानों में जो सर्वे हुए हैं , आँकड़ा आया है , उसके अनुसार 13 में से एक व्यक्ति में देर - देर तक काम के लिए बैठने, खराब मुद्रा में बैठने, बैठने वाले फर्नीचर के डिजाइन सहित कई दूसरे कारण से इस तरह के दर्द बढ़ रहे हैं। इसके मरीज बढ़ रहे हैं। हालत यह है कि वर्ष 1990 के बाद से लोगों में पीठ दर्द की समस्या में 60 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

इस बारे में डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के फिजियोथेरेपी विभाग की प्रमुख डॉ. पूजा सेठी का कहना है कि 90 प्रतिशत लोगों में पीठ दर्द का कोई कारण नहीं हो सकता। केवल दस प्रतिशत मामलों में जोड़, मांसपेशी, लिगामेंट, डिस्क व दूसरे कारणों से समस्या होती है। उन्होंने कहा कि दर्द होने के बाद एक्स-रे या एमआरआई करने से भी कारण का पता नहीं चलता। इसका कारण तो हड्डी रोग के डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट जांच के बाद पहचान सकते हैं। ऐसे दर्द का कारण पहचाने के लिए विशेषज्ञों ने 33 अध्ययनों का विश्लेषण किया। इसके बाद ऐसे लोगों की एमआरआई करवाई जिन्हें दर्द नहीं था। अध्ययन के परिणाम से विशेषज्ञ भी परेशान हो गए। इसमें 40 साल के लोगों में भी 50 प्रतिशत, 50 साल में 60 प्रतिशत और 60 साल की उम्र में 84 प्रतिशत लोगों को डिस्क कोलेप्स की समस्या पाई गई। जबकि मरीज में पीठ दर्द के कोई लक्षण नहीं थे। वहीं अध्ययन में 40 साल की उम्र में 68 प्रतिशत में, 60 साल में 88 प्रतिशत लोगों को और 80 साल में 96 प्रतिशत लोगों को डिस्क डिजनरेशन की समस्या पाई गई ।डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में आने वाले मरीजों को आधुनिक मशीन की मदद से उपचार किया जा रहा है। इसमें अल्ट्रासोनिक, लेजर सहित अन्य शामिल हैं। इसके बाद कमर दर्द वापस न लौटे इसके लिए कई व्यायाम बताते हैं। इसमें कोबरा पोज, कैमल पोज सहित अन्य व्यायाम शामिल हैं।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** कमर्शियल पायलट वह होते हैं जो एयरलाइन कंपनियों के किसी खास प्लेन को उड़ाता है। हालांकि इसके लिए एयरलाइन अथॉरिटी से कमर्शियल पायलट का सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले को इन्हे उड़ाने की अनुमति होती है। आमतौर पर, कमर्शियल एयरलाइंस कम से कम दो व्यक्तियों को पायलट क्रू के रूप में नियुक्त करती हैं, अर्थात एक कैपिटन और पहला अफसर या को-पायलट।

# कमर्शियल पायलट में बना सकते हैं अपना करियर

### कमर्शियल पायलट बनना क्यों चुनें

- एक पायलट बनने के बाद व्यक्ति का अनुभव बहुत ही अलग होता है। उसे दुनिया का एक अलग और सबसे खूबसूरत दृश्य देखने को मिलता है। उसे आकाश में उड़ने का नया अनुभव प्राप्त होता है।
- एक पायलट रूप में व्यक्ति कई विभिन्न जगहों पर जाता है फिर चाहे वह अपने देश में हो या विदेश में, अर्थात उन्हें दुनिया भर में घूमने का अवसर प्राप्त होता है।
- कमर्शियल पायलट बहुत मेहनत करते हैं, यही वजह है कि एयरलाइंस आमतौर पर 30 दिनों की छुट्टी से लेकर एक साल में 60 दिनों की छुट्टी तक के कई अवकाश प्रदान करती हैं।
- पायलट का वेतन इंडियन एयरफोर्स में लगभग 86-90 हजार प्रति माह तक हो सकता है। सर्विस में अनुभव होने के बाद या प्रोन्नति होने के बाद 1.5-2 लाख के आसपास सैलरी मिलती है।

### कमर्शियल पायलट बनने के लिए स्किल्स

- अच्छा आईक्यू
- समस्या को सुलझाने की क्षमता
- उत्तम नेत्र ज्योति
- टीम वर्क स्किल
- मजबूत फोकस और मल्टीटास्किंग
- शारीरिक रूप से फिट
- निर्णय लेने का क्षमता
- कम्युनिकेशन स्किल
- लीडरशिप

### कमर्शियल पायलट

- बनने के लिए कोर्सेज
- एयर नेवीगेशन
- मांस एंड बैलेंस एरोप्लेन
- परफारमेंस
- फ्लाइट प्लानिंग एंड मॉनिटरिंग
- रेडियो नेविगेशन
- इंस्ट्रूमेंटेशन
- एविएशन मिट्रीरियोलॉजी
- एयर रेगुलेशन
- ह्यूमन परफॉर्मेंस
- कम्युनिकेशंस
- एयरक्राफ्ट एंड इंजन

### कमर्शियल पायलट बनने के लिए भारतीय कॉलेज

- इंदिरा गांधी नैशनल फ्लाइंग अकादमी
- बॉम्बे फ्लाइंग क्लब
- राजीव गांधी एकेडमी ऑफ एविएशन टेक्नोलॉजी
- मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब
- नैशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट
- अहमदाबाद एविएशन एंड एरोनॉटिक्स लिमिटेड
- सीएई ऑक्सफोर्ड एविएशन अकादमी
- इंडिगो कैडेट ट्रेनिंग प्रोग्राम
- गवर्नमेंट एविएशन ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट
- पुडुचेरी ठाकुर कॉलेज ऑफ एविएशन
- गवर्नमेंट फ्लाइंग क्लब
- ओरिएंट फ्लाइंग स्कूल
- एविएशन एंड एविएशन सेफ्टी इंस्टिट्यूट



